CMYK CMYK

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, सोमवार, 13 जनवरी 2025 ◆ वर्ष : 17 ◆ अंक : 355 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.



शुरू हुई अक्षय की फिल्म 'भूत बंगला' की शुटिंग...
पेज -09

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2025

## हमें विकसित देश बनने से कोई नहीं रोक सकता : पीएम मोदी

### नई दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित हुआ कार्यक्रम





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार (12 जनवरी) को भारत मंडपम में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के नौजवानों के साथ उनका परम मित्र वाला नाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश की युवा शक्ति का सामर्थ्य ही भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा। भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज आपसे बात करते हुए मैं विकसित भारत की एक तस्वीर भी देख रहा हूं। विकसित भारत में हम क्या देखना चाहते हैं?



कैसा भारत देखना चाहते हैं? जहां अच्छी कमाई और अच्छी पढ़ाई करने के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे। क्या हम केवल बोलने से ही विकसित हो जाएंगे? जब हमारे हर फैसले की कसौटी एक ही होगी, विकसित भारत। जब हमारे हर कदम की दिशा एक ही होगी, विकसित भारत तो दुनिया की कोई भी शक्ति हमें विकसित होने से नहीं रोक पाएगी।

### 'दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत'

*मुझे विश्वास है वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करेगा। बीते 10 वर्षों में देश ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला, जिस रफ्तार से हम चल रहे हैं तो वो दिन भी दूर नहीं है जब पूरा भारत गरीबी से मुक्त होगा।*

### 'तय समय से पहले लक्ष्य प्राप्त कर रहा भारत'

*आज कितने ही सेक्टर में भारत अपने लक्ष्यों को तय समय से भी पहले हासिल करके दिखा रहा है। पीएम मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, 1930 के दशक में अमेरिका भीषण आर्थिक संकट में फंस गया था, तब अमेरिका की जनता ने ठाना कि हमें इससे बाहर निकलना है और तेज गति से आगे बढ़ना है। उन्होंने उसका रास्ता चुना और अमेरिका न सिर्फ उस संकट से निकला, बल्कि उसने विकास की रफ्तार को कई गुना तेज करके दिखाया।*

» बिड़ला ऑडिटोरियम में रोजगार उत्सव, लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित

## भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हमारी प्रमुख प्राथमिकताः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार देकर उनके सपनों को साकार कर रही है। साथ ही, युवाओं में कौशल और उद्यमिता का विकास कर उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रही है, जिससे वे विकसित राजस्थान के लक्ष्य में अपना सक्रिय योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को समय पर पूरा करने और सरल बनाने के लिए कई नीतिगत निर्णय लिए हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को बिडला ऑडिटोरियम में आयोजित चतुर्थ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि युवा शक्ति परिवर्तन की वाहक होने के साथ ही परिवर्तन की लाभार्थी भी है। युवाओं को यह तय करने का अधिकार है कि विकसित भारत कैसा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गत 10 वर्षों में देश में अभूतपूर्व परिवर्तन आए हैं। 1893 में स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। आज हमारे प्रधानमंत्री उनकी बात को चरितार्थ कर रहे हैं। शेष पृष्ठ 5 पर

### » मुख्यमंत्री ने 30,907 करोड़ के 76,574 कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास



### » असफलता मजबूरी नहीं, मजबूती

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने राष्ट्र को राह दिखाने का कार्य किया और देश में अध्यात्म और संस्कृति को बढ़ावा दिया। आज देश उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मना रहा है। यह दिन हर युवा के लिए नई प्रेरणा और नए संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का युवाओं को संदेश था कि असफलता स्वाभाविक है। यदि आप एक हजार बार भी असफल होते हो तो एक बार फिर प्रयत्न करो। मुख्यमंत्री ने कहा असफलता मजबूरी नहीं मजबूती होती है।

### पेपरलीक पर सख्त कार्रवाई से युवाओं को मिला न्याय

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में युवाओं की उम्मीदों को पूरा करने वाला माहौल तैयार किया है। राज्य में पारदर्शिता से भर्तियां हो रही हैं और परिश्रमी एवं योग्य युवा तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में पेपरलीक की घटनाओं और समय पर परीक्षाओं का आयोजन नहीं होने से युवाओं के साथ अन्याय हुआ। लेकिन हमारी सरकार ने एसआईटी का गठन कर पेपरलीक माफिया पर सख्त कार्रवाई की। यह लड़ाई सिर्फएक सुधार की नहीं, बल्कि हमारे युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की है। हम युवाओं को रोजगार देकर उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### रवींद्र चव्हाण महाराष्ट्र बीजेपी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बने



**मुंबई।** बीजेपी ने रवींद्र चव्हाण को महाराष्ट्र का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। रवींद्र, डोंबिवली क्षेत्र से विधायक हैं और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के करीबी माने जाते हैं। पहले महायुति सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उनकी यह नियुक्ति चंद्रशेखर बावनकुले के महायुति सरकार में मंत्री बनने के बाद हुई है।

### चेक गणराज्य में छह लोगों की मौत

**प्राग।** चेक गणराज्य के उत्तरी हिस्से में एक रेस्तरां में भीषण आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गई है। जबकि छह अन्य गंभीर रूप से झुलस गए हैं। इन सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने रविवार को इस घटना के बारे में मीडिया से जानकारी साझा की है। इस आग में राहत और बचाव दलों ने कम से कम 30 लोगों को सुरक्षित बचा लिया।

### कई क्षेत्रों में बड़े निवेश को तैयार सिंगापुर

**सिंगापुर।** सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्री ली सीन लूंग ने कहा कि भारत विकास कर रहा है और सिंगापुर दक्षिण एशिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के कई अवसर देख रहा है।



सिंगापुर स्वास्थ्य देखभाल के साथ-साथ डिजिटल और ग्रीन इकानमी जैसे क्षेत्रों की खोज के साथ-साथ द्विपक्षीय व्यापार, कौशल प्रशिक्षण और फिनटेक जैसे मोर्चों पर सहयोग बढ़ाने के अवसर देख रहा है।

76वां गणतंत्र दिवस समारोह

### इंडोनेशियाई राष्ट्रपति होंगे चीफ गेस्ट




**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के चीफ गेस्ट होंगे। भारत गणतंत्र दिवस पर हर साल किसी न किसी राष्ट्राध्यक्ष को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित करता है। 2024 में भारत ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया था। इससे पहले 2023 में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी चीफ गेस्ट थे।

## राजस्थान में मावठ के बाद सर्दी के तेवर तीखे





### » कई इलाकों में छाया कोहरा, सड़कों पर आवाजाही हुई कम

### » लोगों को करना पड़ा सर्द हवाओं और कम विज़िबिलिटी का सामना

**जयपुर।** सर्दियों की दस्तक के साथ गुलाबी नगरी जयपुर कोहरे की घनी चादर में लिपटी नजर आ रही है। ठंड ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं, और शहरवासियों को सुबह-सुबह सर्द हवाओं और कम विज़िबिलिटी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार सुबह जयपुर में कोहरे की परत इतनी घनी थी कि सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। विज़िबिलिटी घटकर 50-100 मीटर तक रह गई, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक कोहरे का यह सिलसिला जारी रहने की संभावना है। ठंड और कोहरे के इस मौसम ने एक ओर जहां लोगों को गर्म कपड़ों में दुबकने पर मजबूर कर दिया, वहीं दूसरी ओर सुबह की चाय और मूंगफली का आनंद बढ़ा दिया है। हालांकि, इस घने कोहरे ने हवाई और रेल यातायात पर भी असर डाला है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि कोहरे का कारण उत्तरी भारत से आ रही सर्द हवाएं और कम तापमान है। आने वाले दिनों में तापमान और गिरावट दर्ज की जा सकती है। शहरवासियों को सलाह दी गई है कि यात्रा के दौरान सतर्कता बरतें और कोहरे में वाहन चलाते समय फॉग लाइट्स का इस्तेमाल करें।

नागौर में भी घने कोहरा छाया रहा। मावठ के बाद घने कोहरे और सर्दी के तेवर भी तीखे हो गए है। विजिबिलिटी कम होने के कारण सड़कों पर आवाजाही कम हुई है। कोहरे से तापमान में गिरावट, तापमान के गिरने से ठिठुरन बढ़ने लगी है। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के बाहर अलाव का सहारा ले रहे है। चाय की दुकानों पर भी लोगों का जमघट लगा है।

### » ब्यावर में सर्दी का सितम

ब्यावर में सर्दी का सितम जारी है। शनिवार को हुई मावठ के बाद रविवार को शहर घने कोहरे की आगोश में रहा। सर्द हवाओं ने शहरवासियों की धूजणी छुड़ा दी। कोहरे और सर्द हवाओं के चलते जन जीवन प्रभावित हो रहा।

### » घने कोहरे का आलम

जैसलमेर में घने कोहरे का आलम देखने को मिला। मावठ के बाद घने कोहरे और सर्दी के तेवर भी तीखे हो गए है। विजिबिलिटी कम होने के कारण सड़कों पर आवाजाही कम हुई है। कोहरे से तापमान में गिरावट, तापमान के गिरने से ठिठुरन बढ़ने लगी है।

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों में मुठभेड़, पांच नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को फोर्स ने 2 महिला नक्सली समेत 5 नक्सलियों को मार गिराया है। घटनास्थल से पांचों के शव के साथ एसएलआर और राइफल बरामद किए गए हैं। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। घटना मद्देड़ इलाके के बन्देपारा क्षेत्र की है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नेशनल पार्क एरिया कमेटी के माओवादियों को रविवार सुबह से जवानों ने घेर रखा था। सुबह से बंदेपारा-कोरंजेड़ के जंगल में शाम 3-4 बजे तक रुक-रुककर फायरिंग चली। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एक एसएलआर राइफल, 12 बोर बंदूक, 2 सिंगल शॉट बंदूक, एक बीजीएल लॉन्चर, 1 देशी बंदूक के साथ विस्फोटक, नक्सल साहित्य और नक्सली सामग्री बरामद की गई है।

## छत्तीसगढ़ में अडानी करेंगे 75,000 करोड़ का निवेश

### बैठक में रक्षा उपकरण निर्माण, डेटा सेंटर और एक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर की स्थापना पर भी हुई चर्चा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी के बीच हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में राज्य के विकास के लिए 75,000 करोड़ रुपए के निवेश का ऐलान किया गया। यह निवेश राज्य की औद्योगिक और सामाजिक प्रगति को नई दिशा देने वाला साबित होगा। अडानी ग्रुप ने रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में अपने पावर प्लांट्स के विस्तार के लिए 60,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बनाई है। इस निवेश से छत्तीसगढ़ की विद्युत उत्पादन क्षमता में 6,120 मेगावाट की वृद्धि होगी, जिससे राज्य ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बन सकेगा। इसके साथ ही, ग्रुप ने राज्य में अपने सीमेंट प्लांट्स के विस्तार के लिए 5,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की घोषणा की है। यह निवेश राज्य के औद्योगिक ढांचे को और मजबूत बनाएगा।

अडानी फाउंडेशन ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और पर्यटन के क्षेत्र में अगले चार वर्षों में 10,000 करोड़ रुपए खर्च करने का वादा किया है। इस पहल का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना और युवाओं को नए अवसर प्रदान करना है। शेष पृष्ठ 5 पर

प्रयागराज महाकुंभ 2025

## अस्थायी अस्पताल में होगा मुफ्त इलाज

### यूपी सरकार और रायबरेली एम्स ने मिलकर बनाया अस्थायी अस्पताल



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की शुरुआत 13 जनवरी से हो रही है। इस मेले में लगभग 50 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद है। ऐसे में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य के लिए यूपी सरकार और एम्स रायबरेली ने मिलकर एक अस्थायी अस्पताल बनाया है। यह अस्पताल सेक्टर 20 के एक बड़े इलाके में बनाया गया है और इसमें सभी जरूरी सुविधाएं मौजूद हैं।

इस अस्पताल को रायबरेली एम्स के डॉक्टर एमएस के तौर पर हेड कर रहे हैं। इस अस्पताल में सभी सुविधाएं है। साधु-संत, पुरुष, महिलाएं, बच्चों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं हैं। इस अस्पताल में पहले रजिस्ट्रेशन डेस्क है, जहां लाइन लगाकर साधु संत या श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके बाद दूसरी डेस्क पर बॉडी पैरामीटर्स जैसे बीपी, शुगर, ऑक्सीजन लेवल आदि की जांच होती है।

### बच्चों-महिलाओं को एक्सपर्ट डाक्टर

ओपीडी में दो डाक्टर हैं। बच्चों के लिए अलग से एक्सपर्ट हैं। महिलाओं के लिए महिला डाक्टर हैं और ड्रेसिंग रूम भी है। जनरल वार्ड भी बनाया गया है और महिलाओं के लिए अलग से वार्ड है। डेंटल डॉक्टर से लेकर, माइनर ऑपेरेशन थिएटर तक हर तरह की सुविधाएं मौजूद हैं। यह अस्पताल तीन दिन पहले शुरू हुआ है। धीरे-धीरे इसमें डाक्टरों की संख्या बढ़ेगी और अन्य व्यवस्थाएं भी जुड़ेंगी। इस अस्पताल में पूरी तरह से मुफ्त इलाज मिलेगा और दवाइयां भी बिना किसी शुल्क के दी जाएंगी।

## उत्तराखंड के प्रवासी हमारे ब्रांड एंबेसडर : सीएम धामी

### देहरादून में पहले अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन आयोजित



### 17 देशों से पहुंचे लोगों ने की शिरकत

**देहरादून।** देहरादून में रविवार (12 जनवरी) प्रथम अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 17 देशों से आए प्रवासी उत्तराखंडियों ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'उत्तराखंड के प्रवासी हमारे ब्रांड एंबेसडर' हैं। उनकी प्रतिभा और अनुभव का लाभ राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मिलेगा। उत्तराखंड के विकास में प्रवासियों की भागीदारी सुनिश्चित करने और उनके अनुभवों का लाभ उठाने के उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विदेशों में बसे उत्तराखंडियों को अपनी जड़ों से जोड़ना और राज्य के विकास के लिए उनके अनुभव, सुझाव और निवेशों की संभावनाओं पर चर्चा करना है। शेष पृष्ठ 5 पर

## अमेरिका जाएंगे विदेश मंत्री एस जयशंकर

### डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका जाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। भारत सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर जयशंकर शामिल होंगे। डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। आपको बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में 20 जनवरी को शपथ ग्रहण लेंगे। दुनियाभर से बड़े नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। भारत की तरफ से विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए भारत सरकार को निमंत्रण दिया। जयशंकर अपने दौरे के दौरान ट्रंप प्रशासन से भी मुलाकात कर सकते है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की प्रतिष्ठित 'ट्रैवल लिस्ट 2025'

## 52 पर्यटन स्थलों की सूची में असम टॉप 5 पर

### दुनिया में भारत के पर्यटक स्थलों ने जमाई धाक



**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर का 'प्रवेश द्वार' कहे जाने वाले असम ने हाल ही में न्यूयॉर्क टाइम्स की प्रतिष्ठित 'ट्रैवल लिस्ट 2025' में पर्यटकों के घूमने लायक दुनिया की 52 खास जगहों में चौथा स्थान हासिल किया है। ब्रह्मपुत्र नदी का बहता जल, घने वन और चाय बागानों के साथ ही 'बायो डायवर्सिटी' की खासियत असम को अलग ही प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करती है। यही कारण रहा कि पर्यटन के लिए दुनिया की 52 खास जगहों में से असम को न्यूयॉर्क टाइम्स की सूची में चौथा स्थान मिला है। असम ने दुनिया के कई प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को टक्कर दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार असम ने गैलापागोस आईलैंड, न्यूयॉर्क सिटी म्यूजियम जैसे स्थानों को टक्कर दी है। असम को हरे-भरे चाय बागानों और जीवंत संस्कृति की भूमि कहा गया है। यूरोपीय शहर जेन ऑस्टेन अव्वल रहा, जो अपनी समृद्ध वास्तुकला और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम है।

CMYK CMYK

▸ प्रजापति वेलफेयर संस्थान सुमेरपुर का आयोजन

# 'प्रतिस्पर्धा के युग में प्रतिभाओं के प्रोत्साहन को सम्मान जरूरी'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** सुंधा माता तिराहा स्थित मारू प्रजापति समाज छात्रावास में समस्त प्रजापति वेलफेयर संस्थान (सुमेरपुर) के तत्वावधान में रविवार को प्रजापति समाज का पहला प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान व मोटिवेशन समारोह का आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती व श्रीयादे माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। बालिका गूंजन, विशाखा, शिल्पा व विधि ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। समारोह में जालोर, पाली, सिरोही व सांचौर जिले की विभिन्न क्षेत्र में समाज का नाम रौशन करने वाली 600 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। तवाव के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार, श्रीनाथ हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ किरण कुमार, नरपतकुमार आर्य ने समाज के आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए शिक्षा को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश प्रतिस्पर्धा का युग है। इसलिए प्रतिभाओं को प्रोत्साहन के लिए सम्मान जरूरी है। ऐसे आयोजन से समाज की प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। समारोह में बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन ललित बड़वाल सुमेरपुर व मूंगाराम आबुआ कोड सांचौर ने किया गया।








### समारोह में यह रहे अतिथि

*समारोह में मारू प्रजापति समाज छात्रावास जसवंतपुरा अध्यक्ष नगाराम प्रजापत, समस्त प्रजापति आरोग्य सेवा समिति अहमदाबाद अध्यक्ष हरीभाई डोरडा, समाज के प्रमुख कपूराराम प्रजापत, सांचौरी मारू प्रजापत समाज अध्यक्ष किशनलाल, राजस्थान कुम्हार कुमावत प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल हरमू, विक्रमकुमार व्याख्याता, लेखक कवि दशरथ प्रजापति पथमेड़ा, कानाराम ऐनिया साफाड़ा, जसवंतपुरा के समाजसेवी मोडाराम प्रजापत, खंगाराम प्रजापत वाडा, आहोर पालिकाध्यक्ष सुजाराम प्रजापत, समाजसेवी भंवरलाल पोटर, जसवंतभाई प्रजापत व मादाराम रानीवाड़ा बतौर अतिथि समारोह में शरीक हुए। इस दौरान संस्थान की ओर से भामाशाह एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग करने वालों का भी सम्मान किया गया।*

### वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन

समारोह में वार्षिक कैलेंडर 2025 का समस्त अतिथियों, भामाशाहों व समाज बंधुओं द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर भोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया। बेहतरीन व्यवस्थाओं के लिए कमेटियों का गठन किया गया था।

### इनका रहा सान्निध्य

*संयोजक ललित मेड़तिया एडवोकेट सुमेरपुर, सचिव रमेश मुलेवा, कोषाध्यक्ष प्रकाश जालोरा शिवगंज, उपाध्यक्ष महेन्द्र राठौड़ एडवोकेट जालोर, दिनेश ओसवाल जालोर, प्रशांत मालवीया भीनमाल, दिनेश परिहार, राजेश मालवीया शिवगंज, सुरेश परमार, छगन रामिणा सुमेरपुर, रमेश प्रजापत एडवोकेट सांचौर, मलाराम सुथाना, ओमप्रकाश केरिया, विष्णु टांक पिण्डवाड़ा, गिरीशकुमार मंडोरा, दिलीपकुमार मूंगथला, बाबूलाल जसवंतपुरा, विजय प्रजापत रामसीन, भीखाराम पावटी, वगताराम, भरतकुमार, नवाराम फेदानी सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।*

# पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब के 500 कार्टन बरामद, एक गिरफ्तार

▸ शराब की बाजार कीमत करीब 40 लाख रुपए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** पुलिस ने शनिवार रात को एक बड़ी कार्रवाई कर मिनी ट्रक से पंजाब निर्मित विभिन्न ब्रॉण्ड की शराब के 500 कार्टन बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी महेन्द्रसिंह ने बताया कि सिराणा टोल के पास पुलिस एवं डीएसटी टीम की ओर से नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान एक मिनी ट्रक को रुकवाकर उसकी जांच की गई। जिसमें प्लास्टिक कट्टों में ऊनी कंबल के नीचे पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्रॉण्ड की शराब के कुल 500 कार्टन पाए गए। पुलिस ने कार्टन व मिनी ट्रक जब्त कर जालोर जिले के बागाड़ो क्षेत्र के रंगाला निवासी आरोपी कोहलाराम पुत्र निम्बाराम जाट को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से शराब की खरीद-फरोख्त एवं इनसे जुड़े अन्य आरोपियों के सम्बंध में अनुसंधान किया जा रहा है।



### बोतलों पर घीसे मिले बैच नंबर

बरामद अंग्रेजी शराब की बाजार कीमत करीब 40 लाख रुपए आंकी गई है। शराब बोतलों पर बैच नम्बर घीसे मिले। जिनकी जांच वृताधिकारी जालोर एवं थानाधिकारी सायला द्वारा की जा रही है। पूर्व में भी भारतमाला से सायला पुलिस द्वारा 307 अंग्रेजी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की थी। यह शराब प्रथम दृष्टया पूछताछ से पंजाब से गुजरात राज्य ले जाना ज्ञात हुआ है।

### पुलिस टीम में यह रहे शामिल

थानाधिकारी महेन्द्रसिंह के साथ कार्रवाई में हैड कांस्टेबल बाबूलाल, कांस्टेबल लक्ष्मणराम, गणपतलाल, सांवलाराम, शेरसिंह, संदीपकुमार, मनीषकुमार, जगदीश चौधरी, आसुराम, लेखराज, प्रकाश बुरडक, सीताराम, धर्मपाल, पुलिस निरीक्षक देवेन्द्रसिंह डीएसटी सांचौर, कांस्टेबल मांगाराम, जगराम, अशोककुमार, हनुमानराम, कुलदीपसिंह, उम्मेदसिंह शामिल थे। कांस्टेबल मांगाराम की विशेष भूमिका रही।

## डोडा पोस्त बरामद, एक गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** पुलिस ने एक युवक से 3 किलोग्राम 549 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी हुकमाराम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रायमल कॉलोनी सांचौर स्थित हाडेतरा हाल रायमल कॉलोनी निवासी रामनिवास पुत्र लाडूराम उर्फ लाधूराम विश्नोई के मकान की तलाशी ली गई। 3 किलोग्राम 549 ग्राम डोडा पोस्त एवं डोडा चूरा बरामद हुआ। इस पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## युवा कांग्रेस ने शुरू किया पोस्ट कार्ड अभियान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिले को निरस्त करने के बाद युवा कांग्रेस ने प्रदेश महासचिव गौरव सारण के नेतृत्व में पोस्ट कार्ड अभियान शुरू किया गया। शिव मंदिर होथीगांव के दर्शन कर शिवपूरा से अभियान की शुरूआत की गई। पहले दिन होथीगांव ग्राम पंचायत के शिवपुरा, सिलोसन व कोलियों की गढ़ी में पोस्ट कार्ड अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान में पंचायत के लोगों ने पोस्ट कार्ड में भजनलाल सरकार से सांचौर जिले को तत्काल बहाल करने की मांग की। सागरदान चारण, कुलदीप देसाई, भावेश भोपाजी, समरथाराम देवासी, कानाराम माली, केवलाराम गवारिया, वकीलराम, गणपत, अनवर खान एवं अखाराम सेन आदि मौजूद थे।

## बालिकाओं को वितरित की साइकिलें



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** लुंबा की ढाणी स्थित राउमावि में महंत गुलाबराम महाराज के सान्निध्य एवं विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष लच्छाराम चौधरी की अध्यक्षता में साइकिल वितरित की गई। अध्यक्ष चौधरी ने राज्य सरकार की बालिकाओं को शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए साइकिल वितरण योजना की सराहना की। कस्तूराराम, गीगाराम, धूखाराम, नगाराम, सावलाराम, मगाराम, छगनाराम, दलाराम, हीराराम, प्रधानाध्यापक दुर्गसिंह, अशोक जीनगर, विजयपाल कुमार, आशाराम, सीमा आदि मौजूद थे।

## असली सोने की बजाय नकली आभूषण थमाने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** बिशनगढ़ में गृह क्लेश दूर करने के नाम पर जादू टोना कर असली सोने के आभूषण बदलकर नकली आभूषण थमा कर ठगी करने के मामले में पुलिस ने तीन जनों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव ने बताया कि इस गंभीर वारदात के खुलासे को लेकर एएसपी मोटाराम गोदारा एवं वृताधिकारी गौतमकुमार जैन के सुपरविजन में थानाधिकारी पन्नालाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की। आरोपी के मोबाइल नम्बरों की लोकेशन तथा सीसीटीवी फुटेज के आशार पर रेडी डूंगरगढ़ बीकानेर निवासी दीपक भार्गव पुत्र उदाराम भार्गव, नाथू तालाब सुजानगढ़ चूरु निवासी कुलदीप पुत्र प्रेमचन्द भार्गव तथा राणासर चूरू निवासी मुकेश पुत्र बद्रीप्रसाद भार्गव को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक कार भी जब्त की। पुलिस के अनुसार आरोपियों से की गई पुछताछ में वारदात में शामिल फरार सह आरोपी नारायण पुत्र मनोज भार्गव, विष्णु पुत्र सुभाष भार्गव की तलाश जारी है।



### यूं दिया वारदात को अंजाम

थानाधिकारी ने बताया कि धोरा ढाणी उम्मेदाबाद निवासी जयंतीदेवी पुत्री जामताराम राजपुरोहित ने शनिवार को रिपोर्ट देकर बताया कि उसके सोशल मीडिया पर एक जने ने रिक्वेस्ट भेजकर अपने आप को पंडित बताकर गृह क्लेश निस्तारण की बात कही। जिस पर वह उसकी बातों में आने पर शुक्रवार को मोबाइल से फोन आया तथा एक टोटका बताते हुए आरोपी ने कहा कि एक लाल कपड़े में 5 सोने की चीजे बांधकर ताम्बे के कलश पर बांधकर कमरे में रख देना। उसके कहे अनुसार जयंती ने यह काम कर दिया। इसके बाद आरोपी ने सोने को शुद्ध करने के लिए दूसरे दिन आने का बोला। इसके बाद दूसरे दिन फिर से फोन आया ही हम पांच जने घर आएंगे और गृह क्लेश दूर करने के लिए पूजा करेंगे। इसके बाद पांच जने घर आए उसमें से दो जने घर के अंदर आए तथा तीन जने घर के बाहर खड़े रहे। एक व्यक्ति ने शुद्ध पानी का लौटा तथा किया गया टोटका मंगवाया। इस पर जयंती ने पानी और टोटका उसे दे दिया। उसके बाद उस आदमी ने सभी को बाहर जाने का बोला। इसके बाद उसने असली आभूषण ले लिए और नकली आभूषण लोटे के ऊपर रख दिए और यह बात किसी को नहीं बताने का कहा। इसके बाद सभी वहां से रवाना हो गए। एक घंटे बाद जयंती ने गहने देखे तो सभी नकली थे।

# 'युवाओं को रोजगार देने कृत संकल्पित है राज्य सरकार'

▸ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय समारोह

▸ 168 नवचयनित कार्मिकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने जालोर जिले के नवचयनित 168 कार्मिकों को युवा दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सेवा और समर्पण भाव से अपने कर्तव्य व दायित्व का निर्वहन करते हुए कार्य करें। वे जालोर क्लब में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवचयनित कार्मिकों से कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के ियान्वयन में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका हैं। अतः आमजन के हितार्थ अपने-अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन करें। समारोह के दौरान बिड़ला ऑडिटोरियम जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण भी देखा गया। जिला स्तरीय समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा कनिष्ठ लेखाकार, टीआरए, कांस्टेबल, सीएचओ के पदों पर चयनित हुए 168 कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। समारोह में जिला कलक्टर प्रदीप के. गवांडे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा उपस्थित रहे। कार्य म का संचालन निशा कुट्टी ने किया। इस अवसर पर कोषाधिकारी गिरधारीराम गोदारा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रमाशंकर भारती, विद्युत निगम के एक्सइएन शंकरलाल सुथार, जिला रोजगार अधिकारी ललित मेवाड़ा, अतिरिक्त कोषाधिकारी संदीप कुमार, सहायक लेखाधिकारी पीराराम सोनी, सुरेश टेलर सहित जनप्रतिनिधि-अधिकारी एवं नवचयनित अभ्यर्थी उपस्थित रहे।



## मंदिर विकास समिति की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** सिद्धि विनायक मन्दिर विकास समिति की बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गई। जिसमें विकास कार्य करवाने के प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में किशनलाल कारपेंटर के भारतीय जीवन बीमा से सेवानिवृत्त होने पर मन्दिर विकास समिति की ओर से सम्मा न किया गया। अध्यक्ष हरीसिंह सोलकी ने बताया कि मंदिर के विकास कार्य में किशनलाल की अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

## प्रतिभा खोज परीक्षा में शरीक हुए 509 अभ्यर्थी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** देवासी संकल्प सेवा संस्थान के तत्वावधान में करियर गाइडेंस शिविर व राज्य स्तरीय जेतेश्वर ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा का मां शारदा विद्या मंदिर सांचौर में आयोजन किया गया। जिसमें देवासी समाज के 509 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्था द्वारा जालोर जिले के 7 ब्लॉक में परीक्षा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता व भामाशाह डॉ. नरसीराम देवासी ने प्रतिभाओं को विषय व कार्य आधारित लक्ष्य की ओर मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सतत अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। राजकुमार गुड़ामालानी ने योग्यतानुसार सीयूइटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तेजाराम एवं छोगाराम ने परीक्षा के बारे में मार्गदर्शन किया। गुलाब कुमावत ने विद्यालय विषय चयन के बारे में समझाया।



## अभिनंदन पत्र सौंप सीएम का जताया आभार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राज्य सरकार द्वारा नवीन जिलों को समाप्त कर बागोड़ा उपखंड को पुन जालोर जिले में शामिल करने पर बागोड़ा उपखंड संघर्ष समिति के पदाधिकारियों, पूर्व प्रधान धुखाराम राजपुरोहित, नादियां सरपंच हिंगलाजदान चारण व भाजपा नेता पुखराज बगोटी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से उनके आवास पर मुलाकात कर अभिनंदन पत्र सौंप आभार प्रकट किया गया।

# किसानों की समस्या समाधान में विफल रही प्रदेश सरकार : यादव





▸ अखिल भारतीय किसान कांग्रेस की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** मलकेश्वर मठ में रविवार को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राजस्थान प्रदेश प्रभारी सत्यवीर यादव एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शिवभगवान नागा की उपस्थिति में किसान कांग्रेस संगठन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। प्रदेश प्रभारी यादव ने कहा कि प्रदेश में किसानों की समस्याओं का समाधान करने में राज्य की भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही है। राजस्थान में किसानों को समय पर बिजली, सिंचाई के लिए पानी, खाद इत्यादि पूरी तरह नहीं मिल रहा है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नागा ने कहा कि राज्य की भजनलाल सरकार ने विगत एक वर्ष में एक भी कार्य ऐसा नहीं किया जो किसान हित में हो। पूर्वर्ती गहलोत सरकार ने किसानों के लिए प्रदेश में ऐतिहासिक कार्य किए थे। जिन्हें प्रदेश के किसान आज भी याद करते हैं। उन्होंने ने कहा कि जालोर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जवाई नदी को पुनर्जीवित करने का वादा करके गए थे। लेकिन, आज उनकी राज्य में सरकार है उसके बावजूद जालोर में किसानों को कई दिनों तक धरना प्रदर्शन करना पड़ा। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने जवाई बांध के पुनर्भरण के लिए ठोस कार्य किए थे। लेकिन, सरकार बदलने के बाद अभी तक उस पर कोई कार्य नही किया गया।

### आंदोलन के बाद भी मिला सिर्फ आश्वासन : पाराशर

जन अभियोग निराकरण समिति पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि पूर्व की गहलोत सरकार ने जालोर के किसानों के हित कई योजनाओं को स्वीकृति कर उनका कार्य प्रारंभ किया था। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण सरकार बदलने से भाजपा की राज्य सरकार राजनीतिक द्वेषभाव पूर्ण उन योजनाओं को रोक कर बैठी है। गहलोत सरकार ने जवाई बांध पुनर्भरण योजना के तहत 2554 करोड़ रुपए स्वीकृति कर 3000 करोड़ की योजना लागू की थी। जिसके तहत ठोस कार्य पूर्ण होकर जालोर के किसानों को फायदा मिलता। परंतु विधायक, सांसद, राज्य में सरकार, केंद्र में सरकार, पड़ोसी राज्य गुजरात में भाजपा की सरकार होने के बाद भी जालोर के किसानों को आंदोलन करने के बाद भी सिर्फ आश्वासन ही दिए। ऐसे में किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है।

### इन्होंने भी किया सम्बोधित

किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैतानसिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, प्रदेश महासचिव नैनसिंह राजपुरोहित, सरोज चौधरी आहोर, रमिला मेघवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल, ईशराराम विश्नोई, सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपालसिंह ने भी सम्बोधित किया। संचालन कांग्रेस जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह कुम्पावत ने किया।

### यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला महासचिव सूरजसिंह सुराणा, पूर्व प्रधान पदमाराम सरगरा, जुल्फिकार अली भुट्टो, हिमांशु शर्मा, आसूराम देवासी, मंडल अध्यक्ष पीरसिंह मालपुरा, मदनलाल दहिया, गोपाल देवासी, महेंद्रपालसिंह पोषाणा, कुशालसिंह राजपुरोहित, ओबीसी जिलाध्यक्ष चुन्नीलाल गहलोत, सुष्मिता गर्ग, शीला चौधरी, सोनाराम मेघवाल, बस्तीमल चौहान, लालसिंह राजपुरोहित, धूड़ाराम पटेल, किशनाराम चौधरी, गीताश्री, जुझाराम चौधरी, महेंद्र सोनगरा, उम्मेदसिंह चारण, ओमप्रकाश चौधरी, इरफान खान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मणिहारी व फुटवियर एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** मणिहारी एवं फुटवियर एसोसिएशन भीनमाल की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में संरक्षक नवलकिशोर राठी, अध्यक्ष भोपालसिंह दुधवा, उपाध्यक्ष दिनेश लखारा, राजू चौधरी, महासचिव चेतन गहलोत, कोषाध्यक्ष पीयूष राठी, मीडिया प्रभारी ललित होंडा, सहसचिव भंवर जीनगर, सलाहकार भंवर दहिया, रमेश लखारा, घेवरचंद जैन, डॉ नरेश सुखाड़िया, डॉ गोपाल वैष्णव, विष्णु वैष्णव को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।

# विवेकानंद की 163वीं जयंतीः युवाओं को दिलाया उनकी विचारधारा का संकल्प



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर समेत जिलेभर में रविवार को स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। जिला मुख्यालय पर भाजपा की ओर से स्वामी विवेकानंद उद्यान में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण जयंती को युवा दिवस के रुप में मनाया।

वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विश्व को भारत की संस्कृति और सभ्यता से परिचित करवाया। जिन्होंने शिकागो में अपने व्यक्तित्व की पहचान अपने हिदी में दिए गए भाषण से अंग्रेजों को करवाई। स्वामी विवेकानंद की संपूर्ण जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी देकर कहा कि आज के युवाओं को विवेकानंद के संदेशों से शिक्षा लेने की जरूरत है। क्योंकि, विवेकानंद ने भारत के युवाओं को यह संदेश दिया कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जागृत रहो। भाजपा नगर मीडिया प्रभारी अमृत सुथार ने बताया की भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरुण ओझा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नारायण देवासी, नगर मंडल अध्यक्ष चिराग रावल, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिपाल चारण, महामंत्री प्रकाश पटेल, रामलाल परिहार, बाबूसिंह माकरोड़ा,गीता पुरोहित, राजेंद्रसिंह चौहान, शंकरसिंह परिहार, कैलाश मेघवाल, प्रकाश मेघवाल, मणी बाई, चुनीलाल पटेल, रामेश्वर कंसारा, खेताराम माली, लुबाराम राणा, महेन्द्र परिहार, नारायण माली, विकाश रावल एवं घन्यशयामसिंह आदि मौजूद थे। उधर, गांधीपार्क में योग संस्थान समिति की ओर से स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस को युवा दिवस के रुप में उत्साहपूर्वक मनाया । सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी गणपतसिंह देवड़ा ने विवेकानन्द के जन्म चरित्र पर प्रकाश डाला। शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पूर्व संभाग संगठन मंत्री गोपालसिंह राव ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को सुनाया। योग प्रशिक्षक भीकसिंह भाटी, योग गुरू डॉ गौरव गहोई, जय विक्रम हरण, सईराम विश्नोई ने भी विचार व्यक्त किए।



## युवा अपनी ऊर्जा का सही दिशा में करें उपयोगः मीणा









केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से राष्ट्रीय युवा दिवस व सड़क सुरक्षा सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद मीणा, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी गणपतसिंह देवड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता भीकसिंह भाटी के आतिथ्य में आयोजित किया गया। प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि युवा ही समाज में परिवर्तन लाने की सबसे बड़ी शक्ति है। यह दिन आत्म अनुशासन, जिम्मेदारी और आध्यात्मिक जागरूकता जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करता है। सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी देवड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं में छुपी हुई क्षमता को पहचानने और उसे देश के हित में उपयोग करने का अवसर है। देवड़ा ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सड़क पर गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट पहनने, टू व्हीलर के उपयोग के दौरान हेलमेट के उपयोग करने के नियमों की पालना के साथ अपना ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी व वाहन बीमा इत्यादि साथ रखने की अपील की गई। केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रभारी अधिकारी फूलचंद गहलोत ने कहा कि भारत देश की ज्यादातर आबादी युवा है और किसी भी देश का भविष्य उसके युवाओं पर ही निर्भर करता है। गहलोत ने वाहन चलाते वक्त दुर्घटना से बचने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों के तहत वाहन की गति सीमा का ध्यान रखने, मोबाइल फोन के उपयोग न करने व पैदल यात्री को जेबरा क्रॉसिंग, फुटपाथ इत्यादि का उपयोग करने की अपील की। योग गुरु व सामाजिक कार्यकर्ता भाटी ने कहा की समूचे संसार में अपने विचारों का लोहा मनवाने वाले विवेकानंद को भारत सरकार यूथ आइकॉन के रूप में मानती रही है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की पीजीटी अर्चना ढाका, प्राची शर्मा ने स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। मंच का संचालन अध्यापिका रक्षिता शर्मा ने किया गया। निखिल चोपड़ा, शिखा राजोरिया आदि मौजूद थे। इसके बाद विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।



**सरूपगंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। जिसमें युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में शिवाजी कोचिंग सेंटर पर स्वामी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। नगर अध्यक्ष दिपेश अग्रवाल, नगरमंत्री राहुल सिंदल, जिला समिति सदस्य महेंद्र सुथार, दुष्यंतसिंह, विशाल, पुनित दवे सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**जेकेपुरम।** जेके लक्ष्मी सीमेंट की ओर से राष्ट्रीय यूवा दिवस के उपलक्ष्य में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आदर्श, खारा, बसंतगढ़ एवं रामपुरा की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के शुभारंभ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश प्रजापत ने कहा की यह प्रयास युवाओं को मानसिक के साथ शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के अलावा जीवन में टीम भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड यूनिट हेड के राजेश केसवानी ने कहा कि संस्था युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रयासरत है। फाइनल मैच राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आदर्श और खारा के मध्य खेला गया। जिसमें खारा टीम ने आदर्श को 05 रन से हराकर विजयी प्राप्त की। जेके लक्ष्मी सीमेंट की ओर से प्रतियोगिता के समापन पर विजेता एवं उपविजेता टीम के साथ मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन को ट्रॉफी प्रदान की । इस दौरान संस्था की ओर से युवाओं के लिए रोजगार मेले के रथ का फीता काटकर उद्घाटन भी किया गया । संस्था की ओर से श्रीपति सिंघानिया कौशल केंद्र पर 29 जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोहित सोलंकी, महाप्रबंधक माइंस विभाग, छत्रपालसिंह राठौड़, मिनांकराज चक्रवर्ती, उप महाप्रबंधक एचआर एवं आईआर विनोद शंकर, वरिष्ठ प्रबंधक एचआर एवं आईआर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय प्रकाश गौतम, गणेशराम मीणा, रमेश कुमार, प्रतीकराज सुमन, तरूण पुरोहित, महिपालसिंह, श्रीकांत रावल, राहुल देत्ता एवं अशोक विश्नोई आदि मौजूद थे।



**शिवगंज।** युवाओं के आदर्श, युग पुरूष स्वामी विवेकानंद जयंति को युवा दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान स्वामी विवेकानंद पार्क में पूर्व विधायक संयम लोढा सहित कांग्रेस जनों ने उनकी प्रतिमा को पुष्पहार पहनाकर उनके बताए आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। लोढा ने कहा कि हालांकि रामकृष्ण परमहंस के शिष्य विवेकानंद का जीवन कम ही रहा, लेकिन उन्होंने अपने अल्प जीवनकाल में देशएसमाज और धर्म को जो कुछ दिया वह चिरस्मरणीय रहेगा। लोढा ने कहा कि विवेकानंद जी ने 25 वर्ष की उम्र में ही पैदल पूरे भारत वर्ष की यात्रा की। अपनी भारत यात्रा के दौरान देश में गरीबी और सामाजिक बुराईयों को देख वे काफी विचलित और दुखी हुए और उन्होंने देश को सामाजिक बुराईयों से बाहर निकालने के लिए आध्यात्म की राह थाम ली। नगर कांग्रेस अध्यक्ष हनुवंतसिंह मेडतिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष वजींगराम घांची, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाशराज मीना, दिनेश मीना, चंपालाल तीरगर, पूर्व पार्षद जगवीरसिंह गोहिल, दशरथसिंह, अरविंद परारिया, महेन्द्र वाघेला, रणछोड सेन सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।




**कालन्द्री।** नेहरू युवा मंडल द्वारा युवा दिवस के उपलक्ष में स्वामी विवेकानंद स्मारक पर माला व पुष्प अर्जित किया गया। एवं चित्रकूट धाम हस्तिनापुर कालन्द्री में एक पौधा मां के नाम मंदिर परिसर में लगाया गया। कथा वासक पंडित योगेश मिश्रा ने कथा के जरिये भक्तों को बताया की व्यक्ति कभी कोई उम्र से बड़ा नही होता है। सोच से बड़ा होता है। नेहरू यूवा मंडल अध्यक्ष कालन्द्री हसमुख कुंडला ने विवेकानंद स्वामी के पद चिन्ह पर चल कर देश के उन्नति में योगदान दे। स्वास्थ्य कर्मी प्रभाराम घांची, प्रमोद जोशी, करनीदान चारण, छोटूसिंह, नरपतसिंह आदि मौजूद थे।

## पशु चिकित्सा कार्यों के लिए नोडल अधिकारियों से करें संपर्कः पटेल

» मकर संक्रांति पर पशु चिकित्सालय अलर्ट मोड पर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** पशु पालन विभाग ने मकर संक्रांति पर होने वाली पतंगबाजी से पक्षियों के घायल होने की संभावना के चलते जिले के विभिन्न स्थानों के लिए चिकित्सा दल गठित किए हैं। सिरोही समेत जिले के सभी डिस्पेंसरियों में पशु चिकित्सकों द्वारा घायल पक्षियों के उपचार की व्यवस्था करेंगे। कोई भी व्यक्ति इन केंद्रों पर घायल परिंदे को उपचार के लिए ला सकता है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेन्द्र कुमार पटेल ने मकर सक्रांति को लेकर चाइना मांझा या कांच के मांझे का उपयोग नहीं करें। इसके अलावा सवेरे 6 से 8 एवं शाम को 5 से 7 बजे के दौरान पतंग नहीं उठावें। क्योंकि इस दौरान पंक्षी घोसलों से बाहर आते है और शाम को वापस घर जाते है। ऐसे में किसी पंक्षी को चोट पहुंचती है तो नजदीक के पशु चिकित्सालय में सम्पर्क कर घायल का उपचार करावें। संयुक्त निदेशक पटेल ने कहा कि सिरोही में एसवीओ डॉ. अरूण खत्री उपचार करेंगे। जिनके मोबाइल नम्बर 9079765021, बीवीएचओ कालन्द्री में डॉ. नितेश अरोड़ा-9712476279, बीवीएचओ शिवगंज के एसवीओ डॉ. शिवलाल नोगिया- 9414533729, बीवीएचओ पिण्डवाड़ा के एसवीओ डॉ. चन्द्रशेखर बडगुजर-9521096770, बीवीएचओ देलदर के एसवीओ डॉ. शैलेष प्रजापति-9828424155, बीवीएचओ आबूरोड के एसवीओ डॉ. डीएफ सावलिया -9427391493 तथा बउपचि रेवदर के एसवीओ डॉ. धमेन्द्र पटेल-9413001175 नोडल अधिकारियों को सम्पर्क कर सकते है।

## जिला प्रमुख पुरोहित ने किया 'मंदाक्राता छंद माला' का विमोचन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** साहित्य सृजन मंच एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद सिरोही के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पेंशनर्स समाज भवन में जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित के मुख्य आतिथ्य पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह राठौड की अध्यक्षता तथा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य गुलबाराम गोयल सानिध्य में जीरावल निवासी ख्यातिप्राप्त साहित्यकार छगनलाल गर्ग विज्ञ की नवीनतम पुस्तक 'मंदाक्राता छंद माला' का विमोचन किया गया। डॉ नरेन्द्र कुमार ओझा व डॉ विभा सक्सेना ने हिन्दी साहित्य में छंदो की रचना की जानकारी देकर कविता सुनाई। प्रवीणसिंह सिंदल ने गजल, अवधेश आढ़ा, शिवलाल माली तथा महेन्द्र कुमार मजबूर ने भी काव्य पाठ किया। छगनलाल विज्ञ ने अपनी नवीन रचना की व्याख्या कर छंदों की आत्मा से अवगत कराया। पेंशनर्स समाज अध्यक्ष राठौड़ ने छगनलाल विज्ञ को उनकी नवीन रचना तथा समाज हित में साहित्य सृजन व सामाजिक समरसता



के उनके सतत प्रयास के लिए अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से आभार व्यक्त कर सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन मोहनलाल माली ने किया। इस दौरान आचार्य प्रदीप दवे, रमेशसिंह राठौड, करणसिंह राठौड़, भवानीसिंह चौहान, नरेन्द्रसिंह चौहान, नारायणसिंह भाटी, जयन्तिलाल जोशी, जगदीशसिंह गुर्जर, ओमकारसिंह उदावत, प्रदीपसिंह सिंदल एवं दीपाराम माली समेत 70 साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे ।

## आठ माह से बंद पड़ा टंकी निर्माण कार्य



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झाड़ोली पी।** जल जीवन मिशन के तहत बन रही टंकी का निर्माण कार्य करीब 8 माह से बंद पड़ा हुआ है। यह निर्माण कार्य 10 माह पूर्व शुरू हुआ था। जिस वक्त ग्रामीणों को पानी की समस्या समाधान का पूरा भरोसा हो गया था। मगर टंकी का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आज भी निराशा मिल रही है। क्षेत्र के कई हिस्सों में पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में आज भी लोग हैण्डपंप पर निर्भर है। इसी समस्या को लेकर विधायक से सम्पर्क करने पर जल जीवन मिशन के तहत घर घर पानी योजना में क्षेत्र को बत्तीसा योजना में जोड़कर टंकी निर्माण कार्य शुरू हुआ था। मगर अनदेखी के कारण यह कार्य आठ माह से बंद पड़ा है। समाज सेवी जयवंतसिंह, किसान मोर्चा महामंत्री भरत पुरोहित ने यह मुद्दा सांसद लुम्बाराम को बताकर कार्य शीघ्र शुरू करवाने की मांग की है।

## तिलहन मिशन के तहत 1000 हैक्टेयर में मूंगफली विस्तार की योजना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भारत सरकार के द्वारा तिलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2024-25 से 2030-31 तक की अवधि के लिए नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल तिलहन प्रारंभ किया गया है। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद के संजय तनेजा ने बताया कि मिशन का उद्देश्य रणनीतिक रूप से आयातित खाद्य तेलों पर भारत की निर्भरता को कम करना और घरेलू तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देना है। इसे अर्जित करने के लिए मिशन अन्तर्गत नवाचारों का उपयोग, प्रोद्योगिकि का तेजी से प्रसार, तिलहनी फसलों का लक्षित विस्तार, उन्नत बीजों की उपलब्धता बढ़ाना, किसानो की बाजार तक पहुंच बढ़ाना, द्वितीयक तिलहनों के निष्कर्षण और संग्रहण में सहायता इत्यादि विभिन्न गतिविधियां संपादित की जाएगी। जिला स्तर पर समितियां जिला ऑयल सीड मिशन एवं जिला एग्जीक्यूटिव कमिटी के रूप में होगी। जिसकी अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगी। रेवदर ब्लॉक में 500 हैक्टर में मूंगफली की अधिसूचित प्रमाणित किस्मों के बीजो का 100 प्रतिशत सहायता पर अर्थात निःशुल्क वितरण किया जाएगा। 500 हैक्टर में ही किसानो एक हैक्टर क्षेत्र तक सीमा में क्लस्टर में आयोजित किए जाऐंगे। इससे पूर्व प्रत्येक किसान के खेत की मिट्टी की प्रयोगशाला से होगी निःशुल्क जांच। आगे खरीफ में अरण्डी, तिल, मूंगफली तथा रबी में सरसों तिलहनी फसलो के क्लस्टर गठित कर गतिविधियां ली जाएगी। इसके लिए 15 जनवरी तक इच्छुक एफपीओ/सहकारी संस्थान से आवेदन/प्रस्ताव आमंत्रित किए गए है। वीसीपी को क्लस्टर के भीतर बीज वितरण और प्रशिक्षण पर किए गए कुल खर्च के 1.5 प्रतिशत के बराबर प्रबंधन और आउटरीच सहायता दी जाएगी।





# हर वादा पूरा करेगी सरकार : सीएम

▶▶ महायुति सरकार की चलती रहेगी हर योजना
▶▶ घोषणापत्र के वादे पर अमल करेगी फडणवीस सरकार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई। महाराष्ट्र में लाडकी बहिण योजना एक बार फिर चर्चा में है। इस योजना के तहत राज्य सरकार पात्र महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये मिलते हैं। हालांकि, कई दिनों से यह अफवाह चल रही है कि यह योजना बंद होने वाली है। इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि जनता की भलाई करने वाली कोई भी योजना बंद नहीं हो रही है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि महायुति गठबंधन की तरफ से चुनाव के दौरान जो वादे किए गए थे, वो सभी वादे पूरे किए जाएंगे।**

### नहीं बंद होगी कल्याणकारी योजनाएं

देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ऐसी अफवाहें हैं कि हम लाडकी बहिण योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर देंगे। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि महिलाओं, दलितों और हाशिए पर पड़े लोगों के हित के लिए लागू की गई हर योजना जारी रहेगी। मौजूदा योजनाओं के अलावा, हम अपने घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को भी पूरा करेंगे।



### हर माह मिलेंगे 1500 रुपए

महाराष्ट्र की लाडकी बहिण योजना महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले शुरू की गई थी। इस योजना के जरिए महाराष्ट्र की 21 से 65 साल तक की पात्र महिलाओं को हर महीने राज्य सरकार 1500 रुपये देती है। यह योजना मध्य प्रदेश की लाड़ली बहन योजना की तरह ही है, जिसमें पात्र महिलाओं को हर महीने 1250 रुपये मिलते हैं।

### चुनावी घोषणापत्र में महायुति के वादे

लाडकी बहिन योजना की राशि 1500 से बढ़ाकर 2100 की जाएगी। 25,000 महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती होगी। कृषि ऋण माफ, किसान सम्मान योजना से सालाना 15,000 रुपये। वरिष्ठ नागरिकों को 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये की सहायता। सभी के लिए भोजन और आश्रय। आवश्यक वस्तुओं की कीमतें स्थिर। 45, 000 ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जाएगा। आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं के लिए 15,000 और सुरक्षा कवर। सरकार बनने के बाद 'विजन महाराष्ट्र @2029। बिजली बिल में 30% की कटौती । 25 लाख नौकरियां और 10 लाख छात्रों को हर महीने 10, 000 रुपये दिए जाएंगे।

## ठाणे : पांच मंजिला बिल्डिंग में आग

▶▶ बचाए गए 250 लोग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे शहर में पांच मंजिला इमारत में आग लगने के बाद लगभग 250 निवासियों को बाहर निकाला गया। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख यासीन तडवी ने इस मामले की जानकारी दी है। महाराष्ट्र के ठाणे में श्रीनगर में वागले एस्टेट इलाके में स्थित इमारत में ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कपड़े की दुकान में ये आग लगी। कपड़े धोने की दुकान में करीब पांच ये आग लगी और बताया जा रहा है, रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभी तक किसी के घायल होने की कोई खबर सामने नहीं आई है। अलर्ट होने के बाद स्थानीय अग्निशमन कर्मी और क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन सेल टीम के सदस्य आग बुझाने के अभियान के लिए मौके पर पहुंचे और इमारत में रहने वालों को बाहर निकाला। अधिकारी ने बताया कि आग पर लगभग एक घंटे में काबू पा लिया गया, जिसके बाद लोगों को अपने अपार्टमेंट में लौटने की अनुमति दी गई।



## मुख्य सचिव सुजाता सौनिक का नमन

■ **मुंबई।** जिजाऊ मां और स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर रविवार को मंत्रालय में मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सामान्य प्रशासन विभाग के उपसचिव दिलीप देशपांडे सहित उपस्थित मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## यूक्रेन की महिला ने लगाया हजारों लोगों को चूना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। टोरेस पोंजी घोटाले का मास्टरमाइंड सामने आ चुका है। यूक्रेन की एक महिला समेत दो लोगों ने मिलकर मुंबई में सैकड़ों लोगों से पैसे ठग लिए। टोरेस ज्वेलरी घोटाले की जांच कर रही मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने यूक्रेनी नागरिक आर्टेम और ओलेना स्टोइन की तलाश में जुट चुकी है। पुलिस के मुताबिक, इस घोटाले में इन दो शख्स ने बड़ी भूमिका निभाई है।

**पैसों के लालच में फंसे सैकड़ों लोग**

ठगों ने लोगों को सोने चांदी के निवेश में भारी रिटर्न देने का लालच दिया। लोगों का भरोसा जीतने के लिए अपराधियों ने लकी ड्रॉ पुरस्कार बोलकर 14 लोगों को लग्जरी कार भी दिए। पिछले हफ्ते टोरेस ज्वेलरी चेन के 6 स्टोर्स के बंद हो जाने के बाद कई निवेशकर्ताओं के होश उड़ गए। इसके बाद पुलिस जांच में जुट गई। पिछले साल फरवरी में मैक्सिमम सिटी और उसके आसपास के 6 स्थानों पर टोरेस आउटलेट्स खोले गए। ये आउटलेट्स रत्न, आभूषण बेचते थे। वहीं, ये स्टोर्स बोनस स्कीम देते थे। एक लाख का निवेश करने वाले ग्राहक को 10 हजार रुपए के मोइसानाइट स्टोन वाले पेंडेंट मिलते थे। वहीं, ग्राहकों को 52 हफ्तों में 6 प्रतिशत का ब्याज देने का वादा किया गया था।

## सोलापुर में ट्रेन पर फिर पथराव

▶▶ एक व्यक्ति घायल, 10 दिन में दूसरी घटना
▶▶ मुंबई-चेन्नई एक्सप्रेस को बनाया निशाना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के सोलापुर में एक बार फिर ट्रेन पर पथराव का मामला सामने आया है। दस दिन के भीतर दूसरी बार सोलापुर मंडल में रेलवे पर पथराव की घटना हुई है। इस बार मुंबई-चेन्नई एक्सप्रेस पर पारेवाडी और वाशिम्बे के बीच ट्रेन पर पथराव किया गया है। कुछ दिन पहले वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की घटना सामने आई थी। अभी इस घटना को 10 दिन भी नहीं हुए तब तक मुंबई-चेन्नई एक्सप्रेस पर अज्ञात हमलावरों ने पथराव कर दिया है। महज दस दिनों के अंदर ऐसी घटना होने से आरपीएफ और रेलवे पुलिस की गश्ती पर सवालिया निशान लग गया है। वहीं ट्रेन पर हुए इस पथराव की घटना में विकलांग डिब्बे में बैठे एक यात्री को मामूली चोटें आई हैं। हालांकि आनन-फानन में उसे तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया। घायल व्यक्ति की पहचान अनिकेत लहमुने के रूप में हुई है। घायल यात्री पुणे से कुर्दुवाड़ी जा रहा था। इसी दौरान मुंबई-चेन्नई एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव कर दिया गया। हालांकि पथराव की इस घटना में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन ट्रेन की खिड़कियां टूट गईं और यात्रियों में डर का माहौल पैदा हो गया। सोलापुर लोहमार्ग पुलिस इस संबंध में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया कर रही है।



## आर. डी. नेशनल महाविद्यालय में हिंदी वाक् स्पर्धा का आयोजन

▶▶ विद्यार्थियों को समझायाा लाइब्रेरी का महत्व

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदुस्तानी प्रचार सभा के सौजन्य से छात्रों के भाषण कौशल के विकास हेतु आर.डी. नेशनल महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 10 जनवरी को हिंदी वाक् स्पर्धा का आयोजन किया गया। हिंदुस्तानी प्रचार सभा की तरफ से डा. रीता कुमार, डा.मंजुला देसाई तथा श्रीमती ज्योत्स्ना सिंहासने ने प्रतियोगिता के निर्णायक पद को सुशोभित किया। कार्यक्रम की आयोजिका हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अंजना विजन ने महाविद्यालय की नवनिर्वाचित उप-प्राचार्या डा. नम्रता अजवानी का तथा सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में कनिष्ठ एवं वरिष्ठ महाविद्यालय के 25 छात्रों ने भाग लिया। परिणाम घोषित करते हुए डा. रीता कुमार ने विद्यार्थियों को लाइब्रेरी का महत्व समझाते हुए पुस्तकें पढ़ने तथा सदा ईमानदार रहने के लिए प्रेरित किया। अपने भाषण कौशल से विद्यार्थियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में कुमारी तनुश्री पांचाल, काजल मिश्रा तथा वैशाली निर्मल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। इसी कार्यक्रम के दौरान पूर्व -आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं निक्षा अमीन, शुमायला अष्ताक अहमद तथा दीपिका बद्री को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार एवं स्केच प्रतियोगिता में फैका वसीम कुरेशी, जमीला अंसारी तथा शेख जैनब बानो को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए।कार्यक्रम का कुशल संचालन सोमैया शेख तथा प्रियांशु सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. संध्या यादव ने अपने चिर-परिचित मधुर अंदाज में सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 'खो-खो' विश्व कप को 10 करोड़ की निधि स्वीकृत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित "खो-खो विश्व कप-2025" प्रतियोगिता के प्रायोजन के लिए "विशेष मामला" मानते हुए 10 करोड़ रुपये की निधि स्वीकृत की गई है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री दत्तात्रेय भरणे के निर्देशानुसार इस संबंध में शासन निर्णय जारी किया गया है। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 13 से 19 जनवरी के दौरान आयोजित "खो-खो विश्व कप-2025" प्रतियोगिता के प्रायोजन के लिए यह निधि स्वीकृत की गई है। इस निर्णय से "खो-खो" खेल को महत्वपूर्ण समर्थन मिला है, जिससे खिलाड़ियों में संतोष और उत्साह का माहौल बना हुआ है। "विशेष मामला" मानते हुए तुरंत शासन निर्णय जारी करने के कारण "खो-खो" खेल को प्रोत्साहन मिला है।

## आईआईटी बॉम्बे कैंपस में दिखा तेंदुआ, दहशत

- कैमरे में तेंदुए की हरकत कैद
- परिसर में सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। पवई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के परिसर में एक तेंदुआ देखा गया। यह तेंदुआ एक वीडियो कैमरे में कैद हो गया। वीडियो फुटेज में तेंदुआ परिसर के एक सुनसान इलाके से गुजरता हुआ नजर आ रहा है। आईआईटी परिसर में तेंदुए के दिखने से सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं और इस घटना को लेकर सुरक्षा के प्रति चिंता बढ़ गई है। इससे पहले भी पवई के तुलसी झील के पास स्थित आईआईटी बॉम्बे परिसर में एक तेंदुआ देखा गया था। आईआईटी बॉम्बे में तेंदुआ के दिखने का यह दूसरा मामला है, जिससे पता चलता है कि इस इलाके में जंगली जानवरों की सक्रियता बढ़ रही है। तेंदुआ मुख्य रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाता है और इस इलाके के करीब हरे-भरे इलाके और वन्यजीवों के आवास हैं, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि यह तेंदुआ अपने प्राकृतिक आवास से बाहर आकर यहां इस परिसर में घुस गया होगा। इस घटना के बाद परिसर के अंदर और आस-पास की सुरक्षा को बढ़ाया जा सकता है। वहीं, छात्रों और कर्मचारियों को सचेत रहने के लिए कहा जा सकता है। इसके अलावा स्थानीय वन विभाग से भी मदद ली जा सकती है।



### नवी मुंबई मनपा का गहन सफाई अभियान

## वायु में धूलकणों की मात्रा में आई कमी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** नियमित स्वच्छता के साथ ही, जिन सड़कों पर अधिक भीड़ होती है या कोई उपेक्षित क्षेत्र होता है, वहां विशेष ध्यान देते हुए गहन स्वच्छता अभियान (डीप क्लीनिंग) के दृष्टिकोण से, नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में, 30 दिसंबर से प्रतिदिन सभी आठों विभाग कार्यालय क्षेत्रों में गहन स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत यातायात वाली मुख्य सड़कें, उनके किनारे बने फुटपाथ और उनके बीच बने डिवाइडरों के किनारे जमा हुई मिट्टी, झाड़ियां और पौधों को हटाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस पहल के कारण हवा में धूल की मात्रा कम होने का प्रभाव स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है। एक साथ सभी विभागों में यह अभियान प्रभावी रूप से चलने के कारण, सुबह और शाम व्यायाम या सैर के लिए सड़कों पर आने वाले नागरिकों द्वारा संतोष व्यक्त किया जा रहा है।

### विभागवार बनाए गए कार्यक्रम

■ विभागवार बनाए गए कार्यक्रम के अनुसार, यह गहन स्वच्छता अभियान आयुक्त के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार के नियंत्रण में, ठोस कचरा प्रबंधन विभाग के परिमंडल 1 के उपआयुक्त डॉ. अजय गडदे और परिमंडल 2 के उपआयुक्त संतोष वारुले, परिमंडल 1 के सहायक आयुक्त सोमनाथ पोटरे और परिमंडल 2 के उपआयुक्त डॉ. कैलास गायकवाड़, तथा सभी विभागों के सहायक आयुक्त एवं विभागीय अधिकारियों के माध्यम से संबंधित स्वच्छता अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, विभागीय कर्मचारी और सफाईकर्मियों के सहयोग से संचालित किए जा रहे हैं। 11 जनवरी को, वाशी विभाग में सहायक आयुक्त सागर मोरे और विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, सफाई मित्रों ने 10ए मिनी सी शोर क्षेत्र में गहन स्वच्छता अभियान चलाया।

### ठाणे पुलिस का अभियान लगातार जारी

## एक साल में 59 बांग्लादेशी गिरफ्तार

▶▶ फर्जी दस्तावेज तैयार कर भारतीय होने का दावा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे आयुक्तालय के अंतर्गत पांच क्षेत्रों में बांग्लादेशी नागरिकों की बड़ी आबादी है। ठाणे पुलिस ने बताया कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर भारतीय नागरिक होने का दावा कर अवैध रूप से भारत में रह रहे 59 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दल द्वारा चलाए गए विशेष अभियान को कामयाबी मिली है। एक ओर जहां बांग्लादेश भारत विरोधी शोर मचा रहा है, वहीं दूसरी ओर बांग्लादेशी बड़ी संख्या में सीमावर्ती क्षेत्रों से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ कर रहे हैं और फिर प्रमुख शहरों में प्रवेश कर रहे हैं। ठाणे में बांग्लादेशियों को ढूंढने के लिए ठाणे पुलिस को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। चूंकि मुंबई, ठाणे और पुणे जैसे शहरों में घुसपैठ करने वाले बांग्लादेशी महिलाओं के साथ चालों और झुग्गियों में रहते हैं और उनके पास दलालों द्वारा दिए गए राशन कार्ड और वोटिंग कार्ड जैसे नकली भारतीय दस्तावेज हैं, इसलिए पुलिस को इन बांग्लादेशियों को निशाना बनाना होगा और उसके बाद ही उन्हें गिरफ्तार करना होगा। बांग्लादेशी महिलाएं बार और निर्माण कार्य में काम करती हैं। बांग्लादेशी नागरिक, पुरुष और महिला दोनों, दलालों के माध्यम से भारतीय सीमा में घुसपैठ करके शहर में प्रवेश करते हैं।

### ठाणे में 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025'

## परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने किया नई इलेक्ट्रॉनिक बसों का उद्घाटन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**ठाणे।** महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन महामंडल द्वारा रविवार को राष्ट्रीय सड़क परिवहन महामंडल का आयोजन किया गया। सुरक्षित माह 2025 और नई इलेक्ट्रॉनिक बसों का उद्घाटन परिवहन राज्य मंत्री प्रताप सरनाईक ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन उपायुक्त पंकज शिरसाठ, राज्य सड़क परिवहन महामंडल के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. माधव कुसेकर, महाप्रबंधक नितिन मैंद, क्षेत्रीय प्रबंधक यामिनी जोशी, उप महाप्रबंधक मांडके, ठाणे के अध्यक्ष थे। जिला शहर दैनिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष आनंद कांबले एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण। इस अवसर पर परिवहन मंत्री सरनाईक ने कहा कि 2,640 नई लालपरियां जल्द ही एसटी बेड़े में शामिल होंगी। इस नए साल में राज्य के हर कोने में नई लाल परियां दौड़ती नजर आएंगी। इसके साथ ही हम 5,000 इलेक्ट्रिक बसें लीज पर ले रहे हैं। इतना ही नहीं, राज्य परिवहन निगम ने 2,500 नई बसें खरीदने का प्रस्ताव दिया है। साथ ही सरनाईक ने कहा परिवहन निगम के कर्मचारियों के व उनके परिवार के स्वास्थ्य व दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए कैशलेश चिकित्सा का भी प्रस्ताव क्रियान्वित किया गया है।

## हर दिल में गूंज उठा धर्म, एकता और समाज सेवा का संदेश




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** "विशाल हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेला 2025" का रविवार ाके समापन हुआ, जहां धर्म, एकता और समाज सेवा का संदेश हर दिल में गूंज उठा। इस आयोजन में जैन समाज के चारों संप्रदाय के परम पूज्य महाराज, जैसे प. पू. आचार्य श्री प्रणाम सागर जी महाराज और प. पू. आचार्य श्री वैभव सागरजी महाराज, प. पू. आचार्य भगवंत मुक्तिवल्लभ सुरिश्वर म.सा. अनेक साधू, साध्वी सहित अनेक हस्तियों ने उपस्थिति दर्ज की। अतिथि के रूप में उपस्थित जैन स धर्म के चारों सम्प्रदाय के साधू संत की उपस्थिति हुई, कार्यक्रम अध्यक्ष के.सी. जैन साहब, वीरेंद्र पी. शाह, घेवरचन्द बोहरा , गिरीश शाह ,तथा अन्य समाजसेवी, उद्योगपति और श्रद्धालु गण ने इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लिया। समापन समारोह में कार्यक्रम केअतिथि ने देश की समृद्धि और एकता के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। अपने संबोधन में देवेन्द्र ब्रह्मचारी ने हिंदुत्व और जैन धर्म की एकता और सहिष्णुता की अहमियत पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह कहा, "हमारे धर्मों में अहिंसा, आत्म-साक्षात्कार, और मोक्ष की प्राप्ति पर जोर दिया गया है। हमें धर्म की रक्षा के लिए हमेशा एकजुट रहना होगा, और यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर सुरक्षित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में विशेष रूप से जैन समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा और इसे 'सर्वधर्म एकता' के सिद्धांत के अनुरूप एकता और सद्भाव का प्रतीक माना गया। इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हम सभी एक हैं, और हमें धर्म की रक्षा करते हुए अपनी परंपराओं को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष के.सी. जैन ने समाज में एकता और सद्भाव फैलाने के लिए हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान के योगदान की सराहना की। इसके साथ ही, उन्होंने आयोजकों, समाजसेवियों और स्वयंसेवकों का भी धन्यवाद किया, जिनकी निस्वार्थ सेवा से इस मेले का आयोजन सफल रहा। इस अवसर पर महिलाओं के उत्थान, समाज सेवा और राजनीति में उत्कृष्टता को लेकर अपने विचार व्यक्त किए, वहीं, वीरेंद्र पी. शाह ने भी समाज की बेहतरी के लिए अपने योगदान को साझा किया। समापन में आयोजक के तरफ से गिरीश भाई शाह, अमर शर्मा, ललित बहेती, अशोक दोषी लगायत ने सभी उपस्थित लोगों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया और आग्रह किया कि इस मेले से मिली प्रेरणा को अपने जीवन में उतारते हुए समाज के हर क्षेत्र में फैलाने का प्रयास करें। अंत में, उन्होंने सभी धर्मगुरुओं और नेताओं से अपील की कि हम सब मिलकर धर्म को एकजुटता, सहिष्णुता और मानवता के आदर्शों के माध्यम से देखे, ताकि हम समाज में शांति, प्रेम और सद्भाव को प्रोत्साहित कर सकें। यह आयोजन निश्चित रूप से हमारे समाज में धार्मिक समन्वय, एकता और शांति का संदेश फैलाने में सफल रहा है।

**"विशाल हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेला 2025" का समापन**

### पूर्वोत्तर सीमा रेलवे रेलवे सुरक्षा बल

## 18 अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा

▶▶ पिछले माह 90 नाबालिगों और दो महिलाओं को किया रेस्क्यू
▶▶ अब तक 300 से अधिक अवैध प्रवासियों को पकड़ा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने दिसंबर, 2024 में चलाए गए अलग-अलग अभियानों में अगरतला रेलवे स्टेशन पर 18 बांग्लादेशी नागरिकों और एक एजेंट को पकड़ा। इसके अलावा, आरपीएफ ने उक्त महीने के दौरान पू. सी. रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से 90 नाबालिगों और 02 महिलाओं को उद्धार किया। बाद में उद्धार किए गए नाबालिगों को संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। हाल ही में 22 दिसंबर, 2024 को अगरतला की आरपीएफ और जीआरपी टीम तथा एसआईबी/बदरपुर टीम ने संयुक्त रूप से अगरतला रेलवे स्टेशन पर नियमित जांच की। जांच के दौरान उन्होंने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा। बाद में, तीनों अवैध प्रवासियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया।

### दिसंबर में 906 बच्चों और 61 महिलाओं को किया उद्धार

उल्लेखनीय है कि जनवरी से दिसंबर, 2024 तक की अवधि में पू. सी. रेलवे की आरपीएफ ने 906 नाबालिग बच्चों और 61 महिलाओं को उद्धार किया तथा 09 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया। उद्धार किए गए बच्चों/महिलाओं को संबंधित चाइल्ड लाइन/एनजीओ, माता-पिता और राजकीय रेलवे पुलिस को सौंप दिया गया।



### 19 दिसंबर से चल रही नियमित जांच

19 दिसंबर, 2024 को एक अन्य घटना में, गुवाहाटी की आरपीएफ/एसआईबी टीम और कामाख्या की आरपीएफ टीम ने कामाख्या रेलवे स्टेशन पर नियमित जांच की। जांच के दौरान, उनलोगों ने कामाख्या रेलवे स्टेशन से भागे हुए तीन नाबालिगों को उद्धार किया। बाद में, नाबालिगों के आवासीय पता मिलने के बाद उनलोगों को सुरक्षित अभिरक्षा के लिए चाइल्ड लाइन, गुवाहाटी को सौंप दिया गया। इसी तरह 29 दिसंबर, 2024 को एक घटना में रंगापाड़ा नॉर्थ की आरपीएफ टीम ने नियमित जांच करते हुए भागे हुए तीन नाबालिगों को उद्धार किया।

### हर स्टेशनों और ट्रेन में सतर्क आरपीएफकर्मी

इस अवधि के दौरान 300 से अधिक अवैध प्रवासियों को पकड़ा। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में तैनात आरपीएफ के कर्मचारी सीमावर्ती क्षेत्रों से होने वाली अवैध घुसपैठ के प्रति हमेशा सतर्क और सजग हैं। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में इसे रोकने के लिए आरपीएफ नियमित जांच अभियान चलाते है। रेल यात्रियों की सुरक्षा के प्रति आरपीएफ अपराधियों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई करती है, मानव तस्करी में शामिल संदिग्ध व्यक्तियों के साथ-साथ अकेले यात्रा करने, उचित अभिभावक के बिना, संदिग्ध तरीके से बच्चों की आवाजाही आदि पर भी कड़ी नजर रखती है।

## कुर्ला के होटल में भीषण आग

**मुंबई।** मुंबई के कुर्ला इलाके के एक होटल में शनिवार रात आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि होटल पूरी तरह जल गया। पुलिस के अनुसार, आग पर काबू पा लिया गया है और फिलहाल किसी भी शख्स के घायल होने की खबर नहीं है। मौके पर फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाएं तैनात हैं। अधिकारी ने बताया कि रात नौ बजकर पांच मिनट पर एलबीएस मार्ग पर स्थित रंगून जायका होटल में आग लग गई और उसे बुझाने के लिए चार दमकल गाड़ियां और चार पानी के टैंकर लगाए गए। अभी किसी के झुलसने की खबर नहीं।

### विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

## राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** स्वामी विवेकानन्द के जीवन आदर्श अपनाने का लिया संकल्प युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की 162 वी जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गयी आयुष योग प्रशिक्षक योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने स्वामीजी के जीवन व्रत प्रेरक प्रसंग पर प्रकाश डालते हुये उनके जीवन आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र विकास में जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्ष्याविद बृजमोहन कारगवाल, उप प्राचार्य पुरुषोत्तम ब्लोदा, गोपीकृष्ण निमिवाल,योगेश कुमार, राजेश श्योरान, अनिल चौधरी, इंदु कुमार, गणेश सोनी, मंगेज टेलर आदि सहित युवाओं की भागीदारी रही।

## जोधेश्वर महादेव व हनुमान मंदिर ट्रस्ट कार्यकारिणी गठित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** जोधेश्वर महादेव मन्दिर एवं हनुमान मन्दिर ट्रस्ट सुमेरपुर की आम बैठक रविवार को मंदिर परिसर में आयोजित की गई।

इस दौरान मंदिर ट्रस्ट की कार्यकारिणी के त्रि-वर्षीय चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। जिसमें संरक्षक पद पर शिवलाल माली, प्रकाशचंद्र अग्रवाल तथा अध्यक्ष जगदीशचंद्र मेवाड़ा, उपाध्यक्ष प्रभुलाल देवड़ा, विनोदकुमार अग्रवाल, सचिव जयंतीलाल माली, सह सचिव सतीशकुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पोपटलाल जैन, सह कोषाध्यक्ष अमृत लाल सोनी तथा कार्यकारिणी सदस्य श्रवण राठी, नारायणसिंह राजपुरोहित, अशोक राठौड़, हस्तीमल सोनी, गिरीश शर्मा, दिलीप अग्रवाल, मधुसूदन अग्रवाल, देवीचंद सोनी, बद्रीप्रसाद अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सुरेश वैष्णव, पुखराज मालवीय, महेश गुप्ता, महिला सचिव गीता सोलंकी को निर्वाचित किया गया।

## शिक्षक संघ प्रगतिशील का शैक्षिक सम्मेलन 17 से



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उपशाखा सांचौर की बैठक शिक्षक भवन में बाबूलाल कड़वासरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 17 जनवरी से भीनमाल में आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन में अधिकाधिक शिक्षकों से शामिल होने का आह्वान किया गया। ब्लॉक मंत्री धोलाराम गोदारा ने बताया कि बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशनलाल सारण ने शिक्षक हितों पर चर्चा की। प्रदेश प्रवक्ता छोगाराम सारण ने शैक्षिक सम्मेलन को अवकाश न मानकर शिक्षकों से प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन में भाग लेने का आह्वान किया। प्रदेश पदाधिकारी प्रेमाराम पूनिया ने संगठन को मजबूत करने, सदस्यता अभियान को शत प्रतिशत पूर्ण करने की बात कही। सभाध्यक्ष रामलाल कड़वासरा, आसूराम जाणी, भागीरथ जाणी, राजूराम कड़वासरा, प्रकाश जीनगर, भैराराम साहू, पूनमाराम मांजू, किशनलाल पुनिया, पूनमचंद जाट, सुनील सारण, वि' म कड़वासरा, जगदीश धायल भजनलाल, मांगीलाल साहू, गणपतलाल सारण, पूनमाराम गीला, तालिब खान, सुरेश यादव, शांतिलाल राणा, ओमप्रकाश सारण, खालिद हुसैन, राजेंद्र साहू, बनवारीलाल एवं सुरेशकुमार समेत कई शिक्षक उपस्थित थे।

**आम सूचना**

मै परवेज खान एडवोकेट सभी आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे असील देवाराम पुत्र जोगाजी भील निवासी- मुदरला (देलदर) जिला- सिरोही (राज.) की हिदायत से सूचित करता हूँ कि मेरे असील के स्वामित्व कब्जे उपयोग उपभोग की कृषिभूमि खसरा नं. 436 से 442 एवं 451 से 453 कुल क्षेत्रफल 30 बिघा 10 बिस्वा में 1/4 हिस्से में काबिज होकर कृषि कर रहे है शेष सह खातेदारों ने अपना अपना हिस्सा का बेचान कर चुके है। मेरा असील अपना हिस्सा अलग करवाने तथा खातेदारी दर्ज करवाने का विवादित कृषिभूमि का राजस्व वाद सं. 08/2021 विचाराधीन है। उक्त विवादित कृषिभूमि का वाद के विचाराधीन रहते सहखातेदारों ने मेरे असील के कब्जे काश्त की 1/4 हिस्से की कृषिभूमि को हडपने की बदनियत से अवैध तरीके से चुपचाप बेचान करने पर आमादा है अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विवादित कृषिभूमि का राजस्व न्यायालय, आबूपर्वत में वाद के विचाराधीन रहते क्रय नही करे उक्त सूचना के बाद भी अवैध बेचान के जरिये क्रय की जाती है उसकी तमाम जिम्मेदारी क्रेता की रहेगी जो सूचित रहे।

दिनांकः 12.01.2025

परवेज खान
(एडवोकेट)

**कार्यालय ग्राम पंचायत सोडावास, पंचायत समिति, पाली (राज.)**

क्रमांक/आ./नोटिस/आ. भू. वि. वि./145/2025 दिनांक.. 10/01/2025

**विक्रय आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सापूनी के खसरा नम्बर 102 में निम्नलिखित भूमिहिन व्यक्तियों के अपने कब्जाशुदा स्थल का विनियमीतीकरण हेतु पंचायतीराज नियम 146 के तहत आपत्तियां चाही गयी है। इस बाबत् किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सात दिवस में मय सबूत के साथ कार्यालय ग्राम पंचायत सोडावास मे उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद म्याद गुजरने पर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहें।

| क्र. सं. | मिसल संख्या व वर्ष | प्रार्थी का नाम | पिता/पति का नाम | जाति | गांव | खसरा नम्बर | भूमि का क्षेत्रफल | प्रयोजन आवासीय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 100/2024-25 | मोहिनी देवी | गोविन्दराम | चौधरी | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 2 | 101/2024-25 | संतोष | नारायणलाल | चौधरी | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 3 | 102/2024-25 | अणसी | पुखराम | चौधरी | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 4 | 103/2024-25 | बाइसी | डायाराम | कुमावत | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 5 | 104/2024-25 | लेहरी | गिरधारी | देवासी | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 6 | 105/2024-25 | कमला | ओगड़राम | प्रजापत | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 7 | 106/2024-25 | लीला | पेमाराम | लोहार | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 8 | 107/2024-25 | मांगीलाल | चेनाराम | प्रजापत | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 9 | 108/2024-25 | सुआ | भेराराम | देवासी | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 10 | 109/2024-25 | चोथी | जगाराम | देवासी | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 11 | 110/2024-25 | राधा | सवाराम | देवासी | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 12 | 111/2024-25 | शांती | पीताराम | चौधरी | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 13 | 112/2024-25 | येवरराम | नथारामजी | देवासी | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 14 | 113/2024-25 | दरिया | सोहनलाल | चौधरी | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 15 | 114/2024-25 | थोराराम | रामाजी | देवासी | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |
| 16 | 115/2024-25 | ओगड़राम | तुलसाराम | कुमावत | सापूनी | 102 | 1800 वर्गफीट | आवासीय |

सरपंच
ग्राम पंचायत सोडावास
जिला-पाली

# 'स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर स्वच्छ, शिक्षित और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं'

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवा सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम एवं दुग्धाभिषेक कार्यक्रम आयोजित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बाड़ी के द्वारा श्री नागा बाबा पंचमगिरि आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में उतारने का संदेश देना था। कार्यक्रम संयोजक प्रांत कार्यसमिति सदस्य समरथ गुर्जर ने अपने विचार रखते हुए बताया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं,बल्कि यह हमारे समाज की उन्नति और समृद्धि का आधार है। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को समाज की रीढ़ बताया है और हमें उनके विचारों को आत्मसात कर स्वच्छ,शिक्षित और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। वहीं छात्रसंघ अध्यक्ष पुष्पेन्द्र गुर्जर ने बताया कि 12 जनवरी को प्रत्येक वर्ष विद्यार्थी परिषद विवेकानंदजी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में राष्ट्रीय कार्यक्रम मानते हुए पूरे भारत में मनाती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में स्थित श्री विवेकानंदजी की मूर्ति के पास स्थित परिसर की सफाई की और श्री विवेकानंदजी की तस्वीर पर जल से स्नान कराने के तत्पश्चात मूर्ति का दुग्धाभिषेक कर माल्यार्पण किया और सभी कार्यकर्ताओं को केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी अपनाने का प्रण लिया। सह संयोजक नगरमंत्री अजय कंसाना ने युवाओं को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि- स्वामी विवेकानंदजी का जीवन हमें बताता है,कि युवा शक्ति में वह सामर्थ्य है,जो समाज में क्रांति ला सकती है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंदजी के पदचिन्हों पर चलकर उनके सपनों के भारत की परिकल्पना की यात्रा अनवरत रूप से चल रही है। कार्यक्रम में युवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम ना केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा,बल्कि युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने के लिए प्रेरित करता है। नगर उपाध्यक्ष प्रदीप कौशल ने बताया कि विद्यार्थी परिषद हमेशा ही छात्रहित एवं युवा वर्ग को सही दिशा में ले जाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य समरथ गुर्जर, छात्रसंघ अध्यक्ष पुष्पेन्द्र गुर्जर, नगर अध्यक्ष पुष्पेन्द्र गोस्वामी, नगरमंत्री अजय कंसाना, प्रदीप कौशल, आकाश कंसाना,प्रशांत विधौलिया, भानु, लोकेंद्र, भोला आदि कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# राजगढ़ में चाईनीज मांझा बेचने वालों पर की गई सख्त कार्रवाई

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** शनिवार को एक युवक का चाइनीज डोर माझा से गला काटने के बाद दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के बाद जिला पुलिस प्रशासन हरकत में आया इस संबंध में चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना एवं जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन मे एव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल, राजगढ़ पुलिस उप अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम आईपीएस एवं राजगढ़ पुलिस थाना अधिकारी सीआई पुष्पेन्द्र झाझडिया के निकटतम सुपरविजन में अलग अलग तीन टीमों का गठन कर कस्बा राजगढ़ में अलग-अलग दबीश दी जाकर चन्द्रप्रकाश पुत्र सुरेश कुमार जाति ब्राह्मण निवासी वार्ड नम्बर 18 कस्बा राजगढ जिला चूरु एवं मोतीलाल पुत्र सुशील जाति ब्राह्मण निवासी वार्ड नम्बर 19 कस्बा राजगढ़ की दुकान स्टेशन रोड पर चैकिंग की गई तो 45 चाईनीज मांझे की भरी चरखियों को कब्जा में ली गई तथा इसी तरह मुख्य बाजार फोर पोल से आगे दुकान प्रदीप कुमार पुत्र विनोद कुमार जाति ब्राह्मण निवासी वार्ड नम्बर 08 कस्बा राजगढ़ से 30 चाईनीज मांझे की भरी चरखियों को कब्जा पुलिस में लिया जाकर उक्त सभी 75 चाईनीज मांझे की चरखियों को जलाकर नष्ट किया गया व उक्त व्यक्तियों के खिलाफ अलग से कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।टीम के सदस्य सुरेन्द्र कुमार उपनिरीक्षक थाना राजगढ मय जाब्ता रामनिवास सहायक उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार सहायक उपनिरीक्षक थाना राजगढ मय जाब्ता ने मौके पर ही दबीश देकर कार्यवाही की है। राजगढ़ एसडीएम मीनू वर्मा के निर्देशन में की गई चाईनाज मांझे की छापामारी सादुलपुर राजगढ़ एसडीम मीनू वर्मा के निर्देशानुसार नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अजय प्रताप सिंह सांखला, एवं नगर पालिका राजगढ के द्वारा टीम का गठन किया जाकर पालिका क्षेत्र के मुख्य स्थानों बाजारो इत्यादि स्थानों पर बड़े पेमाने पर चाइनीज डोर मांझे की छापामारी की कार्यवाही की गई जिसके अन्तर्गत पालिका टीम ने 60 चाईनीज मांझे की चरखियों की छापेमारी कर जब्त कर लिया गया तथा साथ आम जन को चाईजीन मांझे का उपयोग नहीं करने हेतु समझाईस की गई उपखण्ड अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका राजगढ़ व राकेश धायल, वरिष्ठ सहायक नोरतमल जमादार, रवि जमादार, सुदेश जमादार, समस्त जमादार एवं पालिका स्टाफ उपस्थित रहे।

### पेड़े व्यवसायी की दुकान पर फायरिंग-फिरौती का मामला

# सड़क, रेल मार्ग और हवाई यात्रा के साथ हजारों किलोमीटर यात्रा के बाद मुख्य तीन आरोपी गिरफ्तार



## फायरिंग करने वालों को पकड़ने के लिए पुलिस को करनी पड़ी हवाई यात्रा

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिले के चिड़ावा कस्बे में मशहूर पेड़ा व्यवसायी लालचंद की दुकान पर फायरिंग कर फिरौती मांगने के मामले में मुख्य इनामी आरोपी दीपू चौराड़ी,प्रिंस राठौड़, प्रदीप पहलवान को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता हासिल हुई है। मुलजिमों ने लालचंद पेडा की मशहूर दुकान पर फायरिंग कर एक करोड रुपए की रंगदारी मांगी थी। आरोपी दीपू चौराड़ी, प्रिंस राठौड़ पर पचास-पचास हजार रुपए के राज्य स्तरीय व पचीस-पचीस रुपए के जयपुर पश्चिम पुलिस के इनामी व प्रदीप पहलवान पच्चीस हजार रुपए का जिला स्तरीय अपराधी है। आरोपियों को एमपी और जयपुर से दस्तयाब किया गया। वहीं आरोपी जिला स्तर के टॉप टेन की सूची में शामिल है। जिला पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि गांव महपालवास में हुई हत्या व जयपुर में करधनी थाना इलाका में हत्या के प्रकरण में भी आरोपी वांछित हैं। वहीं जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 9 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इस पूरे मामले में जिला पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी द्वारा स्वयं निगरानी की जा रही थी। वही फायरिंग की घटना के षड्यंत्र में शामिल दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि 16 दिसंबर को शाम के समय लालचंद पेडे की दुकान पर मोटरसाइकिल सवार युवको ने फायरिंग कर फिरौती मांगने की घटना को अंजाम दिया था और साथ ही फिरौती का एक कागज भी दुकान में फेंका था। कागज में लिखा हुआ था कि एक करोड रुपए तैयार कर लेना वरना एक गोली आज तो तेरी दुकान पर चली है अगली बार सीधे तेरे ऊपर चलेगी अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना ज्यादा खलीफा बढ़ाने की कोशिश मत करना नहीं तो तेरी मौत का तो खुद जिम्मेदार होगा और उसके नीचे दीपक चौराड़ी, प्रदीप पहलवान, प्रिंस डीडवाना नाम लिखा हुआ था और नीचे बड़े अक्षरों में क्षत्रिय गैंग भी लिखा हुआ था।

# जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत 549 नवचयनित कार्मिकों को मिला वेलकम किट



## प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने नवचयनित कार्मिकों को किया प्रेरित

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम सूचना केंद्र सभागार में रविवार को आयोजित किया गया। जिसके तहत जिले में 549 नवचयनित कार्मिकों को वेलकम किट प्रदान की गई। नवचयनित कार्मिकों में से 237 कनिष्ठ लेखाकार, 218 सीएचओ, 89 पुलिस कार्मिक एवं शिक्षा विभाग के 5 कार्मिक शामिल रहे। कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नवचयनित कार्मिकों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाश गहलोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि झुंझुनूं जिले का प्रत्येक व्यक्ति राजस्थान सरकार का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि नवचयनित कार्मिक जनहित को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदारी से कार्य करें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' के ध्येय वाक्य को चरितार्थ कर झुंझुनूं के विकास में भागीदार बनने की अपील की। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने मंत्री अविनाश गहलोत को उन्हें जिले का पुनः प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर बधाई देते हुए स्वागत किया। कलक्टर ने कहा कि युवा कार्मिक कर्तव्य निष्ठा से अपना कार्य करें।

**विवेकानंद के आदर्श अपनाएं :** युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि सभी स्वामी विवेकानंद के आदर्श अपनाकर चरित्र निर्माण कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। इससे पहले जिले में प्रवेश के बाद उनका जगह- जगह स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, बनवारी लाल सैनी, पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी, पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं कोषाधिकारी डॉ सतीश, अतिरिक्त कोषाधिकारी प्रेरणा कालेर, अनूप सैनी व प्रियंका लांबा, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, डीईओ माध्यमिक सुभाष ढाका, डीईओ प्रारंभिक मनोज ढाका, विशंभर पूनिया, प्यारेलाल ढूकिया, कमलकांत शर्मा, मुरारी सैनी, महेंद्र चंदवा, गुलजारीलाल शर्मा, जय सिंह मांठ, रवि लांबा, कुलदीप सिंह कालीपहाड़ी, वर्षा सोमरा, अरुणा सिहाग आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एडीईओ उम्मेद सिंह महला ने किया।

**अंत्येष्टी में हुए शामिल :** मंत्री अविनाश गहलोत कार्यक्रम के बाद विष्णुकांत महमिया की माताजी शकुंतला महमिया की अंत्येष्टि में शामिल हुए और परिजनों को सांत्वना दी।

# पेज एक का शेष...

## भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हमारी...

**13 हजार 500 से अधिक युवाओं को मिली नियुक्तियां:-** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को समय पर पूरा करने और सरल बनाने के लिए कई नीतिगत फैसले लिए हैं। समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) के क्वालिफाई अंक समस्त श्रेणियों के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत और एससी-एसटी के लिए 35 प्रतिशत कर दिए हैं। अब संबंधित विभाग ही दस्तावेज सत्यापन संबंधी कार्य संपादित करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक 47 हजार सरकारी नियुक्तियां दी हैं। आज ही 13 हजार 500 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले हैं। इसके अतिरिक्त 15 हजार नियुक्तियां भी प्रक्रियाधीन हैं। हम न्यायालय में लंबित भर्तियों के संबंध में भी प्रभावी पैरवी करवाकर जल्द से जल्द उन्हें आगे बढ़ाएंगे।

**पूर्ववर्ती सरकार की निष्क्रियता से बढ़ा बैकलॉग:-** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने 81 हजार पदों के लिए भर्ती परीक्षा का कैलेंडर घोषित किया है। इनमें से 50 हजार से अधिक पदों पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती होगी। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में वैकेंसी का बैकलॉग इसलिए बना क्योंकि विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती निकालने के मामले में पूर्ववर्ती सरकार निष्क्रिय रही।

**खनन नीति से सृजित होंगे एक करोड़ रोजगार के अवसर:-** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नई खनन नीति के माध्यम से एक करोड़ नौकरियों के सृजन का लक्ष्य तय किया है। इसके साथ ही, हम पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में भी हजारों नई नौकरियों के अवसर सृजित कर रहे हैं। राजस्थान इस समय प्रगति के स्वर्णिम दौर में है और यह हमारे युवाओं की शक्ति से तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आज लगभग 31 हजार करोड़ रुपये की लागत के 76 हजार से अधिक विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया है। इनमें 20 हजार 320 करोड़ रुपये के 15 हजार 184 कार्यों का शिलान्यास तथा 10 हजार 587 करोड़ रुपये के 61 हजार 390 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

**मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त कार्मिकों से किया संवादः-** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस दौरान वीसी के माध्यम से विभिन्न जिलों के नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद किया। उन्होंने बाड़मेर से चंपाराम, प्रतापगढ़ से कुसुमलता मीणा, भरतपुर से शोभित शर्मा, बारां से कृष्णा कुमारी तथा अलवर से प्रमोद कुमार सहित अन्य कार्मिकों से नियुक्ति मिलने के बाद के अनुभव जाने। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों के संदर्भ में विधायकों से भी चर्चा की।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वीसी के माध्यम से संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि सपने देखने वालों के ही सपने साकार होते हैं। राष्ट्र की उन्नति में युवाओं की अहम भूमिका है। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के विकास के नए आयाम स्थापित किए। सरकार के कार्यकाल के पहले ही साल में ऐतिहासिक बजट पेश किया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में नवनियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे। राज्य के विभिन्न जिलों से मंत्रीगण, विधायकगण एवं नवनियुक्त कार्मिक वीसी के माध्यम से जुड़े।

**इन कार्यों का हुआ शिलान्यासः-** पीएम कुसुम योजना के 1174 कार्य (10 हजार 569 करोड़ रुपये), 220 के.वी. जीएसएस के 12 कार्य (1233 करोड़ रुपये), 10 हजार ग्राम पंचायतों में पंचायत पौधशाला (500 करोड़ रुपये), 450 मेगावाट पूगल सोलर पार्क फेज-3 (196 करोड़ रुपये), 49 अटल प्रगति पथ के कार्य (189 करोड़ रुपये), हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर एवं बीकानेर के आई.एन.जी.पी के कमाण्ड क्षेत्र में ग्रिड सोलर फोटोवॉल्टिक वॉटर पंपिंग सिस्टम (180 करोड़ रुपये), जल जीवन मिशन आपणी योजना फेज-1 एवं सरदार शहर के 60 गांवों में कार्य पैकेज-तृतीय (तारानगर-पांडूसर फीडर) (133 करोड़ रुपये), चौमूं विधानसभा में गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल के तहत बधाल ईटावा से एनएच-52 गोविन्दगढ़ सड़क निर्माण कार्य (95 करोड़ रुपये), 101 नग कैपेसिटर बैंक स्थापना कार्य (59 करोड़ रुपये), 33/11 के.वी. सब स्टेशन के 19 कार्य (48 करोड़ रुपये), 7118 करोड़ रुपये से अधिक के अन्य विकास कार्य।

**इन कार्यों का हुआ लोकार्पणः-** मनरेगा के तहत 46 हजार 751 जल स्त्रोतों की संरचनाओं के कार्य (5028 करोड़ रुपये), मनरेगा के तहत 13 हजार 424 पर्यावरण संरक्षण, चारागाह विकास तथा वृक्षारोपण कार्य (840 करोड़ रुपये), भीलवाड़ा, सीकर एवं सवाईमाधोपुर में सीवरेज परियोजना एवं परिसम्पतियों का निर्माण कार्य (577 करोड़ रुपये), पचपदरा में 400 के.वी. जीएसएस (391 करोड़ रुपये), आर.एस.एच.आई.डी.पी. के तहत चूरू-तारानगर-नोहर, एस.एच-36 (301 करोड़ रुपये), आर.एस.एच.आई.डी.पी. के तहत सिवाना-समदड़ी-बालेसर, एसएच-66 (245 करोड़ रुपये), आर.एस.एच.आई.डी.पी. के तहत बीकानेर-नापासर जसरासर, एसएच-20बी (175 करोड़ रुपये), बांसवाड़ा में सीवरेज नेटवर्क, शोधन संयंत्र एवं पंपिंग का निर्माण कार्य (166 करोड़ रुपये), शाहपुरा (भीलवाड़ा) ब्लॉक में चम्बल-भीलवाड़ा पेयजल परियोजना-2 के पैकेज पंचम हेतु रेट्रोफिटिंग कार्य (105 करोड़ रुपये), बीसलपुर-चाकसू पेयजल परियोजना का कार्य (74 करोड़ रुपये), 2 हजार 685 करोड़ रुपये से अधिक के अन्य विकास कार्य।

## छत्तीसगढ़ में अडानी करेंगे...

**डिफेंस सेक्टर और डेटा सेंटर में होगा निवेशः-** बैठक में रक्षा उपकरण निर्माण, डेटा सेंटर और एक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर की स्थापना को लेकर भी चर्चा हुई। यह पहली बार है जब छत्तीसगढ़ में रक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनाई गई है। इससे राज्य की रणनीतिक स्थिति मजबूत होगी और तकनीकी इनोवेशन को प्रोत्साहन मिलेगा।

**महाकुंभ में भोजन की व्यवस्था करेंगे अडानीः-** हाल ही में अडानी समूह की ओर से जानकारी दी गई थी कि गौतम अडानी की कंपनी, इस्कॉन के साथ मिलकर महाकुंभ में आए लाखों भक्तों के लिए फ्री में भोजन की व्यवस्था करेगी। तीर्थराज प्रयाग में बस एक दिन बाद महाकुंभ की शुरुआत होने जा रही है। महाकुंभ में इस साल करोड़ों लोग अपनी आस्था और विश्वास के रंग भरने पहुंच रहे हैं।

## उत्तराखंड के प्रवासी हमारे ब्रांड...

**'उत्तराखंड के प्रवासी राज्य के एंबेसडर':-** यूएई से आए शैलेंद्र नेगी ने कहा कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक परंपराओं से स्वागत एक विशिष्ट अनुभव है। यह सम्मेलन हमारी मातृभूमि से जुड़ने का एक बेहतरीन अवसर है। इससे पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।

**राज्य में निवेश की संभावना पर जोरः-** सम्मेलन में उत्तराखंड में निवेश की संभावनाओं पर विशेष जोर दिया गया। राज्य सरकार ने उद्योग, पर्यटन, ऊर्जा और कृषि जैसे क्षेत्रों में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए नई नीतियों की घोषणा की। प्रवासी उत्तराखंडियों ने राज्य में निवेश करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

## सुविचार

सफलता कभी अंतिम नहीं होती और असफलता कभी घातक नहीं होती। जो मायने रखता है, वह है आपका साहस और निरंतर प्रयास।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## काम के घंटे

भारत में मौजूदा समय में जिस बात पर सबसे ज्यादा बहस चल रही है, वह है बड़ी कंपनियों के मालिकों की तरफ से हर हफ्ते काम के घंटे बढ़ाने को लेकर दिए गए बयानों पर। एक के बाद एक कई व्यापारी और उद्योगपति इस मुद्दे पर अपनी राय रख रहे हैं। भारत में भी इस मुद्दे पर बहस पिछले दो वर्षों से जारी है। इसकी शुरुआत हुई थी इंफोसिस के मुखिया नारायणमूर्ति के बयान से, जिन्होंने कहा था कि युवाओं को हर हफ्ते अपने काम में 70 घंटे तक देने चाहिए। इसके बाद कई और बड़े चेहरों ने काम के घंटों को लेकर बयान दिए हैं। इनमें ताजा नाम लार्सेन एंड टूब्रो कंपनी के प्रमुख- एसएन सुब्रमण्यम का भी जुड़ गया है। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर भारत में लोग वास्तव में हर हफ्ते कितने घंटे काम में देते हैं? भारत में मिलने वाली तनख्वाह और काम के घंटों की तुलना में बाकी देश कहां खड़े हैं? और अब तक कौन-कौन से बड़े चेहरे युवाओं को ज्यादा काम करने की सलाह दे चुके हैं? इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन के 2024 तक के डाटा के मुताबिक भारत उन देशों में से है, जहां लोगों के काम के घंटे सबसे ज्यादा हैं। यहां तक कि दक्षिण एशियाई देशों में भी भारत के लोग सबसे ज्यादा काम करने वालों में शामिल हैं। आईएलओ के डाटा के मुताबिक भारत के लोग हर हफ्ते औसतन 46.7 घंटे काम करते हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि यह औसत आंकड़ा है। इसी डाटा में बताया गया है कि 51 फीसदी भारतीय तो हर हफ्ते 49 घंटे से ज्यादा काम में देते हैं। इस मामले में सबसे ऊपर नाम भूटान का है, जहां 61 फीसदी कामगार हर हफ्ते 49 घंटे से ज्यादा काम करते हैं। इसके मुकाबले बांग्लादेश के 47 फीसदी कामगार और पाकिस्तान के 40 फीसदी कामगार ही हर हफ्ते 49 घंटे या इससे ज्यादा काम करते हैं। काम पर प्रति हफ्ते ज्यादा घंटे देने का सुझाव सिर्फ विदेश से ही नहीं, बल्कि भारत में भी इंडस्ट्री के बड़े चेहरों की तरफ से दिया जाता रहा है। एक तरह से देखा जाए तो इस तरह के बयानों की शुरुआत भारत में 2023 में इंफोसिस के चेयरमैन नारायणमूर्ति की अपनी दिनचर्या बताने वाले एक बयान से हुई थी। उन्होंने बताया था कि अपने करियर के दौरान उन्होंने सप्ताह में साढ़े छह दिन 14 घंटे काम किया। वह सुबह 6:30 बजे कार्यालय पहुंच जाते थे और रात साढ़े आठ बजे निकल जाते थे। उन्होंने कहा था, "मुझे इस पर गर्व है।" मूर्ति ने कहा कि युवाओं को अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए काम पर अतिरिक्त घंटे लगाने चाहिए। युवा दिन में 12 घंटे काम करें ताकि भारत उन अर्थव्यवस्थाओं के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें।

### स्टोरी ऑफ द वीक

# कोरोनिअल्स बनाम जेन बीटा



मनोज वार्ष्णेय

गुजरी 1 जनवरी 2025 से पैदा होने वाले बच्चों को 'जेन बीटा' के नाम से संबोधित किया जाना तय हुआ है। जेन बीटा वास्तव में 'जेनरेशन अल्फा' (2010-2024) के बाद की पीढ़ी को संबोधित किए जाने के लिए तय हुआ शब्द है। जेन बीटा पीढ़ी का पहला बच्चा भारत के मिजोरम राज्य में ही नया साल शुरू होने के तीसरे मिनट में पैदा हुआ। इन दिनों पूरी दुनिया में समाजशास्त्रियों के बीच बहस है कि कोरोनिअल्स (कोरोना के दौरान पैदा हुए बच्चे) से भी ज्यादा जटिल इस पीढ़ी की परवरिश होगी। क्या इसकी वजह डिजिटल लाइफस्टाइल और सोशल मीडिया का सूचना विस्फोट है? 21वीं सदी के 25वें वर्ष का शुभारंभ दो बातों से हुआ। एक कोरोना जैसी बीमारी एचएमपीवी के फैलाव से और दूसरे जेन बीटा के आगमन से। एचएमपीवी एक ऐसा वायरस है, जो इंसान में कोरोना जैसी परेशानी पैदा कर सकता है। जेन बीटा हमारी उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करेगी, जो मिलेनियल्स और कोरोनिअल्स के बाद दोनों के साथ पलकर बड़ी होगी। इस पीढ़ी की यह विशेषता होगी कि यह डिजिटल क्रांति के दौर की होगी। इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि यह एआई के तूफान में पलने वाली वह पीढ़ी होगी जिसका जन्म ही 'ब्लू लाइट' के साथ हुआ है। जेन बीटा जिस दौर की पीढ़ी है, वह दौर सरलता का दौर नहीं है। वर्तमान में शिक्षा से लेकर नौकरी तक, चिकित्सा से लेकर खेती तक, शादी-विवाह से लेकर डेट तक सब कुछ एआई के हवाले है। यह दौर एक सेकंड में दुनिया को बदलने वाला है, यह दौर साइबर फ्रॉड से पीड़ित समाज को सुरक्षा देने की जद्दोजहद में लगा हुआ है, यह दौर वह है जहां हर काम के लिए मोबाइल हाथ में है और पलक झपकते ही सब कुछ हो जा रहा है।

मिलेनियल्स और कोरोनिअल्स के बीच जब यह पीढ़ी आई है तो दोनों में जेनरेशन गैप भी कम नहीं है। जिस तरह से बच्चों और उनके पैरेंटस में दो दशक का अंतर होता है, उसी तरह मिलेनियल्स और जेन बीटा में तथा दो भाई या बहनों के बीच होने वाले चार-पांच साल के अंतर की तरह कोरोनिअल्स और जेन बीटा में अंतर है। इस तरह के जेनरेशन गैप तथा एआई के तूफान के बीच जो सबसे बड़ी चुनौती सामने आने वाली है, वह है इस पीढ़ी की परवरिश की। इस पीढ़ी की परवरिश इतनी सहज नहीं है, जितनी पहले की पीढ़ियों की रही है। जब मिलेनियल्स आए थे तो हमारे बीच में कंप्यूटर अपनी घुसपैठ कर चुका था और मोबाइल हर हाथ में भी लगभग पहुंच ही चुका था। दिमाग पर पूरा जोर देने के बाद काम करने के आदि हमने तब कंप्यूटर को अपना साथी बनाया और इंटरनेट के दम पर बहुतेरे ऐसे काम किए जो एक समय असंभव से लगते थे। सदी के दो दशक के अंतिम दौर में जब कोरोना ने चीन की धरती से पूरे विश्व में हलचल मचाया तो कोरोनिअल्स जन्मे और आज जब वह लगभग पांच वर्ष के हो चुके हैं तो उनमें और मिलेनियल्स में तुलना करने पर काफी अंतर मिल रहा है, यह बात अलग है कि अभी कोरोनिअल्स पर रिसर्च जारी है। जहां तक बीमारियों का प्रश्न है तो कोरोना के बाद एचएमपीवी वायरस ने तहलका मचा दिया है। दुनिया इससे डर रही है कि कहीं यह कोरोना की तरह जानलेवा न साबित हो। ज्ञात रहे कि कोरोना वायरस से विश्व में करीब 80 लाख लोगों ने असमय ही अपनी जान खो दी थी। भारत में कोरोना वायरस के साइड इफेक्ट भी बीमारियों के जनक बन रहे हैं। पक्के तौर पर तो नहीं पर साइलेंट अटैक से जाने वाली जानों के लिए भी कोरोना जिम्मेदार बताया जा रहा है। इन हालात में जेन बीटा की परवरिश कैसे होगी यह बात चिंता का विषय है? जेन बीटा की शुरुआत भारत तथा आस्ट्रेलिया से हुई है। भारत में जेन बीटा का पहला बच्चा एक जनवरी की रात को 12:03 को मिजोरम में पैदा हुआ, नाम रखा गया है फ्रैंकी, जबकि दूसरे बच्चे ऑस्ट्रेलिया तथा कनाडा में हुए हैं। समाजशास्त्री तथा मनोवैज्ञानिकों की चिंता इस बात पर है कि जो बच्चे 'ब्लू लाइट' के दौर में जन्में हैं, वह दो पीढ़ियों के मामूली से अंतर में जन्में अपनों के बीच किस तरह से



सामाजिक-आर्थिक तथा मानवीयता को आत्मसात कर पाएंगे? दरअसल इन बच्चों के पालन-पोषण में सर्वाधिक परेशानी उनके पैरेंट्स को हो सकती है। अब तक सामाजिक जीवन के इतिहास को देखें तो दो पीढ़ियों के अंतर जिसे जेनरेशन गैप कहा जाता है, हमेशा से ही सोशलिज्म समाज के लिए परेशानी का सबब बना है। ऐसी स्थिति में अभिभावकों को देखना होगा कि जेन बीटा के बच्चे बड़ों प्रति आदरभाव रखें। इसके लिए उन्हें इंटरनेट की दुनिया अर्थात मोबाइल एडिक्शन से बचाना सबसे बड़ी चुनौती है। कोरोनिअल्स को देख लें। यह बच्चे जितना मोबाइल प्रेमी हैं उतने दूसरी पीढ़ी के बच्चे नहीं। शायद यही कारण है कि स्कूलों से लेकर मंदिर तक बच्चों को मोबाइल में डूबा देखा जा सकता है। जेन बीटा के बच्चों की परवरिश में इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि वह हमारे सदियों से चले आ रहे सामाजिक बंधनों को उसी स्वीकार्यता से आत्मसात करें, जिससे उनके पहली पीढ़ी के संबंधी। घर-परिवार में समय-समय पर होने वाले कार्यक्रमों में रस्मों-रिवाजों को भी यह गंभीतरा से लें, रिश्ते-नाते निभाने का गुर इन्हें अपने मिलेनियल्स दादी-दादी, माता-पिता या नाना-नानी जैसे संबंधियों से लेने सीखने होंगे। परिवार के संस्कार इनके भीतर एआई के तूफान कैसे भरे जाएं, यह भी माता-पिता के लिए कम चुनौती नहीं होगी। बच्चों के बीच जेनरेशन गैप के दौरान चिड़चिड़ाने की समस्य सर्वाधिक रहती है, इन हालातों में इससे कैसे बच पाएंगे, यह पूरे समाज के लिए एक ऐसा विषय है, जिस पर अभी से काम करना होगा। जेन बीटा के बच्चों की शिक्षा-दीक्षा उतनी ही महत्वपूर्ण रहेगी जितनी की इनकी सामाजिक परवरिश। बच्चों के हाथों में जब मोबाइल हो तो इन्हें इंटरनेट से बचा पाना मुश्किल ही है। हां, यह बात जरूर इन्हें समझाई जानी चाहिए कि केवल रील या उस जैसे दूसरे मनोरंजन के साधनों से पढ़ाई नहीं हो सकती। जब डिजिटल फ्रॉड अर्थात साइबर क्राइम गली-गली तक पनप चुका है, तब के लिए भी सर्तक रहना होगा कि कहीं यह पीढ़ी अपना महत्वपूर्ण समय इसमें ही ना खो दे। अभी जब जेन बीटा का आगमन हुआ ही है तो अभी से इसके लिए कार्य करना होगा। इसके साथ ही कोरोना या एचएमपीवी जैसे वायरस या दूसरी अन्य बीमारियों के प्रति भी सतर्क रहना होगा।


- इमेज

## पंचांग

13 जनवरी 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - शिशिर
- माह - पौष
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - पूर्णिमा 27.57 तक
- वार - सोमवार
- नक्षत्र - आर्द्रा 10.39 तक
- योग - वैधृति 28.39 तक
- करण - विष्टि 16.28 तक
- सूर्योदय - 07.16 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.18 (मुंबई)
- सूर्योदय - 07.28 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.11 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - मिथुन 28.20 तक
- अभिजित् मुहूर्त - 12.24 से 13.09
- राहु काल - 08.37 से 10.00
- व्रत, त्यौहार - व्रत की पूनम, शाकंभरी/पौषी पूनम, माघ स्नानारंभ, अंबाजी का प्राकट्योत्सव, रवियोग 10.39 तक, भद्रा 16.28 तक
- दिशा शूल - पूर्व

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## मकर संक्रांति 2025 स्नान-दान मुहूर्त

जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तब मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। इस दिन दिन गंगा और अन्य पवित्र नदियों में स्नान-दान का विशेष महत्व है। लेकिन अगर ऐसा करना असंभव है तो घर पर ही नहाने वाले पानी में गंगा जल मिलाकर स्नान करें। ऐसा करने से भी गंगा स्नान जितना फल की प्राप्ति होगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन स्नान-दान करने से व्यक्ति के धन-धान्य में कभी नहीं होती है। इसके अलावा मकर संक्रांति के दिन उड़द की दाल और चावल का दान किया जाता है। साथ ही तिल, चिड़वा, सोना, ऊनी वस्त्र, कंबल आदि दान करने का भी महत्व है। बता दें कि इस साल मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी।

मकर संक्रांति का पुण्यकाल 14 जनवरी को सुबह 9 बजकर 3 मिनट से शुरू होगा, जबकि समाप्त शाम 5 बजकर 46 मिनट पर होगा। मकर संक्रांति का महापुण्यकाल 14 जनवरी को सुबह 9 बजकर 3 मिनट से सुबह 10 बजकर 4 मिनट तक रहेगा। वहीं 14 जनवरी को ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5 बजकर 27 मिनट से 6 बजकर 21 मिनट तक रहेगा। अमृत काल का शुभ मुहूर्त सुबह में 7 बजकर 55 मिनट से 9 बजकर 29 मिनट तक रहेगा। मकर संक्रांति के दिन स्नान-दान के लिए पूरा दिन शुभ और अति उत्तम माना जाता है।

**मकर संक्रांति**

बता दें कि मकर संक्रांति को उत्तरायण, खिचड़ी, पोंगल और बिहू के नाम से भी जाना जाता है। पूरे देश में यह पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर भारत में मकर संक्रांति को खिचड़ी नाम से जाना जाता है और इस दिन घर-घर में खिचड़ी बनाई जाती है। वहीं बिहार में मकर संक्रांति के मौके पर दही-चूड़ा खाने की परंपरा है। मकर संक्रांति के दिन तिल जरूर खाना चाहिए।

## तारीख विशेष

### रेडियो का पहला प्रसारण

रेडियो, जिसे आज सूचना, मनोरंजन और संचार का एक महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता है, इसकी शुरुआत 13 जनवरी 1910 को एक ऐतिहासिक घटना के साथ हुई। इस दिन पहली बार एक सार्वजनिक रेडियो प्रसारण हुआ, जिसने दुनिया को यह दिखा दिया कि मानव संचार की सीमाएं कितनी विस्तृत हो सकती हैं। इस प्रसारण का श्रेय डा.. ली डी फॉरेस्ट को जाता है, जिन्हें रेडियो प्रौद्योगिकी के अग्रणी के रूप में जाना जाता है।



**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

रेडियो प्रसारण की तकनीक के विकास में कई वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने योगदान दिया था। लेकिन 13 जनवरी 1910 का दिन खास था क्योंकि उस दिन पहली बार रेडियो को सार्वजनिक प्रसारण के लिए इस्तेमाल किया गया। यह प्रसारण न्यूयॉर्क शहर में स्थित मेट्रोपॉलिटन ओपेरा हाउस से किया गया था। यह एक लाइव प्रदर्शन था, जिसमें ओपेरा गायक एना कैसियाना और एन्नरिको कारूसो जैसे महान कलाकारों की आवाजें शामिल थीं। डा. ली डी फॉरेस्ट, जो रेडियो प्रसारण के लिए ऑडियन वैक्यूम ट्यूब के आविष्कारक थे, इस ऐतिहासिक प्रयोग के पीछे प्रमुख व्यक्ति थे। उन्होंने इस तकनीक का इस्तेमाल करके मेट्रोपॉलिटन ओपेरा हाउस के संगीत और गायन को रेडियो तरंगों के माध्यम से प्रसारित किया।

**प्रसारण का महत्व**

इस प्रसारण का मुख्य उद्देश्य रेडियो प्रौद्योगिकी की क्षमता को दिखाना था। यह प्रदर्शन न केवल तकनीकी रूप से सफल रहा, बल्कि यह यह भी साबित कर दिया कि भविष्य में रेडियो को मनोरंजन और सूचनाओं के प्रसारण के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया जा सकता है। उस समय, रेडियो रिसीवर बहुत सीमित संख्या में उपलब्ध थे, और इस प्रसारण को केवल कुछ लोगों ने सुना। फिर भी, इसने रेडियो प्रसारण के युग की शुरुआत कर दी।

### मकर संक्रांति

# सनातन संस्कृति का महापर्व

आर. सी. शर्मा

मकर संक्रांति भारत के सबसे महत्वपूर्ण, पवित्र और सांस्कृतिक पर्वों में से एक है, इसके पीछे अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक कारण है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह किसी क्षेत्र विशेष का पर्व नहीं है बल्कि भारत के हर कोने में अलग अलग नाम और तौर तरीकों से मनाया जाने वाला महापर्व है। मकर संक्रांति के पर्व में भारत की समूची साझी सनातन संस्कृति के दर्शन होते हैं। शायद यही वजह है कि इसे जहां पंजाब, हरियाणा में लोहड़ी, गुजरात और महाराष्ट्र में उत्तरायण, उत्तर प्रदेश और बिहार में खिचड़ी, दक्षिण भारत में तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में पोंगल, पश्चिम बंगाल में गंगा सागर मेला और असम तथा पूर्वोत्तर में भोगाली बिहू के नाम से जाना जाता है। भले ये सब एक ही समय पर मनाये जाने वाले अलग-अलग पर्व हों, लेकिन इन सभी में विराट सनातन संस्कृति के ही दर्शन होते हैं।

- इमेज

इये सभी कृषि कर्मों, धार्मिक क्रियाकलाप और आस्था व विश्वासों पर टिके पर्व हैं। आम तौर पर मकर संक्रांति 13 या 14 जनवरी को मनाई जाती है। इस साल भी यह 14 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। भारत के साथ साथ नेपाल में भी मकर संक्रांति का पर्व पूरी धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। दरअसल पौष मास में जिस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है, उस दिन को ही मकर संक्रांति कहते हैं, इसी दिन यह पर्व मनाया जाता है। इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करता है। इसे कर्नाटक, केरल और आंध्र प्रदेश में केवल संक्रांति ही कहते हैं, जबकि देश के अलग अलग हिस्सों में संक्रांति के अलावा भी इसके कई स्थानीय नाम लिये जाते हैं, जैसा कि हमने ऊपर देखा है। मकर संक्रांति को सूर्य उत्तरायण होता है यानी उत्तर दिशा की ओर हो जाता है। वैज्ञानिक तौरपर इसका कारण यह है कि पृथ्वी का निरंतर छह महीने की समयावधि के उपरांत उत्तर से दक्षिण की ओर वलन कर लेना होता है। जो कि एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। अगर शुभ मुहूर्त की बात करें तो वैदिक पंचांग के मुताबिक 14 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजकर 3 मिनट पर सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेगा। इस दिन का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। इस दिन लोग पवित्र नदियों और सरोवरों



में स्नान करके भगवान सूर्य को अर्घ्य देते हैं और जो संभव हो दान करते हैं। मकर संक्रांति को पूरे देश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास का माहौल होता है। जहां तक इस दिन की जाने वाली धार्मिक क्रियाकलापों की बात है तो इस दिन लोग भगवान सूर्य की पूजा करते हैं। गंगा, यमुना, गोदावरी, कावेरी, नर्मदा जैसी पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। भगवान विष्णु और दूसरे देवताओं की पूजा करते हैं। जिन क्षेत्रों में धान और दूसरी खरीफ की फसलें पक चुकी होती हैं, उनकी कटाई शुरू होती है। विशेषकर पंजाब में इसे नाचने, गाने और उल्लास के पर्व के रूप में इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन से यहां धान और दूसरी फसलों की कटाई शुरु होती है। जबकि पश्चिम भारत विशेषकर गुजरात और कुछ हद तक राजस्थान में यह दिन पतंगबाजी की मस्ती, मेलों और लोकनृत्यों के आयोजन और उल्लास का पर्व होता है। उत्तर भारत में इस दिन लोग खिचड़ी बनाकर प्रसाद के रूप में बांटते हैं। ब्राह्मणों और जरूरतमंद लोगों को इस दिन दान भी देते हैं। दान के रूप में बिना बनी यानी दाल और चावल मिली हुई खिचड़ी भी दी जाती है। दक्षिण भारत में इस दिन चार दिनों तक चलने वाला पोंगल पर्व शुरू होता है, यह भी मूलतः फसलों से जुड़ा पर्व है और ठीक इसी तरह बंगाल और पूर्वोत्तर में भोगाली बिहू नाम से जो पर्व भोजन और नृत्य उत्सव के रूप में मनाया जाता है, वह भी दरअसल फसलों की कटाई की शुरुआत का पर्व होता है। महाराष्ट्र और गुजरात में महिलाएं इस दिन एक दूसरे को हल्दी कुमकुम और तिलकुट बांटती हैं। इस तरह देखें तो पूरे देश में यह पर्व अलग अलग तौर तरीको से इन्द्रधनुषी गतिविधियों में सम्पन्न होता है। लेकिन इस पर्व का सिर्फ सांस्कृतिक महत्व ही नहीं है। इसका अपना वैज्ञानिक और खगोलीय महत्व भी है। क्योंकि मकर संक्रांति वह दिन है, जब सूर्य मकर रेखा को पार करता है और उत्तरी गोलार्ध की ओर बढ़ने लगता है। इसलिए यह दिन शीत ऋतु के अंत और वसंत ऋतु की शुरुआत का प्रतीक है। इस समय दिन लंबे और रातें छोटी होने लगती हैं। सर्दी कम होने लगती है और धीरे-धीरे गर्मी का आगमन होता है। फसल की कटाई और नये सत्र की शुरुआत का भी यही समय होता है। इसलिए लोगों को स्वस्थ रखने और शरीर को भरपूर ऊर्जा मिलती रहे, इस हेतु लोग मकर संक्रांति को तिल और गुड़ का सेवन करते हैं। जहां तक तिथियों की बात है तो इस साल पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में लोहड़ी 13 जनवरी को मनाई जाएगी। जबकि तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के जिन जिन हिस्सों में पोंगल का पर्व मनाया जाएगा, उसकी तिथियां 14 से 17 जनवरी तक होगी यानी 14 से 17 जनवरी तक पोंगल मनाया जाएगा। जबकि पश्चिम बंगाल सहित पूर्वोत्तर में भोगाली बिहू का पर्व 14-15 जनवरी को होगा। मकर संक्रांति दरअसल भारत के विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक और वैज्ञानिक आयामों का समागम है। यह त्योहार एक तरफ जहां फसल कटाई का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर ऋतु परिवर्तन का भी यह पर्व संकेत देता है। यह पर्व सामाजिक एकता, आध्यात्मिक शांति और प्रकृति के साथ सामंजस्य का संदेश भी देता है।

## गीता सार

**(कामना रूपी शत्रु का शमन)**

**अर्जुन उवाचः**

**अथ केन प्रयुक्तोऽयं पापं चरति पुरुषः ।**
**अनिच्छन्नपि वार्ष्णेय बलादिव नियोजितः ॥**
**(३६)**

**भावार्थ :** अर्जुन ने कहा-हे वृष्णिवंशी! मनुष्य न चाहते हुए भी किसकी प्रेरणा से पाप-कर्म करता है, यधपि ऐसा लगता है कि उसे बलपूर्वक पाप-कर्म के लिए प्रेरित किया जा रहा है। (३६)

## बोले तो...



समय के चक्र को देखिए। इसी भारत मंडपम में जहां आप सब एकत्र हुए हैं, वैश्विक नेता विश्व के भविष्य पर चर्चा कर रहे थे। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज उसी स्थान पर हूं, जहां देश के युवा भारत के अगले 25 वर्षों का रोडमैप तैयार कर रहे हैं।

- नरेंद्र मोदी

धर्म से ज्यादा रोटी की जरूरत है। गरीब को धार्मिक बात समझाना गलत होगा। इंडिया गठबंधन मजबूत है और मजबूत रहेगा। जिस राज्य में भाजपा के खिलाफ जो क्षेत्रीय दल मजबूत है, उसका साथ दिया जाना चाहिए।



- अखिलेश यादव



गढ़चिरौली में नक्सलवाद में भारी कमी आई है, क्योंकि करीब 5,000 युवा गैरकानूनी आंदोलन छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। उनमें से कई को रोजगार भी मिला है। अगले पांच सालों में गढ़चिरौली सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला जिला बन जाएगा।

- नितिन गडकरी

## कुछ अलग | अजब गजब

# सोते-सोते बंदे ने 1000 कंपनी में भेज दिया सीवी, सुबह उठते ही घनघनाने लगे फोन, ऐसे खुली किस्मत

एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेस शब्द खूब प्रचलन में है। आज के समय ये सब कर सकता है कि जो काम एक इंसान कर सकता है। इससे जुड़े कई किस्से आए दिन लोगों के बीच आए दिन वायरल होते रहते हैं। हाल के दिनों में एक किस्सा इन दिनों सामने आया है। जिसके बारे में जानने के बाद हर कोई हैरान नजर आ रहा है। ये बात तो हम सभी जानते हैं कि आज के समय में नौकरी ढूंढना कितना मुश्किल है, लेकिन आज के समय में ये एआई के जरिए आसान हो चुका है। इसी से जुड़ी एक कहानी इन दिनों सामने आई है। ये बात हम सभी जानते हैं कि आज के समय में एआई ने लोगों के लिए कई ऐसे रास्ते खोल दिए हैं। जिसकी हम सभी ने कभी कल्पना भी नहीं की थी। अब सामने आए इस केस को ही देख लीजिए, जहां एक शख्स ने एआई की मदद से 1000 नौकरियों के लिए एक साथ आवदेन दिया और देखते ही देखते उसकी किस्मत पूरी तरीके बदल गई। उसके इस काम के कारण उसके पास



एक साथ 50 से ज्यादा कॉल आने लगी और वो देखते ही देखते ही देखते उसके लिए ये मुश्किल हो गया कि वो किस नौकरी के लिए आवेदन करे।

**आखिर क्या किया एआई ने ऐसा?**

इस अनोखी कहानी को एक बंदे ने रेडिट के GET Employed फॉर्म पर शेयर किया है। यहां एक यूजर ने बताया कि उसने एक बॉट तैयार किया। जो सिर्फ इसलिए डिजाइन किया गया था, जो उसके लिए 1000 से ज्यादा नौकरियों के लिए आवेदन करे। हैरानी की बात तो ये है कि ये सारे काम उस समय हुए, जब वो नींद में था। इसका काम केवल नौकरी तलाश करना नहीं है बल्कि ये उम्मीदवारों की जानकारी को पढ़कर उनके नौकरी के विवरण के मुताबिक CV और कवर लेटर तैयार करता है। इसके साथ ही ये बॉट नौकरी के लिए पूछे जाने वाले सवालों के जवाब भी तैयार करता है और स्वचालित रूप से आवेदन जमा करता है। इस बॉट ने ऐसा काम किया कि उसके पास एक महीने में 50 से ज्यादा ऑफर लेटर आ गए। मजे की बात तो ये है कि हर नौकरी के लिए अलग और स्पेशल CV तैयार करती है। जो आराम से स्क्रीनिंग सिस्टम को आसानी पार कर लेती है और रिजेक्शन का चांस पूरी तरीके से खत्म हो जाता है। शख्स ने आगे बताया कि इस तरह, बॉट ने न केवल मेरी मेहनत बचाई, बल्कि परिणाम भी शानदार दिए।

## पाठक पाती

### विद्यालयों में तनाव

दिल्ली के 23 से अधिक विद्यालयों में बम होने की झूठी धमकी भेजना, एक 12वीं कक्षा के नाबालिग विद्यार्थी द्वारा किया गया कृत्य, न केवल एक गंभीर अपराध है, बल्कि यह समाज और प्रशासन दोनों के लिए एक भयंकर संकट का कारण बनता है। इस प्रकार की निराधार और निंदनीय हरकत से विद्यालयों में तनाव का माहौल उत्पन्न होता है और पूरे शहर में अफरातफरी का साम्राज्य फैल जाता है। सुरक्षा एजेंसियों को बिना किसी वास्तविक खतरे के चिंता और समय व्यर्थ करना पड़ता है, जिससे वे असली आपातकालीन स्थितियों में अपनी पूरी ताकत और ध्यान नहीं लगा पाते। यह घटना यह भी उजागर करती है कि कैसे परीक्षा का अत्यधिक दबाव विद्यार्थियों पर मानसिक रूप से भारी पड़ सकता है। हालांकि, इसका कतई यह अर्थ नहीं निकलता कि विद्यार्थियों को इस प्रकार के आतंक फैलाने का अधिकार दिया जा सकता है। यदि किसी विद्यार्थी को परीक्षा के दबाव से मानसिक तनाव हो, तो उसे मार्गदर्शन और उचित मानसिक सहायता की आवश्यकता है, न कि समाज को भय और अशांति देने वाले कृत्य करने की। इस मामले में, कानून और शिक्षा प्रणाली दोनों का यह कर्तव्य है कि वे विद्यार्थियों को सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करें।

- प्रो. आर. के. जैन, बड़वानी

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

### स्वामी विवेकानंद की जयंती पर फेयर 2025

# जिला कलेक्टर ने किया स्टॉलों का अवलोकन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार विद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में यूथ फेयर 2025 का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. सूरजमल सुराणा, सचिव आनंद बालाण, प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़, प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद जांगिड़, विद्यालय कार्यकारिणी समिति सदस्य अजय शर्मा, रचना कोठारी, प्रभुसिंह गौड़, रवींद्र सिंह शेखावत एवं लेखाकार सुरेश शर्मा आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में अवलकोन के दौरान जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने विद्यार्थियों को कैरियर मार्ग दर्शन संबंधी प्रेरणा देकर कृषि एवं स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. सूरजमल सुराणा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्रों को न केवल अपने कौशल एवं प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलता है सचिव आनंद बालाण ने विद्यालय द्वारा उपलब्ध करवायी जाने वाली सुविधाओं को बताते हुए संचालक ट्रस्ट एवं इसके न्यासियों को उनके भौतिक एवं वित्तीय सहयोग के लिए साधुवाद दिया। प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़ ने बताया कि विद्यालय इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर करवाती है जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा एवं प्रवीणता दर्शाने का अवसर मिलता है। विद्यालय संचालक न्यास के पूर्व मुख्य न्यासी स्व. रतनलाल जी पारख की स्मृति में उनके सुपुत्र एवं वर्तमान मुख्य न्यासी बसंत पारख द्वारा शुरू किये गए पहली रोटी गाय की कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रति दिवस विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं कर्म द्वारा गाय माता के भोजन हेतु एक रोटी दी जाती है। इस अवसर पर कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों ने खेल एवं मनोरंजन, आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट गैलरी, शिक्षा संबंधी मॉडल, ग्रेटिट्यूड कॉर्नर, कैरियर काउंसलिंग कॉर्नर, भारत के महान व्यक्तित्व के जीवन एवं कार्य आधारित मॉडल, चूरू एवं इसके ऐतिहासिक स्थल आधारित मॉडल, विजन बोर्ड, गैर-शैक्षणिक गतिविधियों को दर्शाने वाले मॉडल आदि सहित विभिन्न स्टॉले लगाई गई। विद्यालय के अध्यापक रोहित पांडे, अध्यापिका ज्योति मेड़तिया एवं उर्मिला शर्मा के निर्देशन में लगी बुक स्टॉल में अभिभावकों एवं माता-पिता ने विभिन्न विषयों से जुड़ी न केवल पुस्तके खरीदी। ट्रस्ट के मुख्य न्यासी बसंत पारख सहित अन्य सदस्यों ने दिल्ली एवं कोलकाता से भी दूरभाष के माध्यम से यूथ फेयर-2025 में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को साधुवाद दिया। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद धुआं, घनश्याम शर्मा, विजय शर्मा, महेश शर्मा, मनीष शर्मा, सुनील चोटिया, नवनीत शर्मा, नरेन्द्र सिंह, भवानी सिंह, मुदित शर्मा, लीलाधर कत्थक, कल्पना जांगिड़, कविता प्रजापत, सुमन प्रजापत, वंदना शर्मा, नमीता बुडानिया, चंद्रप्रभा शर्मा, नीलम शर्मा, नूतन शर्मा, विजय राठौड़, मिनाक्षी टाक, माया कंवर, चंदा राहड़ आदि सहित अभिभावकों ने भाग लिया।

# नवनियुक्त कार्मिक स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को करें आत्मसात : जिला कलेक्टर



### 172 कार्मिकों को सौंपे वेलकम किट

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नगर परिषद टाउनहॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने विभिन्न विभागों के नवनियुक्त 172 कार्मिकों को वेलकम किट प्रदान किये। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद विधायक बाड़ी जसवन्त सिंह गुर्जर ने नवनियुक्त कार्मिकों को कर्मयोगी की भांति लोकदायित्वों के निर्वहन का संदेश दिया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने अपने उदबोधन में नवनियुक्त कार्मिकों को स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को आत्मसात करने की सीख दी। उन्होंने स्वयं के अनुभव से बताते हुए कहा कि उन्होंने रामकृष्ण परमहंस मिशन के संस्थान से स्कूली शिक्षा अर्जित की। जिसने उनके विचारों को पोषित एवं परिष्कृत किया और सिविल सेवक बनकर कार्य करने की प्रेरणा दी। भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंन्द्र पाराशर ने नवनियुक्तों को लक्ष्य प्राप्ति तक न रुकने और सेवा निवृत्ति तक जनकल्याण की भावना से काम करने का संदेश दिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, भाजपा नेता शिवचरण कुशवाह, कोषाधिकारी संतोष मंगल, नवनियुक्त कार्मिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### केन्द्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी रहेंगे दो दिवसीय धौलपुर दौरे पर

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार राजभूषण चौधरी दो दिवसीय धौलपुर दौरे पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय राज्य मंत्री 13 जनवरी के प्रातः धौलपुर पहुंचेंगे। यहां पहुंचकर वे स्थानीय प्रशासन से वार्ता के पश्चात राजकीय मैडीकल कॉलेज एवं नवीन जिला चिकित्सालय का भ्रमण करेंगे। इसके बाद वे सरमथुरा तहसील के आदर्श गांव पिपरेट पहुंचकर भ्रमण करेंगे। धौलपुर सर्किट हाउस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से वार्ता कर रात्रि विश्राम के पश्चात अगले दिवस 14 जनवरी को वे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पचगांव का भ्रमण करेंगे। वे आंगनबाड़ी केन्द्र नरपुरा पर अन्न प्रासन कार्यक्रम में शिरकत कर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुरानी छावनी का भ्रमण करेंगे। चौधरी सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में स्थित साइंस म्यूजियम का अवलोकन करेंगे। इसके पश्चात वे जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आशन्वित जिला कार्यक्रम एवं केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगे।

### पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्थल गढ़ चौराहे पर सोती चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका विमला शर्मा ने बताया की विधायक हरलाल सारण, दीपचंद राहड़ प्रधान द्वारा राहगीरों को गर्म हलवा एवं पकौड़ी खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष शंभू दयाल शर्मा, नगर अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, विश्वनाथ राजगुरु, जयकुमार शर्मा, जगदीश शर्मा, सुनील भाऊवाला, सुरेन्द्र बावलियां, मनोज गुप्ता, वीरेंद्र वर्मा, मुकुल भाटी, नवरत्न चोटिया, मानव शर्मा, राधेश्याम जांगिड़, योगेश गौड, विनोद राठी, सुशील शर्मा, सी पी शर्मा, संदेश शर्मा, दीपिका शर्मा, उषा दयाल व सोहनी प्रजापत ने अपनी सेवा प्रदान की।

### वार्षिक आम सभा का आयोजन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नीमराणा बने सचिव शिक्षक भवन में मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन इकाई की ओर से वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसीएमएचओ डॉ. एहसान गौरी, आईएमए अध्यक्ष डॉ राहुल कस्वां, आईएमए सचिव डॉ. अरुण वर्मा, शिक्षक भवन ट्रस्टी राजपाल दहिया, कर्मचारी महासंघ सदस्य रीछपाल चारण आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि ईश्वर सिंह नीमराणा को चूरू यूनिट का सचिव, सुरजीत सारण, इरशाद नारू को सह सचिव, जिला कोषाध्यक्ष अनिल सैनी, सह कोषाध्यक्ष विष्णु चौहान, नदीम खान, सीएससी सतीश कुमार व एसडब्ल्यूसी देवाराम आदि की नियुक्ति सर्वसम्मति से की गई। जिसमें राज्य कार्य कारिणी सचिव सवाईदान चारण व राज्य कार्यकारिणी सदस्य ताहिर सैयद आदि मौजूद रहे। आम सभा में चूरू इकाई के सभी सदस्य उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में राजेश सांखला ने सहयोगिय भूमिका निभाई। संचालन अजय पाल सिंह ने किया।

### युवाओं ने रखे विवेकानंद के जीवन दर्शन पर विचार



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमन्द।** माय भारत, नेहरू युवा केन्द्र एवं एनएसएस की ओर से सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय महाविद्यालय, राजसमंद के सभागार में विवेकानंद जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. सुमन बड़ोला ने कहा की युवा स्वामी विवेकानन्द के आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने कहा की विवेकानंद अपने ओजस्वी एवं श्रेष्ठतम विचारो से असंख्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित करने वाले भारतीय स्वाभिमान के एक अमर स्वर हैं। जिन्होंने अपने देश-धर्म को दुनिया में नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई हैं। सामाजिक रूढ़ियों को समाप्त करने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। युवा स्वामी विवेकानंद के बारे में अध्ययन कर स्वयं के भीतर नई चेतना जागृत करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. गोपाललाल कुमावत ने कहा कि नौजवान पीढ़ी ही कल का भारत है। इसलिए युवाओं का उत्तरदायित्व है कि वह देश को हर कदम पर मजबूती के साथ आगे बढ़ाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नेहरू युवा केन्द्र राजसमंद के कार्यक्रम सहायक हनवंतसिंह चौहान ने कहा कि युवावस्था का मतलब है अपनी उम्मीदों को संजोना। यह विकास एवं परिवर्तन का समय है,जो सिखने के साथ साथ समाज में बेहतर तालमेल बनाते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए आगे बढ़ना होगा। युवावस्था हमारे जीवन का वह समय है जो हमें निर्णय लेने और अपने भविष्य के लिए बेहतर विकल्प चुनने का अवसर प्रदान करता है। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषयक भाषण प्रतियोगिता में कन्हैयालाल तेली ने प्रथम, भूमिका साध्या ने द्वितीय एवं ममता कुमावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका डॉ.अनिल कुमार कालोरिया, डॉ.राकेश कुमार बागोटिया, डॉ.राजश्री शेखावत ने निभाई। विजेताओं को अतिथितियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर उन्हें प्रेरित किया। प्रारंभ में अतिथियों ने स्वामी विवेकानन्द की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा से याद किया। डॉ. विभा शर्मा, जीनल, भूमिका, आभार सहायक आचार्य विजेंद्र कुमार शर्मा, शंकर गाडरी, डॉ. निर्मला मीणा, डॉ.मीनाक्षी बोहरा, डॉ.विष्णु बावरी, प्रशासनिक सहायक रामेश्वर दयाल शर्मा आदि मौजूद थे।

# संविधान रक्षक अभियान का चूरू जिला मुख्यालय पर शुभारंभ



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चांवरिया के मुख्य आतिथ्य में चूरू जिला मुख्यालय पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल पर संविधान रक्षक अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चांवरिया ने कहा की कांग्रेस पार्टी की ओर से देशभर में 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर शुरू किये गए संविधान रक्षक कार्यक्रम जो की देशभर में 60 दिन तक चलेगा यह अभियान 26 नवंबर से 26 जनवरी तक देशभर में चलाया जाएगा। इसी श्रृंखला में चूरू जिला मुख्यालय पर संविधान रक्षक कार्यक्रम शुभारंभ किया गया हैं। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चांवरिया ने कहा संविधान रक्षक कार्यक्रम के अन्तर्गत संविधान की रक्षा, एक संविधान-समानता का अधिकार,आरक्षण की रक्षा-संविधान की गारंटी, भेदभाव से छुटकारा-संविधान का नारा समेत अन्य मुद्दों पर राजस्थान प्रदेश भर में रैलियां, डोर-टू-डोर कैंपेन आयोजित किये जा रहे हैं।

# प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 'यंग इंडिया के बोल' सीजन-5 का आरंभ



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** शहर एवं देहात ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यालय मण्डेलिया हाऊस में भारतीय युवा कांग्रेस ने आज अपने प्रमुख कार्यक्रम 'यंग इंडिया के बोल' के 5वें संस्करण का शुभारंभ किया। प्रेस वार्ता में राजस्थान प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं चूरू जिला प्रभारी जयदत जांगिड़, शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर, युवा कांग्रेस नेता हर्ष लाम्बा, युवा कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट सद्दाम हुसैन, सोयल डीके, पार्षद अजीज खान दिलवावरखानी, जितेन्द्र शर्मा, तोफिक खान, पार्षद शाहरूख खान, पार्षद तोफिक खान, विकास धिनवाल इत्यादि उपस्थित थे। इसी विचार के तहत 'यंग इंडिया के बोल' नामक प्रवक्ता खोज कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस वर्ष 'यंग इंडिया के बोल' के 5वें संस्करण का मुख्य फोकस भाजपा सरकार की नशे की समस्या और बेरोजगारी से निपटने में पूर्ण विफलता पर होगा। यह कार्यक्रम भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अभियान 'नौकरी दो, नशा नहीं' के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य युवाओं, छात्रों, पेशेवरों, जमीनी कार्यकर्ताओं और राजनीति के प्रति उत्साही लोगों को एक मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपनी आवाज उठाएं और इस गैर जिम्मेदार सरकार तक अपनी बात पहुंचाएं।' इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आमंत्रित किया जाएगा।

# दो साल से खोए मोबाइल पुलिस ने जब्त किए

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमन्द।** साइबर शील्ड अभियान के तहत चारभुजा पुलिस ने दो साल से खोए हुए मोबाइल को पुलिस ने 12 लोगों को लौटाए। पुलिस जिला अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक महेंद्र कुमार के आदेश पर कुंभलगढ़ वृत्ताधिकारी ज्ञानेंद्रसिंह के निर्देश पर चारभुजा थानाधिकारी गोवर्धनसिंह ने थानास्तर पर टीम का गठन कर तकनीकी तरीके से गुम हुए मोबाइल के आईएमईआई के नंबरों का वेरिफिकेशन करते हुए 12 मोबाइल जप्त किए। जो गुम हुए मोबाइल धारकों को बुलाकर पुलिस द्वारा 12 ही लोगों को वापस किया।

जहां पर मोबाइल धारकों के चेहरे खिल उठे। मोबाइल धारक देसूरी निवासी शंकरलाल भील, खरनी खेड़ा निवासी उदयसिंह पुत्र फतेहसिंह, झीलवाड़ा निवासी शंकरलाल पुत्र पुखराज बलाई, गोमती निवासी सुरेश पुत्र छगनलाल खटीक, लाम्बोडी निवासी मांगीलाल पुत्र भेराराम गुर्जर, चारभूजा निवासी किशनलाल पुत्र मांगीलाल, सेवंत्री निवासी जयश्री पत्नी रमेश पंडिया, आसन निवासी भेरूलाल पुत्र अमरचंद साथिया निवास महेंद्रसिंह पुत्र सोहनसिंह, मानवता का गुड़ा निवासी हसमुख पुत्र मदनदास वैष्णव, चारभूजा निवासी जितेंद्र पुत्र देवीलाल गुर्जर, रोहित प्रजापत गोमती को पुलिस द्वारा उनके मोबाइल थाने पर बुलाकर लौटाए गए। इस दौरान कांस्टेबल लक्ष्मणलाल सेन, रामेश्वरलाल, कांस्टेबल राकेश कुमार एवं नानजीराम का सहयोग रहा।

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में रविवार को राज्य के 13 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान चूरू जिला मुख्यालय पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि राज्य सरकार ने अपनी घोषणा के अनुसार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मुहैया करवाए हैं। उन्होंने चूरू में बजट घोषणा अंतर्गत हो रहे विभिन्न विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पहले ही बजट में चूरू के लिए जो घोषणाएं कीं, उनके क्रियान्वयन से जिला विकास की रफ्तार पकड़ रहा है। कृषि महाविद्यालय के लिए 110 बीघा भूमि आवंटित की गई है। आरओबी, आयूबी, जीएसएस, रिंग रोड़ सहित समस्त कार्य होने से चूरू विकास की ओर उन्मुख होगा। चूरू प्रधान दीपचंद राहड़ ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और चूरू जिले में हो रहे विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार हर वर्ग को मजबूत करने का काम कर रही है। विशिष्ट अतिथि बसंत शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार देने की दिशा में नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का जो स्वप्न देखा है, उसे साकार करने की दिशा में राजस्थान सरकार दूरदर्शिता के साथ काम कर रही है। नोडल अधिकारी कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल ने आभार जताया। कार्यक्रम में जिले में नवनियुक्त टीआरए, सीएचओ, जूनियर अकाउंटेंट, अध्यापक आदि को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

# बंगाल की धरती पर गूंजे राजस्थानी लोक गीत



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** शस्य श्यामला बगं भूमि पर भारत जैन महिला मंडल द्वारा आयोजित राजस्थानी लोक गीतों की मधुर गीत गंगा बही, ऐसा लग रहा था मानो बंगाल की धरती पर राजस्थान उतर आया हो। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में राजस्थान सूचना केंद्र के निदेशक श्री हिंगलाज दान रतनू, ताजा टी वी के निदेशक श्री विश्वंभर नेवर, साहित्य प्रेमी दुर्गा व्यास, हिन्दी प्रोफेसर डाक्टर वसुंधरा मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति रही। डायरेक्टर वरिष्ठ संपादक विश्वंभर नेवर और राजस्थान सूचना केंद्र के निदेशक ने अपना वक्तव्य रखा और राजस्थानी लोक गीत और वहां की समृद्ध परंपरा पर गर्व जताया। डॉ वसुंधरा मिश्र ने बाई सा रा बीरा गीत गाकर राजस्थान के संबंधों को मीठा बताया। शिक्षाविद दुर्गा व्यास ने संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को राजस्थानी भाषा प्रेम का दीप जलाया कहकर प्रशंसा की। राजस्थानी गायिकाओं में मृदुला कोठारी, इंदु चांडक, संजु कोठारी,शशि कंकानी अतिथि महिला कलाकारों ने अपने कई परंपरागत हिचकी, बंगड़ी, प्रेम, विरह और श्रृंगार के लोकगीतों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए और जोरदार रंग जमाया। भारत जैन महिला मंडल की बहनों सुमित्रा सेठिया,मंजु छाजेड़, चंदा प्रह्लादका, सुप्यार पुगलिया,मीना सोनी ... ने खुबसूरत राजस्थानी गीत प्रस्तुत किए। विलुप्त हो रही राजस्थानी भाषा,संस्कृति को जीवित रखने का बेमिसाल प्रयास किआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष चंदा गोलछा, सरोज भंसाली, कल्पना बाफना अंजु बैद द्वारा नवकार मंत्रोच्चार के साथ गायन किया। जैन महामंडल लेडिज विंग कोलकाता की सदस्याओं में सुमित्रा सेठिया, सुप्यार पुगलिया,मीना सोनी,मंजु छाजेड ने राजस्थानी गीत गाए। अंजु सेठिया ने कार्यक्रम का संचालन राजस्थानी भाषा में किया। कार्यक्रम के पश्चात राजस्थानी केशरिया चाय और नाश्ते का सुन्दर प्रबंध किए गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध विदूषी डॉ राज्यश्री शुक्ला, साहित्य अकादमी के सदस्य रावेल पुष्प, बांग्ला लेखिका बेबी करनमा की गरिमामय उपस्थिति रहीं।

# कृष्ण जन्मोत्सव में झूमे भक्त



**राजसमन्द/चारभुजा।** नाथ मंदिर परिसर में में चल रही भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव के तहत चौथे दिन शनिवार रात को भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महामंडलेश्वर योगी हितेश्वर नाथ ने बताया कि जब पृथ्वी पर अधर्मियों का आतंकवाद बढ़ जाने से उनके विनाश को लेकर आठवे अवतार के रूप में भगवान कृष्ण को जन्म लेना पड़ा। जहां वामन अवतार, मत्स्यअवतार, वराह, नरसिंह, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध और कल्कि अवतार के बारे में बताया। महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव- देवकी के रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण जन्म की खुशी में कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया। जहां पर भक्तों ने भगवान के जयकारे लगाए तथा आरती उतारी आचार्य कृष्ण मिश्रा आचार्य विशाल पाराशरी, पंडित अजय, डॉ शोभा शर्मा, पुजारी रामचंद्र गुर्जर, रमेश हिंगड़, प्रकाशदास वैष्णव, नाथूलाल गुर्जर, पुरुषोत्तम पालीवाल, भगवती आदि मौजूद थे।

# कामकाजी महिलाओं को 11 हजार करोड़ की योजनाएं : अन्नपूर्णा

**राज्यों की परफॉर्मेंस पर रैंकिंग नहीं, चुनौतियों पर किया मंथन**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**उदयपुर।** केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि देश में महिला एंव बाल विकास विभाग को लेकर जो योजनाएं है उसको लेकर राज्यों के सुझाव और चुनौतियां सामने आई हैं और उस पर काम किया जाएगा। देश में कामकाजी महिलाओं के लिए कई योजनाएं सरकार लेकर आई है। वे उदयपुर में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास और कल्याण से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान को लेकर चल रहे चिंतन शिविर के आखिरी दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थी। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि देश के कई बड़े शहरों में कामकाजी महिलाएं ज्यादा है, उनके लिए हमारी सरकार काम कर रही है ताकि महिलाओं को काम करने में कोई समस्या नहीं हो। इसके लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार 11 हजार 200 करोड़ रुपए की योजनाएं स्वीकृत कर चुकी है। किस राज्य की परफॉर्मेंस अच्छी तो थी और किसकी खराब के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह चिंतन शिविर था। इसमें रैंकिंग नहीं की गई। इसमें तो राज्यों ने एक-दूसरे के नवाचार जो अच्छे लगे उन पर चर्चा की और जो चुनौतियां सामने आई उसको लेकर समाधान निकाला गया। चिंतन शिविर अन्य राज्यों द्वारा किए जा रहे हैं बेहतर कार्य को दूसरे राज्य द्वारा अडॉप्ट करने और किसी भी राज्य के सामने आ रही समस्या या चुनौतियों का निराकरण करने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि चुनौतियों के रूप में तो फंड रिलीज को लेकर थी उसको लेकर कुछ समस्या आई तो हमारे अधिकारियों ने उसका निराकरण निकाला और पूरे सिस्टम को समझाया। साथ ही कुछ राज्यों को योजनाओं को डाउट थे उसको स्पष्ट किया।

### दानदाताओं का रहा अच्छा सहयोग

■ अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को दानदाताओं और सहयोग करने वालों को लेकर कहा कि यह अच्छा प्रयास है और इसके लिए लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक अच्छी पहल होगी की स्थानीय व्यक्ति द्वारा किसी आंगनबाड़ी केंद्र को गोद लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का संकल्प सार्थक करने का जो उद्देश्य है उसी को लेकर हम आगे बढ़ रहे है। शिविर में महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास की राह में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर जो सार्थक चर्चा हुई उनको समग्र रूप से तैयार कर उसके समाधान और नवाचार को लेकर रिपोर्ट तैयार कर मंत्रालय उसी के अनुरूप आगे बढ़ेगा।

जोधपुर में हैंडीक्राफ्ट मेला

## गोबर से बनाया साबुन

**जोधपुर।** जोधपुर के रावण का चबूतरा मेला मैदान में हस्तशिल्प मेला चल रहा है। इस मेले में कई अनूठी स्लॉट भी सजी हुई है। ऐसे ही एक गाय के गोबर और उससे बने उत्पादों की एक स्टॉल सजी है। जहां पर लोग गौमय उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं। राकेश निहाल ने बताया कि गांव के लोग गोबर से कैसे स्वावलंबी बन सकते हैं उसको यहां पर मेले में दिखाया गया है। गाय के गोबर के साथ मिट्टी मिलाकर साबुन तैयार किया गया है। इसके अलावा गोबर से कंडो का निर्माण कर रहे हैं।

इसके अलावा गाय का घी और जड़ी बूटियां को मिक्स करके धूपबत्ती बनाई गई है। गोबर और गोमूत्र को मिक्स करके तरल खाद बनाया गया है। इसके साथ ही गोबर की भस्म से पानी तैयार किया गया है। ये पानी शरीर को स्वस्थ रखता है। उसके अलावा गोबर से बनाकर दंत मंजन आदि बनाए जा रहे हैं। राकेश ने बताया कि आज के समय में केमिकल का बोलबाला है।

# जोधपुर : टैक्सी में भीषण आग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** जोधपुर में रविवार सुबह 11 बजे एक पेट्रोल पंप पर सीएनजी भरते वक्त आग लग गई। आग से लोडिंग टैक्सी खाक हो गई। लोगों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। घटना शहर के विवेक विहार थाना इलाके के बोरानाडा में एक पेट्रोल पंप पर हुई। विवेक विहार थाना अधिकारी दिलीप सिंह शेखावत ने बताया- पंप पर सीएनजी भरवाने के दौरान लोडिंग टैक्सी में आग लग गई। बताया जा रहा है कि नोजल में लीकेज की वजह से आग लगी। सूचना मिलने के बाद पुलिस जाब्ता लेकर मौके पर पहुंचे। तब तक आग पर काबू पा लिया गया था। आग अचानक विकराल हो गई थी। पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने लोगों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। आग के चलते हाईवे पर भी निकलने वाले वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे के बाद पेट्रोल पंप पर आग से बचाव के ओर लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े होने लगे हैं। यदि आग विकराल होती तो बड़ा हादसा भी हो सकता था।

## बालोतरा के नाकोड़ा जैन मंदिर के पास भीषण आग

**▶▶ दो दुकानें और तीन गाड़ियां जलीं**



■ **बालोतरा।** बालोतरा के प्रसिद्ध जैन तीर्थ नाकोड़ा मंदिर के पास शनिवार रात करीब तीन बजे भीषण आग लग गई। आग ने दो दुकानों और तीन गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। ज्यूस और किराने की दुकानों में लगी आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि दूर-दूर से दिखाई दे रही थीं। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। बालोतरा नगर परिषद की फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने लगभग चार घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकानों में रखा सामान और तीनों वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गए। स्थानीय प्रशासन नुकसान का आकलन कर रहा है।

# छह प्रवासी कुरजां पक्षियों की मौत



**▶▶ दो अन्य कुरजा पक्षी बीमार अवस्था में मिली**
**▶▶ वन विभाग करेगी बर्ड फ्लू की जांच**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर आए छह कुरजां प्रवासी पक्षियों की शनिवार को अज्ञात बीमारी से मौत हो गई। वहीं दो अन्य कुरजां पक्षी बीमार अवस्था में मिली। जिले के देगराय ओरण के पास छोड़िया गांव की सरहद में लुणेरी तालाब के पास मृत कुरजां पक्षी मिलने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने वन्य जीव प्रेमी सुमेर सिंह को इसकी जानकारी दी। मौके पर आए सुमेर सिंह ने वन विभाग की टीम को जानकारी देकर मौके पर बुलाया। मौके पर आई वन विभाग और पशुपालन विभाग की टीम ने मृत कुरजां पक्षियों के शव व घायल पक्षियों को लेकर पशु अस्पताल गए जहां बीमार पक्षियों का इलाज करवाएंगे। वहीं मृत पक्षियों की जांच करेंगे ताकि मौत के कारणों की पुष्टि हो सके। वन विभाग के डीएफओ आशुतोष ओझा ने बताया कि पक्षियों में बर्ड फ्लू ना हो इसकी जांच की जाएगी। मृत पक्षियों का पोस्टमार्टम आदि करके जांच की जाएगी।

### छह प्रवासी पक्षियों की मौत, दो बीमार

गौरतलब है कि जिले में इन दिनों काफी संख्या में प्रवासी कुरजा पक्षी विभिन्न तालाबों पर डेरा डाले हुए हैं। हाल ही में पक्षियों में बर्ड फ्लू भी फैला है। हालांकि जैसलमेर जिले में अभी तक ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है, मगर शनिवार को एक साथ छह कुरजा पक्षी मृत व दो बीमार मिलने पर पशुपालन विभाग व वन विभाग अलर्ट मोड पर आ गए हैं। दोनों विभागों की टीमों ने मौके पर जाकर पक्षियों को पशुपालन विभाग लाए हैं और अब इनकी जांच करेंगे ताकि बर्ड फ्लू है या नहीं इसकी पुष्टि की जा सके।

# जैसलमेर : नव नियुक्त कार्मिकों को सौंपे नियुक्ति पत्र, दी बधाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय चतुर्थ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव समारोह में 13 हजार से अधिक नव नियुक्त कार्मिकों (कर्मयोगियों) को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने समारोह में 31 हजार करोड़ रुपए के 76 हजार से अधिक विकास कार्यों का लोकापर्ण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय समारोह में वर्चुअली जिलों से जुड़े एवं समारोह को संबोधित किया व नवनियुक्त कर्मयोगियों से संवाद किया एवं उन्हें नौकरी पाने पर बधाई दी। जिला स्तरीय कार्यक्रम उत्कर्ष जैनभवन जैसलमेर में जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस दौरान जिला कलक्टर प्रताप सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर पवन कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाशदान जुगतावत, कोषाधिकारी देरावरसिंह राठौड़, समाजसेवी कंवराज सिंह चौहान, जिला स्तरीय अधिकारी तथा जिले में नव नियुक्त कार्मिक उपस्थित थे।




**▶▶ 110 नव-नियुक्त कार्मिकों को मिले नियुक्ति पत्र**

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय समारोह में जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी एवं जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने प्रतिकात्मक रुप से नव नियुक्त कनिष्ठ लेखाकार नेहा व्यास, लता खत्री, सुनील, प्रेमसिंह व तुषार छंगाणी को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। वहीं पुलिस विभाग के कांस्टेबल महिपाल, नैनाराम, सीताराम तथा चिकित्सा विभाग में नव नियुक्त कार्मिक खेतसिंह एवं कोमल विश्नोई को नियुक्ति पत्र एवं वैलकम किट प्रदान किए। इस प्रकार जिले में नव नियुक्त 58 कनिष्ठ लेखाकार, 32 कान्सटेबल एवं 20 चिकित्सा विभाग के कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्राप्त होने का सुअवसर मिला।

### ईमानदारी से करें कार्य

जैसलमेर विधायक भाटी ने राजकीय सेवा में नव नियुक्त सभी कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए कृत संकल्पित है एवं उसी का परिणाम हैं कि युवाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने नव नियुक्ति कार्मिकों को सीख दी कि वे अपने सेवाकाल में पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ राजकीय कार्यों का सम्पादन कर आमजन को राहत दें। उन्होंने कहा कि जैसलमेर जिले को एक साथ 58 कनिष्ठ लेखाकार एवं अन्य कार्मिक मिलने से विभागों के राज कार्य में गति आएगी। उन्होंने कहा कि कार्मिकों के लिए दोहरी खुशी का दिवस हैं कि उन्हें स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उन्हें यह तोहफा मिला है।

## बाइक चोरी के संदेह पर मारपीट



**चार आरोपी गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी**

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी इलाके में चोरी के संदेह पर दलित युवक को उल्टा लटकाकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने अब तक चार जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम आरोपियों से पूछताछ करने के साथ शेष शामिल आरोपियों की तलाश की जा रही है। पीड़ित युवक बाइक चोरी व रेप मामले में जेल जा चुका है। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया- 10 जनवरी को गुड़ामालानी थाने के भाखरपुरा गांव में श्रवण कुमार (25) पुत्र गंगदाराम निवासी खारवा भाखरपुरा के साथ उसके पड़ोसी ईशराराम पुत्र अचलाराम एवं अन्य ने बाइक चोरी की वारदात के शक पर मारपीट की थी। इसका वीडियो 11 जनवरी को किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया।

## जैसलमेर के देवीकोट, देवा व रामदेवरा को मिली नई एंबुलेंस

**▶▶ विधायक छोटूसिंह भाटी ने दिखाई हरी झंडी**




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. राजेंद्रकुमार पालीवाल ने बताया कि राज्य स्तर से जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवीकोट देवा व रामदेवरा को नई एएलएस 108 एंबुलेंस की सौगात मिली है, सीएमएचओ कार्यालय स्वास्थ्य भवन परिसर से रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवीकोट, देवा व रामदेवरा के लिए प्राप्त 108 एंबुलेंसों को जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया किया। विधायक भाटी ने बताया कि तीनों चिकित्सा संस्थानों के लिए नई 108 एंबुलेंस के संचालन से आपातकालीन स्थितियों में संबंधित क्षेत्र के मरीजों को चिकित्सा संस्थानों तक निःशुल्क परिवहन सेवा का लाभ मिलेगा। डा. पालीवाल ने बताया कि अब जिले में 16 बेसिक लाइफ सपोर्ट 108 एंबुलेंसो, छह एडवांस लाइफ सपोर्ट 108 एंबुलेंसो, तेरह 104 एंबुलेंसो तथा 10 ममता एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर समाजसेवी कवराज सिंह, अरुण कुमार पुरोहित, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य ) डा. एम डी सोनी, जिला औषधि भंडार प्रभारी अधिकारी डा. निखिल शर्मा, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डा. नारायणराम, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय सिंह कड़वासरा, जिला कार्यक्रम समन्वयक उमेश आचार्य, 108 जिला नोडल अधिकारी दीपक बिससा, सांख्यिकी निरीक्षक अशोक कुमार छींपा, परमसुख सैनी एवं चिकित्सा विभाग के कार्मिक उपस्थित थे।

# व्यापार जगत

**रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर**

# 2030 तक लक्ष्य पूरा करने की कवायद



**मिनिस्ट्री ने साल 2024 का जारी किया डेटा**

**नई दिल्ली।** साल 2025 में नरेंद्र मोदी सरकार को एक और अच्छी खबर मिली है। न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मिनिस्ट्री ने साल 2024 का जो डेटा जारी किया है, उसे देखकर पीएम मोदी खुश होंगे। देश के इस महत्वपूर्ण सेक्टर में साल 2024 में कमाल हो गया है। मोदी सरकार साल 2030 तक अपने एक महत्वपूर्ण लक्ष्य को पूरा करना चाहती है। क्या सरकार इस सेक्टर में अपना लक्ष्य पूरा कर पाएगी? यहां हम बात रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर की कर रहे हैं। न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मिनिस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार भारत ने 2024 में लगभग 30 गीगावाट की रेकॉर्ड रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता वृद्धि दर्ज की है। यह साल 2023 में दर्ज 13.75 गीगावाट से 113 फीसदी अधिक है। भारत की अब रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता 218 गीगावाट हो गई है।

### हर साल बढ़ रही क्षमता

■ देश में रिन्यूएबल एनर्जी पैदा करने की क्षमता साल दर साल बढ़ रही है। इस बारे में सरकार ने आंकड़े जारी किए हैं। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वर्ष 2023 में 13.75 गीगावाट से वर्ष 2024 में लगभग 30 गीगावाट तक की तीव्र वृद्धि हुई है। इस कारण करीब 218 गीगावाट का लक्ष्य हासिल हुआ है।

### दुनिया में तीसरा स्थान

रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार इससे जुड़े कई प्रोग्राम देश में चला रही है। इनमें पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भी शामिल है। सरकार का उद्देश्य साल 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने का है। रिन्यूएबल एनर्जी पैदा करने में भारत का दुनिया में तीसरा स्थान है। इसमें पहले स्थान पर चीन और दूसरे पर अमेरिका है।

### लेकिन यहां सरकार के पास नहीं कोई प्लानिंग

रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर बेशक तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसके कचरे को खत्म करने के लिए सरकार के पास कोई ठोस प्लानिंग नहीं है। सोलर पैनल का कचरा देश में तेजी से बढ़ रहा है। अभी तक सोलर पैनल का एक लाख टन कचरा पैदा हो गया है। साल 2030 तक यह बढ़कर छह लाख टन हो सकता है। इनकी रीसाइक्लिंग सही से न होने के कारण पर्यावरण में जहरीले केमिकल और भारी धातुएं फैल रहे हैं।

# अंबानी की कंपनी को छह माह में 22% नुकसान



**नई दिल्ली।** पिछला हफ्ता शेयर मार्केट के लिए काफी बुरा रहा। पूरे हफ्ते मार्केट में गिरावट रही। इस दौरान सेंसेक्स 1,844.2 अंक या 2.32 फीसदी गिरा। वहीं निफ्टी में 573.25 अंक या 2.38 फीसदी की गिरावट आई। इस गिरावट के कारण देश की पांच सबसे मूल्यवान कंपनियों का मार्केट कैप 1.86 लाख करोड़ रुपए गिर गया। सबसे ज्यादा झटका एचडीएफसी बैंक को लगा। वहीं दूसरी ओर पिछले छह महीने में मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को भारी नुकसान हुआ है। पिछले हफ्ते देश की टॉप 10 कंपनियों में से पांच का कुल मार्केट कैप 1,85,952.31 करोड़ रुपए गिर गया। सबसे ज्यादा नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 70479.23 करोड़ रुपए घटकर 12,67,440.61 करोड़ रुपए रह गया। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और आईटीसी के मार्केट कैप में भी गिरावट आई।

**किस कंपनी को कितना नुकसान?**

एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 70,479.23 करोड़ रुपए घटकर 12,67,440.61 करोड़ रुपए रह गया। आईटीसी का मार्केट कैप 46,481 करोड़ रुपए गिरकर 5,56,583.44 करोड़ रुपए रह गया।

### इन कंपनियों का बढ़ गया मुनाफा

■ वहीं दूसरी ओर पिछले हफ्ते कुछ कंपनियों का मुनाफा बढ़ भी गया। इसमें टीसीएस, एचसीएल टेक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारती एयरटेल शामिल हैं। सबसे ज्यादा मुनाफा टीसीएस का बढ़ा। इस कंपनी का मार्केट कैप पिछले हफ्ते 60,168.79 करोड़ रुपए बढ़कर 15,43,313.32 करोड़ रुपए हो गया।

## आपका राशिफल 13 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करें। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को ह): लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यो का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यो में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक

## वन 97 कम्युनिकेशंस के शेयर 21 प्रतिशत चढ़े

**▶▶ 20 जनवरी कंपनी के लिए अहम दिन**




**मुंबई।** पेटीएम की पैरेंट कंपनी- वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयरों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट देखी गई। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यह शेयर 6.47 प्रतिशत गिरकर 836.10 रुपए के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। इस कीमत पर यह पिछले साल 17 दिसंबर को देखे गए अपने 52-सप्ताह के उच्चतम 1,063 रुपए से 21.35 प्रतिशत गिर चुका है। पिछले छह महीनों में शेयर में 80 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। फिनटेक कंपनी पेटीएम 20 जनवरी को अपनी तीसरी तिमाही (अक्टूबर से दिसंबर तक) के नतीजे घोषित करने वाली है। फर्म ने सितंबर 2024 तिमाही के दौरान लिस्टिंग के बाद से अपना पहला तिमाही लाभ दर्ज किया था। कंपनी का मुनाफा दूसरी तिमाही में 928.3 करोड़ रुपए रहा, जबकि एक तिमाही पहले में 838.9 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड घाटा हुआ था।

## लोन पर 7% तक की ब्याज सब्सिडी

**नई दिल्ली।** कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्ट्रीट वेंडर्स के लिए प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि स्कीम की शुरुआत की थी। इस स्कीम के तहत लाभार्थियों को सस्ती ब्याज दर पर 50 हजार रुपए तक लोन दिए जाने की सुविधा है। यह लोन बिना गारंटी दिया जाता है। पहले 10 हजार रुपए का लोन मिलता है। इसके बाद 20 हजार और फिर 50 हजार रुपए लोन दिया जाता है। यह सब समय से पेमेंट पर निर्भर करता है। ब्याज सब्सिडी योजना के तहत नियमित री-पेमेंट को सात प्रतिशत ब्याज सब्सिडी के साथ प्रोत्साहित किया जाता है और डिजिटल ट्रांजैक्शन पर प्रति वर्ष 1200 रुपए तक का कैशबैक दिया जाता है। सब्सिडी की रकम तिमाही आधार पर जमा की जाती है। समय से पहले लोन भुगतान करने पर सब्सिडी कर रकम एकमुश्त दे दी जाती है। जानकारी के लिए बता दें कि योजना के तहत लोन को समय से पहले ही भुगतान कर दिया जाता है तो किसी तरह का जुर्माना नहीं देना होगा।

## 1000 पार जाएगा 'द इंडियन होटल्स' का शेयर




**मुंबई।** अगर आप टाटा ग्रुप के किसी शेयर पर दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए काम की खबर है। टाटा ग्रुप के एक शेयर पर मार्केट एक्सपर्ट बुलिश हैं और इसमें दांव लगाने की सिफारिश कर रहे हैं। यह शेयर- द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड का है। कंपनी के शेयर पर प्रमुख ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने खरीदने की सलाह दी है और 1000 रुपए का टारगेट प्राइस दिया है। बता दें कि कंपनी के शेयर पिछले शुक्रवार को 2% से अधिक गिरकर 805.75 रुपए पर बंद हुए थे। इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड इंडियन हॉस्पिटैलिटी कंपनी है। प्रमुख ताज होटल चेन का स्वामित्व टाटा समूह की कंपनी के पास है। जेफरीज ने कहा कि इंडियन होटल्स का पिछले लक्ष्यों को पूरा करने का ट्रैक रिकॉर्ड नए लक्ष्यों को पूरा करने में विश्वास दिलाता है। ब्रोकरेज ने कहा कि इंडियन होटल्स को इंडस्ट्री टेलविंड्स, बाजार हिस्सेदारी के विस्तार के साथ-साथ रेट प्रीमियम और प्रबंधन शुल्क आय में वृद्धि से फायदा होगा।

### ▶▶ इंडियन होटल्स के शेयर

जेफरीज ने टाटा के स्वामित्व वाले इंडियन होटल्स के शेयरों पर 1000 रुपए (पहले 900 रुपए से ऊपर) के टारगेट प्राइस पर खरीदारी की रेटिंग बनाए रखी है। टारगेट प्राइस इंडियन होटल्स के प्रत्येक स्टॉक पर शुक्रवार के 805.75 रुपए के बंद स्तर से 195 रुपए की बढ़ोतरी का सुझाव देता है। इस बीच, इंडियन होटल्स ने घोषणा की है कि उसका बोर्ड 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही और नौ महीनों के स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और मंजूरी देने के लिए 17 जनवरी को बैठक करेगा। इंडियन होटल्स निफ्टी मिडकैप 50 स्टॉक है। टाटा का शेयर पिछले छह महीने में 32 फीसदी और एक साल में 75 फीसदी चढ़ा है।

# चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित को मिलेगी कप्तानी !



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने बताया कि स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा इस साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी तक भारतीय कप्तान बने रहेंगे। इसके अलावा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत का अगला कप्तान बनाने पर विचार किया जा रहा है। रोहित की कप्तानी यादगार लेकिन कुछ बेहद निराशाजनक उतार-चढ़ाव का मिश्रण रही है। चाहे वह 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के दौरान घरेलू मैदान पर लगातार 10 मैचों की जीत का सिलसिला हो, जिसका फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारना या 2024 में बारबाडोस में आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब में खिताब जीतना हो, रोहित की कप्तानी ने प्रशंसकों को बहुत सारी सकारात्मकताएं दी हैं। उनके नेतृत्व में टीम ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में भी जगह बनाई, जहां वे ऑस्ट्रेलिया से हार गए। हालांकि 2024 की दूसरी छमाही के बाद से बल्लेबाज और कप्तान दोनों के रूप में 'हिटमैन' का भाग्य साथ छोड़ता नजर आ रहा है। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज से शुरू हुए 2024/25 टेस्ट सीजन में रोहित ने आठ मैचों और 15 पारियों में 10.93 की औसत से सिर्फ 164 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 52 रहा। हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान वह तीन टेस्ट मैचों में सिर्फ 31 रन बना सके जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 10 रहा। उनका फॉर्म को लेकर संघर्ष ऐसा था कि उन्होंने सिडनी में अंतिम टेस्ट से बाहर रहने का विकल्प चुना। कप्तान के रूप में रोहित ने हाल ही में निचले स्तर को छुआ है।

रावलपिंडी, लाहौर और कराची पाकिस्तान के तीन स्थल होंगे जो टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। प्रत्येक पाकिस्तानी स्थल में तीन ग्रुप गेम होंगे जिसमें लाहौर दूसरे सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा। लाहौर नौ मार्च को फाइनल की मेजबानी भी करेगा, जब तक कि भारत क्वालीफाई नहीं करता, ऐसी स्थिति में यह दुबई में खेला जाएगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में रिजर्व दिन होंगे। भारत से जुड़े तीन ग्रुप मैच, साथ ही पहला सेमीफाइनल दुबई में खेला जाएगा।

पाकिस्तान 19 फरवरी को कराची में ग्रुप ए टूर्नामेंट के पहले मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। दुबई लीग की शुरुआत अगले दिन भारत और बांग्लादेश के बीच होगी। ग्रुप बी की शुरुआत 21 फरवरी को होगी, जिसमें अफगानिस्तान का मुकाबला कराची में प्रोटियाज से होगा। इसके बाद शनिवार (22 फरवरी) को लाहौर में प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच भिड़ंत के साथ एक बड़ा वीकेंड शुरू होगा जिसके बाद बहुप्रतीक्षित पाकिस्तान-भारत मुकाबला होगा। चैंपियंस ट्रॉफी में आठ टीमें प्रसिद्ध सफेद विजेता ट्रॉफी और जैकेट के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, जो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 की अंक तालिका में शीर्ष आठ स्थानों पर रही हैं।

### बॉक्सिंग डे और नए साल में टेस्ट मैच में हार

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ठीक पहले भारत ने 12 वर्षों में अपनी पहली घरेलू टेस्ट सीरीज न्यूजीलैंड से 0-3 से गंवा दी। यह तीन या अधिक मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में उनका पहला वाइटवॉश भी था। जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में पहला टेस्ट 295 रनों से जीतने के बाद रोहित अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद टीम में लौट आए। हालांकि, उनकी वापसी पर भारत एडिलेड में गुलाबी गेंद से टेस्ट हार गया, ब्रिस्बेन में तीसरा टेस्ट ड्रा करने में सफल रहा, लेकिन मेलबर्न और सिडनी में क्रमशः बॉक्सिंग डे और नए साल का टेस्ट हार गया।

### रोहित के टेस्ट रिकॉर्ड में आई गिरावट

2024 के कैलेंडर वर्ष में रोहित ने छह टेस्ट गंवाए जिसमें चार मैच घर में खेले गए। इससे कप्तान के रूप में रोहित के टेस्ट रिकॉर्ड में गिरावट आई जिसमें 12 जीते और नौ हारे, जबकि तीन ड्रॉ रहे। दूसरी ओर, बुमराह ने अब तक तीन टेस्ट में नेतृत्व किया है जिसमें से एक जीता और दो हारे हैं। भारत का इंतजार कर रही सबसे नई चुनौती आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच दो चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी धारक और मेजबान पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में क्रिकेट विश्व कप 2023 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

## करुण और ध्रुव के नाबाद शतक

### विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा विदर्भ



**बड़ौदा।** यश ठाकुर (चार विकेट) के बाद करुण नायर (नाबाद 122) और ध्रुव शौरी (118) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत विदर्भ ने रविवार को विजय हजारे ट्रॉफी के दूसरे क्वार्टरफाइनल में 39 गेंदे शेष रहते राजस्थान को नौ विकेट से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। राजस्थान के 292 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ के लिए सलामी बल्लेबाज ध्रुव शौरी और यश राठौड़ की जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 92 रन जोड़े। 19वें ओवर में अजय सिंह ने यश राठौड़ को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान करुण नायर ने ध्रुव शौरी के पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बनाए। करूण नायर ने 82 गेंदों में 13 चौके और पांच छक्के लगाते हुए (नाबाद112) रनों की पारी खेली। वहीं ध्रुव शौरी ने 131 गेंदों में 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से (नाबाद 118) रन बनाए। विदर्भ ने 43.3 ओवर में एक विकेट पर 292 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राजस्थान की ओर से एकमात्र विकेट अजय सिंह को मिला। इससे पहले रविवार को यहां विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिए।

### महिला अंडर-19 क्रिकेट मैच

## 14 साल की इरा जाधव ने बनाए 346 रन, स्मृति मंधाना का तोड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** मुंबई की 14 साल की सलामी बल्लेबाज इरा जाधव अंडर-19 क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। अंडर-19 महिला वनडे ट्रॉफी में मुंबई के लिए बल्लेबाजी करते हुए इरा ने रिकॉर्ड अपने नाम किया और अंडर-19 में सर्वोच्च रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गईं। इरा ने इस मामले में भारतीय महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को पीछे छोड़ा।



### तिहरा शतक लगाकर नाबाद रहीं इरा

अलूर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में इरा ने मेघालय के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और अपनी मैराथन पारी में 42 चौके और 16 छक्के लगाए। इरा 157 गेंदों पर 346 रन बनाकर नाबाद रहीं और उनकी दमदार पारी की मदद से मुंबई ने 50 ओवर में तीन विकेट पर 563 रन का स्कोर बनाया। यह सभी आयु वर्ग के किसी भी टूर्नामेंट में भारतीय महिला घरेलू टीम द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है। इतना ही नहीं, इरा बीसीसीआई द्वारा आयोजित सीमित ओवर के किसी टूर्नामेंट में तिहरा शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी हैं। अबतक कोई पुरुष खिलाड़ी भी ऐसा नहीं कर सका है।

### डब्ल्यूपीएल में नहीं मिला खरीदार

आठ साल की उम्र से क्रिकेट खेल रहीं इरा ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के लिए हुई नीलामी में नाम पंजीकृत कराया था। वह मिनी नीलामी में शामिल होने वाली युवा खिलाड़ी थीं, लेकिन उन्हें किसी ने नहीं खरीदा।

### जेमिमा को मानती हैं प्रेरणा

इरा ने बताया कि वह भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्ज को अपनी प्रेरणा मानती हैं। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, जेमिमा रोड्रिग्ज को खिलाड़ी हैं जिसमें मैं क्रिकेट में अपनी प्रेरणा मानती हूं। जिस तरह वह टीम की साथी खिलाड़ियों को हैंडल करती हैं और मैदान पर ऊर्जा लेकर उतरती हैं वो मुझे पसंद है। मेरा लक्ष्य राष्ट्रीय टीम में जगह बनाना है। मैं विश्व कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना चाहती हूं।

## मोहम्मद शमी की वापसी

### इंग्लैंड श्रृंखला को भारतीय टी20 टीम घोषित

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से कोलकाता में शुरू होने वाले पांच मैचों की टी20 सीरीज के दौरान भारत में वापसी करेंगे। शमी ने आखिरी बार भारत के लिए अहमदाबाद में 2023 विश्व कप फाइनल में खेला था जिसके बाद टखने की चोट के कारण वह टीम से बाहर रहे। उन्होंने सर्जरी करवाई और एक साल बाद घरेलू क्रिकेट से मैदान पर वापसी की। 34 वर्षीय खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी के बाद टी20 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेली और अभी विजय हजारे ट्रॉफी में सक्रिय हैं। वह चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया भी जा नहीं पाए थे। चयनकर्ताओं ने ध्रुव जुरेल को टीम में दूसरे विकेटकीपर के रूप में चुना है, जिसमें फॉर्म में चल रहे संजू सैमसन पहली पसंद हैं। हालांकि ऋषभ पंत एक स्थान से चूक गए। जितेश शर्मा की जगह ज्यूरेल को शामिल किया गया है।



**भारतीय टीम**

- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

## द.अफ्रीका ने पिछले कुछ वर्षों में अनुचित आलोचना का सामना किया : डिविलियर्स



**जोहानिसबर्ग।** एबी डिविलियर्स का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका की टीम ने पिछले कुछ वर्षों में अनुचित आलोचना का सामना किया है तथा उसने कई बदलाव के बावजूद विश्व टेस्ट चैं पि य नशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने के लिए अच्छा प्र दर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है और वह जून में लॉर्ड्स में प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने घरेलू सरजमीं पर भारत के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला ड्रा कराई, लेकिन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी अन्य प्रमुख टेस्ट टीमों से नहीं खेली। डिविलियर्स ने कहा, 'मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में दक्षिण अफ्रीका की अनुचित आलोचना हुई है।

## चैंपियंस ट्रॉफी : बांग्लादेश टीम की घोषणा

**ढाका।** बांग्लादेश ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम में लिटन दास और पूर्व कप्तान तथा अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का नहीं है। नजमुल हुसैन शांतो आगामी आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की अगुआई करेंगे, जो अगले महीने पाकिस्तान और यूएई में आयोजित की जाएगी। लिटन को वनडे में लगातार निराशाजनक प्रदर्शन के बाद टीम से बाहर किया गया है। पिछली 13 पारियों में वह एक भी अर्धशतक नहीं बना पाए हैं और पिछली सात पारियों में छह बार सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट हुए हैं। शाकिब को अवैध गेंदबाजी एक्शन के कारण टीम से बाहर रखा गया है। वह अपने गेंदबाजी एक्शन के दूसरे परीक्षण में भी विफल रहे। वह केवल बल्लेबाज के रूप में खेलने के पात्र थे, लेकिन बांग्लादेश ने उन्हें टीम में शामिल नहीं करने का फैसला किया है। टीम में तमीम इकबाल की कमी खलेगी जिन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहा था और टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक थे।




**टीम :** नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), सौम्य सरकार, तन्जीद हसन, तौहीद हृदयोय, मुश्फिकुर रहीम, एमडी महमूद उल्लाह, जेकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नसुम अहमद, तन्जीम हसन साकिब, नाहिद राणा

# मनोरंजन

## कार्तिक को 10 साल बाद मिली इंजीनियरिंग की डिग्री

### पुराने दिनों को याद कर हुए भावुक

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन एक्टिंग तो करते ही हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं के वे एक इंजीनियर भी हैं। कार्तिक को अपनी पढ़ाई पूरी करने के 10 साल बाद इंजीनियरिंग की डिग्री मिल गई है। ऐसे में एक्टर अपनी डिग्री लेने अपने कॉलेज गए थे जहां उनका धमाकेदार वेलकम हुआ। कार्तिक ने अपने इस खास दिन का मिक्स वीडियो शेयर किया है और अपनी खुशी जाहिर की है। कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें उनके कॉलेज के कॉन्वोकेशन डे की खास झलकियां देखने को मिली है। एक्टर का उनके कॉलेज में शानदार तरीके से वेलकम होता है। इसके बाद वे स्टेज पर स्टूडेंट्स के साथ परफॉर्म करते भी नजर आते हैं। उनके टीचर्स उन्हें बाकी स्टूडेंट्स का रोल मॉडल बताते हैं तो वहीं कार्तिक भी सभी का शुक्रिया अदा करते दिखते हैं। कॉलेज के कॉन्वोकेशन डे पर कार्तिक आर्यन को उनकी इंजीनियरिंग की डिग्री देकर सम्मानित किया जाता है। इस दौरान उनकी एक फैन उन्हें देखकर काफी इमोशनल हो जाती हैं और रोने लगती हैं। ऐसे में कार्तिक फैन को गले लगा लेते हैं और उसके साथ फोटो भी खिंचवाते हैं। वहीं कार्तिक के कुछ फैंस धागे से बनी उनकी एक फोटो उन्हें गिफ्ट करते हैं। कार्तिक आर्यन ने ये वीडियो शेयर कर कैप्शन में लिखा- 'बैकबेंच पर बैठने से लेकर मेरे कॉन्वोकेशन सेरेमनी के लिए स्टेज पर खड़े होने तक, ये क्या जर्नी रही है। डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी, आपने मुझे यादें, सपने दिए और अब, आखिरकार, मेरी डिग्री (सिर्फ एक दशक से ज्यादा समय लगा)। विजय पाटिल सर, मेरे अविश्वसनीय टीचर्स और यहां मौजूद युवा सपने देखने वालों को आपके प्यार के लिए शुक्रिया- ऐसा लगता है जैसे मैं घर आ गया हूं।'



वर्कफ्रंट पर कार्तिक आर्यन आखिरी बार फिल्म भूल 'भुलैया 3' में नजर आए थे। हाल ही में धर्मा प्रोडक्शन्स ने एक्टर के साथ नई फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' अनाउंस की है। ये एक रॉम-कॉम फिल्म है जो साल 2026 में रिलीज होगी।


## शाहरुख नहीं करेंगे आलिया संग काम

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने दिनेश विजान की फिल्म 'चामुंडा' का ऑफर ठुकरा दिया है। उन्हें इस फिल्म में आलिया भट्ट के साथ एक्टिंग करने का ऑफर मिला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिनेश विजान और अमर कौशिक अपने हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में शाहरुख खान को शामिल करना चाहते हैं। हालांकि, शाहरुख खान ने अभी हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। 'चामुंडा' फिल्म 2026 में रिलीज होगी। अमर कौशिक अपनी फिल्म 'चामुंडा' में शाहरुख को आलिया के साथ कास्ट करना चाहते थे। पर ऐसा नहीं हो पा रहा है। शाहरुख ने इस फिल्म को करने से मना कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'शाहरुख खान पहले से बने यूनिवर्स में शामिल नहीं होना चाहते। इसके बजाय वे मैडॉक और अमर कौशिक के साथ नई दुनिया शुरू करना चाहते थे। उन्होंने दोनों से कहा है कुछ नया लेकर आएं जो पहले कभी नहीं हुआ हो। दोनों अब 'चामुंडा' के लिए नए नाम कि तलाश कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि अगले दो साल में शाहरुख उनकी टीम का हिस्सा होंगे और वे उनके साथ मिलकर कुछ नया करेंगे।' कुछ समय पहले तक ऐसा कहा जा रहा था कि शाहरुख हॉरर-कॉमेडी टीम में शामिल होंगे। फैंस उन्हें अक्षय कुमार, वरुण धवन, श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, कियारा आडवानी, आलिया भट्ट और पंकज त्रिपाठी के साथ देखने के लिए काफी एक्साइटेड है।



## शुरू हुई अक्षय की फिल्म 'भूत बंगला' की शूटिंग

कॉमेडी के किंग डायरेक्टर प्रियदर्शन ने जब 'भूत बंगला' फिल्म का अनाउंसमेंट किया था तो फैंस खुश हो गए थे। 'हेरा फेरी' और 'भूल भुलैया' के बाद अब प्रियदर्शन की जोड़ी अक्षय कुमार के साथ एक बार फिर देखने को मिलने वाली है। प्रियदर्शन फिल्म 'भूत बंगला' बना रहे हैं जिसकी शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म में अक्षय कुमार के साथ तब्बू भी नजर आ सकती हैं। तब्बू ने फिल्म के सेट से इसकी तस्वीरें शेयर की हैं। तब्बू ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा, 'हम यहां बंद हैं। सीन नंबर 83, शॉट नंबर 5 और टेक नंबर 1।' बता दें कि भूत बंगला फिल्म अगले साल 2026 में रिलीज हो सकती है। हालांकि अभी तक इस फिल्म की रिलीज डेट घोषित नहीं की गई है। फिल्म को प्रियदर्शन बना रहे हैं जो कॉमेडी की दुनिया के मास्टर हैं और कई मास्टरपीस फिल्में दे चुके हैं। प्रियदर्शन की फिल्में न केवल बॉक्स ऑफिस पर धमाका करती रहीं हैं बल्कि लोगों के दिलों में उतर जाती हैं। इससे पहले भूल भुलैया, हेरा फेरी, चुप चुपके और मालामाल वीकली जैसी कई बेहतरीन फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। प्रियदर्शन की जोड़ी अक्षय कुमार के साथ कमाल रही है। दोनों एक्टर-डायरेक्टर ने मिलकर दर्शकों को खूब हंसाया है। अब एक बार फिर 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार नजर आने वाले हैं। बता दें कि अभी तक फिल्म की रिलीज डेट की कोई घोषणा नहीं की गई है। लेकिन बताया जा रहा है कि फिल्म अगले साल 2026 में रिलीज हो सकती है। तब्बू भी इस फिल्म का पार्ट हो सकती हैं। आईएमडीबी के मुताबिक फिल्म में अक्षय कुमार के साथ राजपाल यादव, वामिका गब्बी और राजपाल यादव अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। अब देखना होगा कि अक्षय कितना अपना जादू दर्शकों पर दिखा पाते हैं।



## रश्मिका की वजह से लेट हो रही तीन फिल्मों की शूटिंग !

नेशनल क्रश नाम से मशहूर हो चुकीं एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के करियर का ग्राफ बीते कुछ हफ्तों में बहुत तेजी से ऊपर गया है। एक्ट्रेस ने 'एनिमल' और 'गुडबाय' जैसी फिल्मों में कमाल की परफॉर्मेंस दी है, जिसके लिए उन्हें खूब सराहा गया। अब फैंस को रश्मिका मंदाना की अपकमिंग फिल्मों का बेसब्री से इंतजार है। लेकिन 'थामा' और 'सिंकंदर' जैसी उनकी कुछ मोस्ट अवेटेड फिल्में लगातार डिले होती जा रही हैं। वजह है एक्ट्रेस के पांव में लगी वो चोट, जिसके चलते रश्मिका शूटिंग नहीं कर पा रही हैं। अब रश्मिका मंदाना ने पोस्ट करके मेकर्स से इसके लिए माफी मांगी है। रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई तस्वीरें पोस्ट की हैं जिनमें वह पांव पर प्लास्टर चढ़वाकर लेटी हुई नजर आ रही हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, "मुझे लगता है कि मेरा हैप्पी न्यू ईयर यही था। अपने पवित्र जिम में प्रार्थना के दौरान खुद को जख्मी कर लिया। अब मैं अगले कुछ हफ्तों या महीनों तक, या भगवान जाने कब तक के लिए उछलने वाले मोड में आ गई हूं। तो ऐसा लग रहा है कि बस मैं दुआ कर रही हूं कि कब 'थामा', 'सिकंदर' और 'कुबेरा' के सेट पर वापसी करूंगी।" रश्मिका मंदाना ने तीनों फिल्मों के निर्देशकों से माफी मांगते हुए लिखा, "अपने डायरेक्टर्स से देरी के लिए माफी चाहती हूं। मैं जल्द ही वापस लौटूंगी, बस इतनी तसल्ली कर लूं कि मेरा पैर चलने फिरने के लायक ठीक हो गया है। या बस कूदने के लायक। इस बीच अगर आपको मेरी जरूरत हो तो मैं वह शख्स होऊंगी जो अपनी पूरी शिद्दत से आपके लिए खरगोश जैसी छलांग लगा दूंगी।




## कंगना के साथ 'इमरजेंसी' देखने पहुंचे नितिन गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को नागपुर में कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' देखी। 'इमरजेंसी' की स्क्रीनिंग पर अनुपम खेर भी मौजूद रहे। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर स्क्रीनिंग के बाद अपने विचार साझा करते हुए, नितिन गडकरी ने भारत के इतिहास के एक महत्वपूर्ण लेकिन गंभीर अध्याय पर प्रकाश डालने के लिए फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कंगना एक बेज रंग की साड़ी में शानदार लग रही थीं और उनके बालों में सुंदर जूड़ा था। जबकि अनुपम खेर गहरे नीले रंग के सूट में थे। स्क्रीनिंग के बाद तीनों ने मीडिया से बातचीत की और फिल्म और इसकी सब्जेक्ट के बारे में विचार साझा किए। बाद में कंगना ने इंस्टाग्राम पर गडकरी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। स्क्रीनिंग से तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने उन्हें कैप्शन दिया, '#emergency @gadbari.nitin जी के साथ। 17 जनवरी को रिलीज़ हो रही है।' मंत्री नितिन गडकरी ने अपने विचार साझा करने के लिए एक्स पर गए। यहां एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'आज नागपुर में @KanganaTeam जी और श्री @AnupamPKher जी की फिल्म इमरजेंसी की विशेष स्क्रीनिंग में शामिल हुआ। मैं हमारे देश के इतिहास के काले अध्याय को इतनी प्रामाणिकता और उत्कृष्टता के साथ प्रस्तुत करने के लिए फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। मैं सभी से इस फिल्म को देखने का आग्रह करता हूं, जो भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अवधि को चित्रित करती है।'



# कार से बरामद हुआ 96 किलो डोडा पोस्त, एक गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पिण्डवाड़ा पुलिस ने मोरस चौकी के सामने नाकाबंदी के दौरान 96 किलो डोडा पोस्त बरामद कर दो लग्जरी वाहन जब्त कर एक जने को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी हमीरसिंह भाटी ने बताया कि शनिवार शाम को उप निरीक्षक पन्नालाल मय जाब्ता की ओर से मोरस चौकी के बाहर नाकाबंदी चल रही थी। इस दौरान फोरलेन पर डोडा पोस्त से भरे वाहन कि एस्कोर्ट करते हुए एक लग्जरी कार को रुकवाकर पूछताछ करने पर मादक पदार्थ के एस्कोर्ट करने का सन्देह हुआ। उसी दौरान पीछे आ रही लग्जरी कार चालक पुलिस की नाकाबंदी देख मौके पर कार को सड़क पर खड़ी कर फरार हो गया। पुलिस दल ने उसकी झाड़ियों में काफी तलाश की लेकिन, वह अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने उस कार की तलाशी ली तो उसमें 96 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त कर आरोपि खार की ढाणी भीमरलाई पचपदरा बाड़मेर निवासी गणपतलाल पुत्र पीराराम जाट को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में मांगीलाल, लोकेश कुमार, गजेन्द्रसिंह एवं अरुण कुमार का सहयोग रहा।

## विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक औद्योगिक दौरा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रॉयल राजस्थान पब्लिक स्कूल के छात्रों ने व्यावहारिक शिक्षण अनुभव के लिए मॉडर्न इंसुलेटर कंपनी का दौरा किया। वास्तविक दुनिया के उद्योग के बारे में जानकारी ली। कंपनी के कांफ्रेंस हाल में संगोष्ठी से हुई। जहां कंपनी के मार्केटिंग हेड ने प्लांट टूर सेमिनार के बाद छात्रों को उत्पादन सुविधा के निर्देशित दौरे पर ले जाया गया। जिसमें स्लिप हाउस, शेपिंग विभाग, कटिंग और फिनिशिंग सेक्शन, सफाई और पैकेजिंग यूनिट का छात्रों ने कच्चे माल से लेकर अंतिम उत्पाद तक इंसुलेटर की पूरी निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया। प्रिंसिपल, शिक्षकों की टीम व छात्रों ने आभार व्यक्त किया। स्कूल के चेयरमैन दीपक पाठक ने कक्षा में सीखने को वास्तविक दुनिया के उद्योग प्रथाओं से जोड़ने की अनुमति दी।

## डाकघर में हुई 53वीं आमसभा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** डाक व तार कर्मचारी सहकारी समिति लिमिटेड की 53वीं आमसभा रविवार को विष्णु धर्मशाला में समिति के अध्यक्ष सांवरियालाल डिडवानिया की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें जालोर व सिरोही के डाक व टेलिफोन विभाग के 125 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। मंत्री श्यामलाल ने वर्ष वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष विजयराज ने बताया की वर्तमान में समिति के 148 सदस्य है। वर्ष 2023-24 में समिति का 4,23,516 रूपए का शुद्ध लाभ हुआ। वर्ष 2023-24 में समिति के पांच सदस्य खेताराम खत्री, हजाराम, प्रेमाराम, गणेशराम मीणा, रमेशलाल के सेवानिवृत पर सम्मानित किया गया। कार्य म में जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष प्रकाश आर्य, उम्मेदमल लुहार, राजेश घीया, गोविन्द पंचाल, नरपतसिंह, लक्ष्मण गिरी, प्रभुराम प्रजापत, लाखाराम देवासी, प्रमोद कुमार, रविन्द्र गुर्जर, बाबूलाल, अशोक माली, प्रभुराम प्रजापत आदि उपस्थित थे।

## किसान कांग्रेस की बैठक में की चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

सिरोही। शहर के बाबा रामदेव गार्डन में रविवार को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस की बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव सत्यवीर यादव एवं प्रदेशाध्यक्ष शिवभगवान नागा ने की। बैठक के दौराना किसानों ने बताया कि खाद के लिए किसानों को मजबूर किया जा रहा है और नकली खाद खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। बिजली कटौती की कई किसानों ने अपनी समस्याएं बताई। जिस पर दोनों अतिथियों ने समस्या समाधान का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि शांति व अंहिसा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हिमांशु शर्मा, पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, प्रदेश सचिव राजेन्द्र सांखला, पूर्व जिला प्रमुख अन्नाराम बोराणा, पूर्व जिला प्रमुख चंदनसिंह देवड़ा, पिण्डवाड़ा के पूर्व पालिकाध्यक्ष अचलसिंह बालिया, शांति व अंहिसा प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक प्रवीण नाथ गोस्वामी, फिरोज रंगरेज, पिण्डवाड़ा नगर अध्यक्ष सुरेश रावल, पिण्डवाड़ा पार्षद परबतसिंह काबा, किसान मंछालाल माली, मण्डल अध्यक्ष अजारी पुखराज रावल, मुकेश रावल, मोहित गहलोत, ललिता गरासिया आदि का आतिथ्य रहा। जिला प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह देवड़ा ने सब का आभार जताया।

## मंडल रेल प्रबंधक का स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा के पहली बार आबूरोड आने पर उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ की स्थानीय शाखाओं ने उनका स्वागत व अभिनंदन किया। मंडल रेल प्रबंधक ने संगठन व प्रशासन के मिलकर अजमेर मंडल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करने का भरोसा दिलाया। अध्यक्ष सुभाष जोशी, सचिव नरेश सैनी, सचिव सुधीर जोशी, इंद्रसेन महावर, असद उल्लाह, गौरव गौड़, रुपाराम देवासी, नीरज शर्मा एवं शाखा के समस्त पदाधिकारी व युवा उपस्थित थे।



## जरूरतमंदों को वितरित किए कम्बल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद द्वारा वर्धमान संस्कृति सेवाधाम मुंबई, आशा चेरिटेबल ट्रस्ट मुम्बई के सौजन्य से ठंडीवेरी में जरूरतमंद एवं पात्र महिला पुरुषों को अतिथियों की उपस्थिति में कम्बल वितरित किए। वनवासी कल्याण परिषद के शिक्षा प्रमुख मगनलाल प्रजापत ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है कड़ाके की सर्दी में असहायों की सेवा ही मानवता की सच्ची सेवा है। राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद पिण्डवाड़ा के संगठन मंत्री अशोक कुमार सेन ने राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद के सेवा प्रकल्पों की जानकारी देकर भामाशाह का आभार व्यक्त किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष गहलोत, मोहनलाल गरासिया, हकमाराम की उपस्थिति मे कम्बल वितरित किए गए।

## राव बने रेडीमेड गारमेंट संगठन के अध्यक्ष



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** रेडिमेड गारमेंट एसोशिएशन की बैठक रविवार को वाराह श्याम सभा भवन में हुई। बैठक में संगठन के हितों को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं लगातार सार्वजनिक मेले लगने पर चिंता व्यक्त की। बैठक में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक पद पर अशोक शर्मा एवं सुरेश वैष्णव को मनोनीत किया गया। अध्यक्ष पद पर श्रवणसिंह राव, विधि सलाहकार अशोकसिंह ओपावत एवं सत्यवानसिंह राजपुरोहित को मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष भंवर मेहता, कांति पुरोहित, राजू दर्जी, सचिव हीरालाल घांची, सह सचिव लियाकत खान, कोषाध्यक्ष भलाराम माली, उप कोषाध्यक्ष मसराराम देवासी, संगठन मंत्री कल्पेश श्रीमाली, सह संगठन मंत्री प्रदीप भाटी, प्रवक्ता मोंटूसिंह, पियुष संघवी को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। सभी को नए सदस्य जोड़ने के लिए एक अभियान चलाकर संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा। जामताराम देवासी, लालाराम माली, भंवर मेहता, हीरालाल घांची, हितेश घांची, कल्पेश कुमार, शेरूभाई, बगदपुरी, धीरजकुमार, दीक्षित वैष्णव, भलाराम, अशोककुमार, दीपककुमार, कांतिलाल, अशोक शर्मा, लाखाराम मेघवाल, चतराराम, लाभूराम देवासी, लालाराम माली, मुकेशकुमार, मसराराम, जाकीरभाई, मुस्ताक खां, मनसुखकुमार, राजेशकुमार, पियुष संघवी, सुरेश वैष्णव सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद ने युवा शक्ति की जाग्रति को किए कई कार्य : डॉ गावंड़े








**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिलेभर में रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। जिला मुख्यालय के विवेकानंद उद्यान में नगर परिषद की ओर से पुष्पाजंलि समारोह का आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष हेमेंद्रसिंह बगेड़िया ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे थे एवं अध्यक्षता हिन्दू युवा संगठन संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, संस्था महामंत्री अर्जुनसिंह पंवार, कोषाध्यक्ष मंगलाराम सांखला, एडवोकेट दिनेश महावर, रतन सुथार थे। जिला कलेक्टर डॉ. गवांडे ने कहा कि स्वामीजी ने अपने जीवन मे युवा शक्ति को जाग्रति के लिए विशेष कार्य किए। उन्होंने सभी से विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। अशोक शर्मा, अचलसिंह परिहार, महेश भट्ट, दिनेश बारोट, सुशीला सेन, विमला विश्नोई, गीता बारोट, मंजू देवी, विजय जोशी, योगेश दवे, संजय बोराणा, विक्रम गुर्जर, ललित दवे, हीराराम देवासी, अशोक गुर्जर, बाबूलाल देवासी, सुदर्शन व्यास, इंदु दवे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। सोमवार को बापू बाल विद्या मंदिर स्कूल सूरज पोल में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उधर, भारत विकास परिषद की ओर से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस व राष्ट्रीय युवा दिवस पर विवेकानन्द सर्किल पर विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी, शाखाध्यक्ष राजेंद्र भूतड़ा, स्थापक अध्यक्ष डॉ हेमंत जैन, जिला समन्वयक मदनलाल माली, समाजसेवी सुरेश जैन, डॉ.रमेशकुमार चौधरी, डॉ. विजयकुमार मीणा की मौजूदगी में सभी वार्डों में भर्ती मरीजों को सुरेश कुमार चंपालाल जैन ने फल एवं बिस्किट वितरित किए। प्रांतीय उपाध्यक्ष (सेवा) चौधरी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के संदेश नर सेवा ही नारायण सेवा के ध्येय पर परिषद् समाज में सेवा व संस्कार के क्षेत्र में अनवरत रूप से कार्य कर रही है। शाखाध्यक्ष भूतड़ा ने भामाशाह परिवार सहित सभी का आभार व्यक्त किया। सचिव संतोषकुमार दवे, कोषाध्यक्ष शंकरलाल सोलंकी, महेन्द्र आनंद वैष्णव, कमल किशोर भूतड़ा, शांतिलाल सोनी, रामावतार तापडिया, भैरूलाल, भूपेंद्र सोनी, अशोक जड़िया आदि उपस्थित थे।

**सांचौर।** ऑक्सफोर्ड इंटरनेशलन कॉलेज परावा में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, प्रधान नरेन्द्र विश्नोई के आतिथ्य में किया। जिसमें 50 जनों ने रक्तदान किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि रक्त दान महादान है। रक्तदान से एक-एक व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। पूर्व प्रधान विश्नोई ने कहा कि रक्त दान से बड़ा कोई दान नहीं है। महाविद्यालय निदेशक डॉ. भागीरथ विश्नोई ने समस्त स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों को रक्त दान के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में निदेशक डॉ. विश्नोई ने रक्त दान किया। प्राचार्य डॉ. सुनीता व सहायक आचार्य सुरेश कुमार, सोहनलाल जाणी, एलची विश्नोई, नारायणसिंह, रमेश विश्नोई, भजनलाल, शैतान मोदी, स्टाफ सदस्यों सहित एनएसएस स्वयंसेवकों व अन्य विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। डॉ. सत्येन्द्र उबा, डॉ. ओम प्रकाश, सहायक आचार्य लालाराम देवासी, लोकेशकुमार, अंकित शर्मा, नरेन्द्रकुमार, भग्गाराम तथा समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



इसी तरह राजकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। एनएसएस प्रभारी नारायण कुमार ने बताया कि कार्यवाहक प्राचार्य मूलाराम ने विद्यार्थियों से जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने एवं स्वामी विवेकानंद के आदर्शों के अनुसार विवेकपूर्ण जीवन जीने पर बल दिया। मुकेश कुमार ने कविता का पाठ किया तथा ज्योति सोनी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से संबंधित प्रसंगों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित किया। नारायण कुमार एवं हिंदूराम ने राष्ट्र निर्माण में स्वामी विवेकानंद के योगदान की जानकारी साझा की। संगोष्ठी का संचालन महेंद्रसिंह मीणा ने किया।



**सायला।** शहर के पुराना बस स्टैंड पर स्वामी विवेकानंद जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार देर शाम को दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, महामंत्री मांगीलाल राजपुरोहित एवं छात्र नेता रमेश चौधरी की उपस्थति में किया गया। मंडल अध्यक्ष लखारा ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया। महामंत्री राजपुरोहित ने स्वामीजी की जीवनी पर प्रकाश डाला। रमेश आचार्य, लेखदास वैष्णव, रमेश राजपुरोहित, पवन जीनगर, देवेश अग्रवाल, जगदीश राजपुरोहित समेत कई जने मौजूद रहे।

**भीनमाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भीनमाल के कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद सर्किल पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व महाआरती की। नगर मंत्री उत्सव दवे ने बताया कि स्वामी विवेकानंद भारत के महान संत, विचारक, और आध्यात्मिक गुरु थे। स्वामी विवेकानंद का जीवन आज भी प्रेरणा का स्रोत है। पूर्व प्रांत मंत्री मोहनलाल देवासी, जिला संयोजक पंकज माली, प्रांत कार्यसमिति सदस्य मोनिका चौधरी, नगर अध्यक्ष नरेश पंवार, राकेश माली, चेनराज पटेल, अश्विनसिंह, मुकेश सुन्देशा एवं पूरणसिंह आदि मौजूद थे।

**रानीवाड़ा।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर कस्बे के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) में पंचायत समिति सदस्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष मंजीराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में भव्य गोष्ठी एवं सात दिवसीय व्यावसायिक कौशल दक्षता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई। चौधरी ने फीता काट कर उदघाटन करते हुए प्रदर्शनी का अवलोकन किया। चौधरी ने प्रशिक्षणार्थियों से संबंधित प्रदर्शनी के विषय में संवाद करते हुए गहनता से उसकी जानकारी भी प्राप्त की। सभी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह भी बढ़ाया। प्रदर्शनी में तकनीकी का बेहतरीन प्रयोग करते हुए एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए गए जो कि वर्तमान भारत के विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में बढ़ते हुए कदम को प्रदर्शित कर रहे हैं। गोष्ठी को संबोधित करते हुए चौधरी ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किस प्रकार से स्वामीजी ने शिकागो में जाकर अपनी विद्वता के दम पर संपूर्ण भारत वर्ष का प्रतिनिधित्व करते हुए भारत को विश्व गुरु का खिताब दिलवाया, यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है।



**रामसीन।** महाविद्यालय प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस प्राचार्य कुलदीपसिंह चौधरी की अध्यक्षता में मनाया गया। व्यवस्थापक आशुतोषसिंह ने विवेकानंद के आदर्शों को प्रत्येक के जीवन में उतारने का आह्वान किया। महाविद्यालय के व्याख्याता अमरसिंह, किशनलाल, खुशवंत सोलंकी, भदाराम, प्रमोद कुमार, पंकज सोलंकी व अर्जुनगिरी भी मौजूद थे।



# प्रदेश सरकार आने वाली पीढ़ी के बेहतर कार्य के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से प्रयासरत : विश्नोई

## ▶ प्रभारी मंत्री विश्नोई ने नवनियुक्त कर्मयोगियों को वितरित किए कर्मयोगी किट

## ▶ विभिन्न कार्यों का किया शिलान्यास







**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के राज्य स्तरीय कार्य ्म का लाइव प्रसारण रविवार को राजकीय पीजी महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री केके विश्नोई ने कहा कि यह एक अद्भुत क्षण है एवं त्रिवेणी संगम जैसा है। क्योंकि स्वामी विवेकानंद जयंती, रोजगार उत्सव एवं राज्य में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास का कार्यक्रम साथ में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने राइजिंग राजस्थान को भी राज्य के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कहा कि इससे राज्य में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विकास की सकारात्म सोच के साथ विभिन्न घोषणाओं के सफल ि यान्वयन में लगे हुए है। प्रदेश सरकार आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतरीन कार्य करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ प्रयासरत है। इस दौरान वित्त, शिक्षा, पुलिस, चिकित्सा व स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के कुल 207 कर्मयोगियों को कर्मयोगी किट का वितरण किया गया।

### इन कार्यों का किया शिलान्यास

विधानसभा पिण्डवाड़ा के क्षतिग्रस्त पुलिओं के स्थाई मरम्मत के 8 आठ कार्यों के लिए 6.02 करोड़ का शिलान्यांस। इसके अलावा बिपरजॉय में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त पुलियाओं की मरम्मत व जीर्णोद्धार के 20 कार्यों की लागत राशि रुपए 16.74 करोड़, सांचौर, रानीवाड़ा, मंडार एवं आबूरोड मार्ग के सीएच 118-200 रेवदर सिरोही पर हाईलेवल ब्रिज निर्माण कार्य की लागत 5.18 करोड़। वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर नवीन रेलवे स्टेशन न्यू केशवगंज के लिए 2 लेन सड़क का निर्माण कार्य अनुमानित लागत 950 लाख, बनास के लिए 300 लाख, सरूपगंज के लिए 690 लाख तथा मंडार मैथिपुरा सड़क से एनएच 168 वाया मुख्य आबादी मंडार अटल पथ का निर्माण अनुमानित लागत 250 लाख, विधानसभा क्षेत्र सिरोही के बिपर जॉय तूफान अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त पुलियाओं की मरम्मत व जीर्णोद्धार के 17 कार्यों का शिलान्यास 4.75 करोड़। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र रेवदर 19 कार्यों के लिए 18.44 करोड का शिलान्यास। सनपुर से पोसीतरा सड़क, सांचौर, रानीवाड़ा, मंडार से आबूरोड सड़क स्थाई मरम्मत के लिए अनुमानित लागत 510 लाख समेत अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सांसद लुम्बाराम चोधरी, आबू.पिण्डवाडा विधायक समाराम गरासिया, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, जिला कलेक्टर अल्पा चोधरी, पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवाराम चोधरी, कोषाधिकारी अंबिका राणावत, एसीईओ रणजीत, पीडब्ल्यूडी एसई एसएम वर्मा, डीटीओ रजनीश विद्यार्थी, नरपतसिंह राणावत, चिराग रावल आदि मौजूद थे।

## राज्य व जिला प्रभारी मंत्री का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राज्य मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री केके विश्नोई के सिरोही पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत सत्कार किया गया। मीडिया प्रभारी अमृत सुथार ने बताया कि इस दौरान सांसद लुंबाराम चौधरी, विधायक समाराम गरासिया, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, जिला उपाध्यक्ष अरुण ओझा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नारायण देवासी, ताराराम माली, भाजपा की वरिष्ठ कार्यकर्ता भूबाराम माली, बाबूलाल सगरवंशी, मंडल अध्यक्ष चिराग रावल, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिपाल चारण, महामंत्री प्रकाश पटेल, रामलाल मेघवाल, बाबूसिंह माकरोडा, गीताराज पुरोहित, शंकरसिंह परिहार, राजेंद्रसिंह चौहान, कैलाश मेघवाल, प्रकाश मेघवाल, मणी बाई, खेताराम माली, लुम्बाराम राणा, महेन्द्र परिहार, दिनेश माली, मनोज माली, मानक सोनी, नीतू कंवर, गोविंद सैनी, नारायण माली, विकास रावल, घनश्यामसिंह कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**आबूरोड।** राजस्थान सरकार के राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी केके विश्नोई रविवार तड़के राजधानी एक्सप्रेस से आबूरोड पहुंचे। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सिंघल के नेतृत्व में स्वागत किया गया। प्रेमसिंह लोधा, देवेन्द्र निगम, अशोक माली, दिनेश, मुकेश मोदी, संजय कुमार, गोविंद माखिजा आदि मौजूद थे।

## प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर हुए कई आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ को जिलेभर में मनाई गई। मंदिरों में जहां पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। विहिप के जिला मीडिया प्रमुख संजय कुमार वर्मा ने बताया की जिले में कई स्थानों पर प्रभात फेरी तो कई जगह शोभायात्रा निकाली गई। वर्मा ने बताया कि लोगो ने रात को अपने घरो व निकटतम मंदिरो में दीए प्रज्जवलित किए गए। सुनारवाडा, छीपाओली, घांचीवाडा, संतोषी माता, रामझरोखा, महामंदिर, देवेश्वार महादेव, हनुमान मंदिर, चारभुजा मंदिर, राधिका के हनुमान मंदिर सहित कई मंदिरो में हनुमान चालीसा, भजन कीर्तन एवं 108 दीपको से महाआरती की गई। वर्मा ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर में राम भक्तो ने रामलला की वर्षगांठ को उत्साह के साथ मनाया। सवेरे पूजा अर्चन तो शाम को सामूहिक रूप से सुन्दरकाण्ड व हनुमान चालीसा का पाठ किया। इससे पूर्व शाम को मंदिर को दीपकों से सजाया गया। पवन आर्य, अनुपम राठौर, विजयलक्ष्मी, शालिनी वर्मा, सांत्वनासिंह, राजबाला, मंजुला खत्री, गिरीपलता गौतम, बसंती आर्य, कौशल्या, कुसुम लोहार, ओंकारसिंह उदावत, मदनसिंह परमार, भरत अवस्थी, डॉ विवेक जोशी, नरपतसिंह देवड़ा, शैलेंद्रसिंह राठौड़, विजय शर्मा, शैतानसिंह डाबी, रमेश गोमतीवाल, नटवर खंडेलवाल, राहुल बिष्ट, हस्तराम, भंवरलाल रावल, जैसाराम लोहार, कैलाश कुमार शाहिद बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थी।

## जिस मनुष्य की नीति खराब हो उससे बचकर रहना चाहिए: सागर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर के प्रथमेश गार्डन में चल रही श्रीमद भागवतकथा के चौथे दिन रविवार को सवेरे से पूजा अर्चना की गई। जिसमें महेंद्रपालसिंह, नरेंद्रपालसिंह एवं विजयपालसिंह समेत अन्यों ने आहुतियां दी। दोपहर को कथा वाचक संतोष सागर ने बताया कि भगवान सुखदेव से राजा परीक्षित गंगा घाट पर आभूषण, राजसी वस्त्र, भोजन त्याग कर वलकल वस्त्र धारण कर संध्या वंदन कर भागवत का श्रवण कर रहे है। मन के सभी मैल, लोभ, मोह, माया एवं क्रोध को त्याग कर श्रवण कर रहे है । संतोष सागर ने भगवान की कृपा के विषय में सुखदेव द्वारा अजामिल एवं ऋषि पाराशर की कथा सुनाई। उन्होंने हिरणाकश्यप एवं भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाते हुए भगवान प्राप्ति के नो मार्ग बताए गए। इसके बाद शांडिल्य मुनि के आशीर्वाद कंस के कारागृह में देवकी एवं वासुदेव के यहां कृष्ण एवं नंद बाबा के घर योगमाया के जन्म का वृतांत विस्तार से बताया। संत भजनाराम, संत रामाज्ञादास, संत पागल बाबा का सानिध्य रहा। हम्मीरसिंह राव, केशव मिश्रा, भगवतीलाल ओझा, महेश त्रिवेदी, घनश्याम मिश्रा राधेश्याम मिश्रा, रामचंद्र प्रजापत, राजेंद्रसिंह नरूका, जगदीशसिंह गुर्जर, राजबाला गुर्जर, सरिता मिश्रा, सुनीतासिंहए उषासिंह, नीलमसिंह, नमितासिंह, उत्तमसिंह, नरेंद्रसिंह डाबी, रामलाल खंडेलवाल आदि मौजूद थे।



## 70 बालिकाओं को करवाया शैक्षिक भ्रमण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही की छठी से बारहवीं की सत्तर बालिकाओं ने ऐतिहासिक शैक्षिक भ्रमण किया। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री व व्यवस्था सहयोगी गोपालसिंह राव के अनुसार केन्द्र व राजस्थान सरकार की योजनाओं का लाभ पीएम श्री विद्यालयों को मिल रहा है। पीएमश्री योजना में के तहत कक्षा छठी से बारहवीं कक्षाओं में से प्रत्येक कक्षा से दस होनहार प्रतिभाशाली बालिकाओं को चयनित किया गया। केंद्र व राजस्थान सरकार की शैक्षिक कल्याणकारी योजना की अनुपालना व अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा सिरोही के आदेशानुसार राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के तहत बालिकाओं को भ्रमण करवाया। उप प्रधानाचार्य नरेन्द्रसिंह आढ़ा ने बस को रवाना किया। बालिकाओं को अनंता मेडिकल कॉलेज लिलेरा की मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर वरिष्ठ चिकित्सकों ने एनाटोमी, पैथोलॉजी, माइक्रो बायोलॉजी, फार्माकोलॉजी, फिजियोलॉजी,जैव रसायन, सर्जरी, प्रसूतिशास्त्री सहित सभी लैबों का अवलोकन करवाकर विस्तार से समझाया गया। बालिकाओं को सज्जनगढ़ बायोलॉजीकल दिखाकर, पार्क में जो वन्य जीव है उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी। बालिकाओं को मां वैष्णो देवी मंदिर लिलेरा, फतेहसागर झील, महाराणा प्रताप संग्रहालय आदि का अवलोकन व शैक्षिक भ्रमण करवाया गया। पीएम श्री प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती अनिता चौहान, देवीलाल, जया दवे, कुसुम परमार, कल्पना चौहान, गोपालसिंह राव ने साथ रहकर बालिकाओं का मार्गदर्शन किया।

## सामूहिक विवाह को लेकर बैठक आयोजित




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** रोहिड़ा रोड अनूपदास महाराज की झोपड़ी में रविवार को मारू प्रजापत समूह लग्न सेवा समिति की बैठक कार्यकारिणी अध्यक्ष भूराराम रोहिडा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें विवाह की आमंत्रण पत्रिका और विवाह लग्न समेत मारू प्रजापत छात्रावास की भूमि पर विवाह करने के लिए समतलीकरण करने का कार्य पर विचार विमर्श किया गया। विवाह को लेकर सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। प्रधान संरक्षक मंछाराम, कार्यकारिणी अध्यक्ष भूराराम, कोषाध्यक्ष ताराराम, सहकोषाध्यक शंकरलाल, सचिन नारायणलाल प्रजापत, प्रवक्ता छोगालाल, माधुराम प्रजापत, शंकरलाल, हेमंत कुमार, अमृतलाल, कैलाश, बाबूलाल प्रजापत, रविशंकर, शंकरलाल, पनाराम, भोमाराम, नारायणलाल, अमृतलाल प्रजापत, शंकरलाल धनारी आदि मौजूद थे।

## तीन मकान में चोरी की वारदात से सनसनी





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** गांधीनगर के शिवाजी कॉलोनी में शनिवार देर रात को अज्ञात चोरों ने तीन बंद पड़े मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। नगदी, सोने-चांदी के आभूषण लेकर चंपत हो गए। रविवार सुबह चोरी की भनक लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। आवश्यक कार्रवाई को अंजाम दिया।गांधीनगर की शिवाजी कॉलोनी में चोरों ने अपने फन का कमाल दिखा दिया। सलमा प्रवीण के मकान ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। 70 हजार की नगदी, एक किलो चांदी व डेढ़ तोला सोने के आभूषणों पर हाथ साफकर दिया। सलमा घरेलू कार्य के चलते पालनपुर गई हुई थी। मकान बंद होने का चोरों ने फायदा उठाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वहीं कुछ दूरी पर ही स्थित राजकुमारी पत्नी शिवकुमार के मकान पर भी चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रामदेव मंदिर के सामने स्थित मकान से आधा किलो चांदी के आभूषण व दो-तीन हजार रुपए की नदी चुरा ली। साथ ही शिवाजी कॉलोनी हाल मुंबई के घाटकोपर निवासी गोविंदसिंह पुत्र शंकरसिंह राव के घर से भी एक तोले सोने की चेन, आधा तोला सोने के कान की नथ, 10 तोले की चांदी की आभूषण व तीन हजार रुपए की नगदी चुरा ली। सूचना मिलने पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। क्षेत्रवासियों से मकान मालिकों से चोरी की वारदात के बारे में जानकारी ली। लोगों ने एक साथ तीन मकान में चोरी की वारदात से नाराजगी जाहिर की। इस दौरान दुर्गेश राव, मुकेश मोदी, मुकेश मिश्रा समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### सीसीटीवी में कैद हुई संदिग्ध हरकत

घरों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक कैद हो गए। सीसीटीवी फुटेज में दोनों अज्ञात युवक आते-जाते नजर आए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी हैं। वहीं पुलिस कार्रवाई के दौरान दो बाइक सवार युवक की संदिग्ध नजर आए। लोगों ने संदिग्धों की बाइक के नंबर का फोटो खींचकर पुलिस को दे दिया।

## 2500 बजरंगियों ने ली देश, धर्म रक्षार्थ शस्त्र दीक्षा





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** बजरंग दल ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर शस्त्र दीक्षा का आयोजन नवीन आदर्श विद्या मंदिर हनुमान गली में किया गया। बजरंग दल जिला संयोजक कैलाश सिंदल ने बताया कि नगर में शस्त्र दीक्षा जोधपुर प्रांत संगठन मंत्री राजेश पटेल के मार्गदर्शन में हुआ। राजेश पटेल ने कहा कि आज जिस प्रकार की विकट स्थितियों में हम देश में देख रहे हैं। आने वाले खतरों को हमें पहचाना होगा देश धर्म की रक्षा के लिए हम सभी को एक होकर एक जाजम पर आकर सामाजिक समरसता एकता और इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सभी को एक जाजम पर लाना होगा। वही देश के मठ मंदिरों की रक्षण जिम्मेदारी सभी बजरंगियों को सदैव तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। बजरंग दल प्रांत संयोजक विक्रम परिहार ने बजरंगियों को आह्वान किया कि बजरंग दल की स्थापना का मूल उद्देश्य हिंदू धर्म के मठ मंदिरों लव जिहाद बहन बेटियों की रक्षा करना है। संत अभयदास महाराज तखतगढ़, जिला मंत्री लक्ष्मण रावल, नगर अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी, जोधपुर प्रांत संगठन मंत्री राजेश पटेल, प्रांत संयोजक विक्रम परिहार, केसरनाथ महाराज, विहिप जिलाध्यक्ष शंकरलाल माली, सुभाषचंद्र अग्रवाल, प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमावत, प्रखंड मंत्री जिला सह मंत्री नरेंद्र बंजारा, सागरमल सोनी, नरपतसिंह सोलंकी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य जयेश रावल, प्रांत बलोउपासना प्रमुख रविंद्र रामावत, दीपक प्रजापत, बजरंग दल प्रांत सह संयोजक नितेश अग्रवाल, विशेष संपर्क प्रमुख प्रांत मोहनलाल चौधरी, मांगीलाल चौधरी, जिला धर्म प्रचार प्रमुख प्रदीप शर्मा, जिनेंद्र शर्मा, सुरेश वैष्णव, प्रखंड संयोजक योगेश मोहरेशा, अर्जुन परमार, मुकेश प्रजापत, सुरेश प्रजापत, लादूराम प्रजापत, प्रभु बंजारा, बादल कुमार आदि मौजूद थे।

## मंडल अध्यक्ष का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अरविंदसिंह देवड़ा का स्वागत किया गया। वीपी सिंह, भवानीसिंह सोलंकी, भावेश प्रजापत, निशांत जोशी, राजवीरसिंह, दीपक अग्रवाल, वेलाराम देवासी, हितेश ओझा, कन्हैयालाल सिंधी, प्रवीण प्रजापत, राकेश अग्रवाल, परबतसिंह, हरपाल सिंह समेत मौजूद रहे।

## एसएमएस स्टेडियम में राज्यस्तरीय युवा महोत्सव का समापन समारोह

# युवाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

### स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर युवा करें सपने पूरे, विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में युवा शक्ति की सबसे बड़ी भूमिका

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत है। उनके 'उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' के संदेश को युवा आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी भीतर की शक्ति और क्षमता को पहचाने और अपने सपनों को पूरा करते हुए सफलता की नई उंचाईयों को छूएं। सीएम शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए पूर्ण रूप प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री शर्मा रविवार को एसएमएस स्टेडियम में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा प्रतिभाओं को महोत्सव में पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे आसमान में एक लम्बी उड़ान भरे। प्रदेश का हर युवा विकसित राजस्थान की दिशा में पूरी क्षमता के साथ काम करे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करे। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव खेल एवं युवा मामलात् भवानी सिंह देथा, शासन सचिव युवा मामले एवं खेल नीरज के. पवन सहित बड़ी संख्या में युवा एवं संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।




#### मुख्यमंत्री ने 11 युवाओं को यूथ आइकॉन से किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जयपुर के प्रिंस तिवारी, तनु प्रजापत, धर्मा जाट, प्रिया राठौड़, यश गर्ग, अलवर के जयदीप पांचाल, झुंझुनूं की पूजा शर्मा एवं वंशिका शर्मा, नागौर के नितेश कुमार शर्मा, अजमेर की गौरी माहेश्वरी और भीलवाड़ा के युधिष्ठिर मीणा को यूथ आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया। पुरस्कार में 1 लाख रूपये की धनराशि, प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह् प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। उल्लेखनीय है कि बजट में राष्ट्रीय युवा महोत्सव की तर्ज पर राज्य युवा महोत्सव आयोजित करने की घोषणा की थी। इसी क्रम में ब्लॉक, जिला और संभाग स्तर पर भव्य युवा महोत्सवों के आयोजित किए गए।

#### हमारे युवाओं की प्रतिभा विश्वभर में विख्यात

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा हमारे समाज के सबसे बड़े स्तंभ हैं। हमारे युवा जिस देश और प्रदेश में गए हैं, उन्होंने मेहनत कर राजस्थान का नाम रोशन किया है। आज विश्वभर में प्रवासी राजस्थानियों को अपनी हुनर और प्रतिभा से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कई देशों को प्रदेश में भाषाई संस्थान खोलने के लिए आमंत्रित किया है ताकि हमारी युवा प्रतिभाएं विदेशी भाषाओं में पारंगत होकर अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त कर सके। हम युवाओं की शैक्षणिक योग्यता के साथ ही, कौशलपरक योग्यता तथा अभिरूचि के संबंध में पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अन्तर्गत किए गए एमओयू के माध्यम से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा।

#### व्यावसायिक और उद्योग आधारित शिक्षा को किया प्रोत्साहित

*राज्य सरकार ने गत एक वर्ष में युवाओं के कौशल विकास और उनके लिए रोजगार के अवसरों के सृजन हेतु कई महत्वपूर्ण पहल की है। राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर नई शाखाओं की शुरुआत भी की गई है, ताकि हमारे विद्यार्थियों को व्यावसायिक और उद्योग आधारित शिक्षा मिल सके। अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सेलरेटर और एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी के तहत हमने युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 144 कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित कर करीब 30 हजार युवाओं का चयन और करीब 10 हजार युवाओं को करियर के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।*

#### स्टार्टअप्स लॉन्च पैड से युवा बने सक्षम

*राज्य सरकार ने स्टार्टअप लॉन्चपैड भी स्थापित किए हैं, जिससे युवाओं को नए स्टार्टअप शुरू करने और अपनी नवाचार क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। साथ ही एक साल में 900 से ज्यादा स्टार्टअप्स भी पंजीकृत हुए हैं। राजकीय महाविद्यालयों में 30 प्रतिशत सीटें छात्राओं के लिए आरक्षित करने के साथ लघु, सीमांत, बटाईदार किसानों और खेतिहर श्रमिकों के बच्चों के लिए शुल्क माफकर हम समावेशी विकास की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं।*

#### नई खेल नीति से खेल प्रतिभाओं को मिलेगा प्रोत्साहन

*मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पेरिस पैरालिंपिक में प्रदेश के खिलाड़ियों ने स्वर्ण, कांस्य सहित कुल 3 पदक जीतकर पूरे राज्य का सिर गर्व से ऊंचा किया। अब हम मिशन ओलिंपिक 2028 पर काम करते हुए 50 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नई खेल नीति तैयार कर रही है जिसमें खेल के बुनियादी ढांचे के साथ विज्ञान, विश्लेषण, परामर्श और पोषण का समावेश होगा।*

#### ग्राम पंचायत पर खेल मैदान हमारी प्रमुख प्राथमिकता

ग्रामीण बालिकाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए राज्य सरकार जयपुर, भरतपुर और उदयपुर में आवासीय बालिका खेल संस्थान स्थापित करेंगी। साथ ही, एक जिला-एक खेल योजना के अन्तर्गत प्रत्येक जिले में प्रचलित खेलों की अकादमी भी स्थापित की जा रही है। कोच और खेल विशेषज्ञ तैयार करने के लिए शीघ्र ही महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय की स्थापना भी की जाएगी। खेल एवं युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार युवाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। राज्य सरकार ने युवाओं को शिक्षा और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कई कदम उठाए हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का पहले ही साल में आयोजन किया गया ताकि हमारे युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर मिले।

---

## लघु उद्योग भारती- कोकण प्रांत का अधिवेशन



# महाराष्ट्र में एलयूबी संग मिलकर करेंगे कार्य: लोढ़ा

### प्रकाशचंद्र गुप्ता ने राष्ट्र निर्माण पर दिया जोर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** लघु उद्योग भारती के तत्वावधान में के.जे. सोमैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, चूनाभट्टी में लघु उद्योग भारती-कोकण प्रांत का अधिवेशन का आयोजन किया गया। यह




अधिवेशन नेतृत्व, संसाधनशीलता और दूरदर्शिता का प्रमाण था, जिसमें उद्योग जगत के नेताओं, सरकारी प्रतिनिधियों और उद्यमियों को सफलतापूर्वक एक साथ आए और सभी ने एक साथ काम किया। इस शिखर सम्मेलन ने इस बात को साबित किया कि कैसे एक साझा दृष्टिकोण पहाड़ों को हिला सकता है। जब उद्देश्य कार्रवाई को प्रेरित करता है, तो संभावनाएं असीम होती हैं। अधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं महाराष्ट्र सरकार के कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने कहा कि लघु उद्योग भारती राजस्थान में लघु उद्योगों को बढ़ावा देने में सरकार के साथ मिलकर काफी अच्छा कार्य कर रही है। हम महाराष्ट्र में भी इस तरह के प्रयास कर रहे हैं, जल्द ही महाराष्ट्र सरकार भी राजस्थान की तर्ज पर लघु उद्योग भारती के साथ मिलकर प्रदेश में लघु उद्योगों को मजबूती प्रदान करेगी। अधिवेशन के दौरान अपने संबोधन में लघु उद्योग भारती राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाशचंद्र गुप्त ने संस्था के व्यापक दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने हर किसी को अपने जीवन में व्यक्तिगत और व्यावसायिक चरित्र के विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण पर जोर दिया। इस अवसर पर के.जे. सोमैया विश्वविद्यालय के चांसलर समीर सोमैया ने नवाचार और विकास को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा, उद्योग और सरकार के बीच अंतराल को पाटने के महत्व पर बल दिया। इसी क्रम में श्रीपाद खेर ने अपनी उद्यमशीलता की यात्रा से उपस्थित लोगों को प्रेरित किया तथा व्यवसायों को आगे बढ़ाते समय सामाजिक रूप से जागरूक रहने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन लघु उद्योग भारती के उपाध्यक्ष रवींद्र सोनवणे के प्रेरक भाषण के साथ हुआ। उन्होंने लघु उद्योग भारती की स्थापना से लेकर एमएसएमई सशक्तिकरण के लिए एक राष्ट्रीय शक्ति के रूप में इसकी वर्तमान भूमिका तक की यात्रा का वर्णन किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार एलयूबी छोटे व्यवसायों के हितों को आगे बढ़ाता है तथा सदस्यों से विकास के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया।

#### विविध सत्रों में विद्वानों ने दिए प्रेरक वक्तव्य

शिखर सम्मेलन में कई प्रभावशाली सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विद्वानों ने प्रेरक वक्तव्य दिए। अधिवेशन के दौरान एडवोकेट रमेश सोनी और एडवोकेट जिगर सोनी ने श्रम कानून अनुपालन पर विशिष्ट जानकारी दी। इसमें एमएसएमई के लिए जटिल नियमों को सुलभ बनाने का प्रयास किया गया। सीए जी.बी. मोदी ने 14 एमएसएमई योजनाएं प्रस्तुत की एवं उनकी विशेषताओं, लाभों और पात्रता का विवरण दिया। सीएलएफपी श्रीरंग तांबे ने एमएसएमई के लिए क्रेडिट रेटिंग और विवेकपूर्ण व्यावसायिक प्रथाओं के महत्व पर जोर दिया। विनोद अग्रवाल ने जीईएम पोर्टल के लाभों और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए सीएसआईआर के साथ लघु उद्योग भारती के गठजोड़ के बारे में विस्तार से बताया।

#### श्रम कानून, वित्तीय स्वास्थ्य और एमएसएमई योजनाओं पर हुई चर्चा





#### शिखर सम्मेलन में मिला मार्गदर्शन

इस अधिवेशन में लघुउद्योमियों को काफी मार्गदर्शन मिला। इसमें से प्रतिस्पर्धा की तुलना में सहयोग, संसाधनों से अधिक उद्देश्य पर ध्यान एवं नेतृत्व कुशलता से प्रेरक व्यक्तित्व का निर्माण करना प्रमुख था। अधिवेशन में शिक्षा से लेकर सरकार और लघु उद्योग से लेकर बड़े उद्योग तक के सभी क्षेत्रों का समावेश रहा। विद्वत मंच ने बताया कि स्पष्ट दृष्टि और निस्वार्थ टीमवर्क ने साबित कर दिया है कि वित्तीय बाधाएं सार्थक प्रभाव में बाधा नहीं बन सकतीं। वहीं वक्ताओं और आयोजकों के समर्पण ने उपस्थित लोगों को बड़े मिशन में योगदान करने के लिए प्रेरित किया।

---

#### अंगीठी जलाकर सोना श्रमिकों को पड़ा भारी

## दम घुटने से एक की मौत

**अजमेर।** किशनगढ़ में बंद कमरे में अंगीठी जलाकर श्रमिकों को सोना भारी पड़ गया। दम घुटने से एक श्रमिक की मौत हो गई है। जबकि दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। मार्बल औद्योगिक मंगलमूर्ति क्षेत्र स्टीलर ब्लू फैक्ट्री की ये घटना है। मजदूर के सुबह नहीं उठने पर गांधीनगर थाना पुलिस को सूचना दी। ऐसे में सूचना पर थाना प्रभारी सुरेश सोनी मौके पर पहुंचे। कमरे के दरवाजे को काटकर श्रमिकों को बाहर निकाला गया। एम्बुलेंस की मदद से मार्बल सिटी अस्पताल लाया गया। दम घुटने से यूपी निवासी 30 वर्षीय कृष्ण यादव की मौत हुई। शव को राजकीय वाईएन हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया। जहां श्रमिक सत्यनारायण और छोटू का इलाज जारी है। वहीं गांधीनगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मणिपुर के दो गांवों में कर्फ्यू

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोक्पी जिले के दो पड़ोसी गांवों कंसाखुल और लेइलोन वैफेई में कर्फ्यू लगा दिया गया है। दोनों गांवों और उनके आसपास के इलाकों में लोगों की आवाजाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है। एक गांव के कुकी युवाओं के दूसरे गांव की एक नगा महिला पर कथित हमले के बाद से यहां तनाव है। वहीं, कामजोंग जिले के होन्गबाई इलाके में शनिवार को एक भीड़ ने असम राइफल्स के अस्थायी कैंप पर हमला कर उसे नष्ट कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक जवानों ने घर निर्माण के लिए लकड़ी ले जाने से रोका था। इससे वे लोग नाराज थे।

---

#### सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी जानकारी

# पूर्व सीएम अशोक गहलोत की गॉलब्लैडर की सफल सर्जरी

### कहा... काफी समय से होनी थी सर्जरी, लेकिन अनेक व्यस्तताओं के कारण नहीं हो पाई

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री की गॉलब्लैडर की सर्जरी हुई है। उनका यह ऑपरेशन सफलतापूर्वक हुआ है और अब डॉक्टर्स ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी है। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा, काफी समय से उनकी गॉलब्लैडर की सर्जरी होनी थी, जो अनेक व्यस्तताओं के कारण नहीं हो पाई। शुभचिंतकों की दुआओं से शनिवार को यह सर्जरी सफलतापूर्वक हो गई। उन्होंने आगे बताया कि डॉक्टरों की सलाह के अनुसार वह कुछ दिन रेस्ट पर रहेंगे। इस कारण आमजन से मुलाकात नहीं हो सकेगी। उन्होंने यह भी कहा है कि जल्द ही वे जल्द ही आमजन के उपस्थित होंगे। बता दें कि इससे पहले साल 2019 में अशोक गहलोत का मुंबई के एक अस्पताल में हर्निया का सफल ऑपरेशन किया गया था, जिसकी जानकारी भी गहलोत ने सोशल मीडिया पर साझा की थी।



फाइल फोटो

#### प्रियंका और माकन को दी जन्मदिन की बधाई

*अशोक गहलोत ने वायनाड सांसद और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने लिखा कि कमजोर वर्गों की सशक्त आवाज, ओजस्वी वक्ता, वायनाड लोकसभा क्षेत्र से लोकप्रिय सांसद तथा एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की प्रार्थना की है। गहलोत ने अजय माकन को भी जन्मदिन पर शुभकामना दी है।*

#### स्वतंत्रता सेनानी दुर्गा प्रसाद शर्मा को किया याद

*अशोक गहलोत ने स्वतंत्रता सेनानी और कांग्रेस नेता पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, स्वतंत्रता सेनानी एवं कांग्रेस नेता स्व. पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा की 15वीं पुण्यतिथि पर नमन करता हूं। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रियता से भाग लिया एवं लंबे समय तक एआईसीसी व पीसीसी में कार्य कर पार्टी की सेवा की। मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।*

---

#### आग बुझाने को कम पड़ रहा पानी, एक लाख लोगों के ऊपर घर छोड़ने की लटक रही तलवार

# अब तक 12 हजार घर जलकर खाक, 16 की मौत, 13 लापता



**लॉस ऐंजिलिस।** अमेरिकी राज्य कैलिफॉर्निया के लॉस ऐंजिलिस और इसके उपनगरों में लगी आग पांचवें दिन हवाओं के धीमे पड़ने के वावजूद फैलती रही। जंगलों से रिहाइश तक पहुंची इस आग में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है और 13 लापता हैं। 12 हजार से ज्यादा घर खाक हो चुके हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने आग से जूझ रहे इलाके को 'जंग का मैदान' बताया और कहा कि अब भी वहुत से लोग लापता हैं। आग बुझाने की कोशिशों के बीच पानी की कमी बड़ा मुद्दा वन गया है। कैलिफॉर्निया के गवर्नर ने इसकी स्वतंत्र जांच की मांग की है कि आखिर पानी की कमी ने हॉलिवुड सितारों की सरजमीं लॉस ऐंजिलिस में आग के खिलाफ जंग को कैसे नुकसान पहुंचाया है। गवर्नर ने कुछ फायर हाइड्रेट में सप्लाई की कमी और सांता यनेज जलाशय से पानी की सप्लाई की अनुपलब्धता के दावों की स्वतंत्र जांच की मांग की है। मौसम विभाग ने तेज हवाओं का पूर्वानुमान दिया है, जो इस कुदरती आपदा को और बढ़ा सकता है। फिलहाल 6 जगहों पर आग लगी हुई है। इनमें सबसे नई जगह 'आर्चर फायर' नाम दिया गया है। इस क्षेत्र में 'रेड फ्लैग' चेतावनी जारी की गई है, जो आग के गंभीर होते हालात का इशारा करती है। अब भी एक लाख लोगों के ऊपर घर छोड़ने की तलवार लटक रही है।



---

## एक नजर

#### केजरीवाल का शाह को चैलेंज, कहा...

### झुग्गी वालों को मकान दो, फिर चुनाव नहीं लड़ूंगा



**नई दिल्ली।** पूर्व सीएम केजरीवाल ने रविवार दिल्ली की शकूर बस्ती से अमित शाह को चैलेंज किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने कई इलाकों की झुग्गी-झोपड़ियां तोड़ी हैं। अगर वह झुग्गीवालों को उसी जमीन पर मकान बनाकर देंगे तो मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। केजरीवाल ने भाजपा से यह भी कहा कि जिन झुग्गी-बस्ती वालों के केस कोर्ट में चल रहे हैं, आप वापस ले लीजिए। मैं चुनाव न लड़ने की गारंटी देता हूं। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा सभी झुग्गियां ध्वस्त कर देगी भाजपा अगर दिल्ली में सत्ता में आई तो वह पांच साल में सभी झुग्गियां ध्वस्त कर देगी। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे भाजपा का प्यार झुग्गी वालों के लिए बढ़ रहा है। बीजेपी के लोग झुग्गी वालो को कीड़े-मकोड़े समझते हैं।

### पप्पू यादव का 'बिहार बंद' का आह्वान

**पटना।** बीपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे बीपीएससी छात्रों के समर्थन में पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने 12 जनवरी को राज्यव्यापी 'बिहार बंद' का नेतृत्व किया। बीपीएससी 70वीं सीसीई परीक्षा में पेपर लीक के दावों के कारण, प्रदर्शनकारी छात्र इस एग्जाम को रद्द करने की मांग कर रहे हैं।

### बस की टक्कर से दो की मौत

**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर में चर्च जा रही दो बुजुर्ग महिलाओं को केएसआरटीसी की सरकारी बस ने टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि ओल्लूर में दोनों महिलाएं सड़क पार करने की कोशिश कर रही थीं। एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.

# पंजाब मोड़ पर चट्टान से टकराया ट्रोलर, बाल-बाल बचा चालक

## उदयपुर से जोधपुर जा रहा था लोहे के सरियों से भरा ट्रोलर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद/देसूरी।** चारभुजा थाना क्षेत्र के देसूरी घाट क्षेत्र के पंजाब मोड़ में लोहे के सरियों से भरा ट्रोलर अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकरा गया। हादसे में ट्रक का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन चालक मामूली चोटिल होकर गंभीर हादसे से बाल-बाल बच गया। चारभुजा थानाधिकारी गोवर्धनसिंह के अनुसार रविवार सवेरे करीब साढ़े आठ बजे एक ट्रैक्टर चालक शंभूसिंह ने फोन पर ट्रोलर के चट्टान से टकराने की सूचना दी। जिस पर वे एवं आसूचना अधिकारी कांस्टेबल जेठाराम, कांस्टेबल महिपालसिंह, छोटेलाल आदि मौके पर पहुंचे। केबिन से चालक को निकाल कर चारभुजा सीएससी पहुंचया। चालक उदयपुर से ट्रोलर में लोहे के सरिए भरकर जोधपुर जा रहा था। सुबह घाट सैक्शन से उतरते समय अनियंत्रित हो गया एवं ब्रेक नहीं लगने पर चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए पंजाब मोड़ के साइड़ में पड़ी बजरी पर ट्रोलर को चढ़ा दिया।



स्पीड तेज होने के कारण बजरी पर गुजरते हुए ट्रोलर चट्टान से टकरा गया। जिससे ट्रोलर का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया। ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया, अन्यथा ट्रोलर के सड़क के दूसरी तरफ करीब 40 फीट गहरी खाई में गिरने की प्रबल संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता था। ज्ञातव्य है कि इस मोड़ व घाट सैक्शन में दर्जनों हादसे हो चुके है एवं जिसमें कई लोग जान गंवा चुके है व कई घायल हो चुके है। इसी पंजाब मोड़ से 200 मीटर ऊपर आमेट के राचेड़ी विद्यालय से 65 बच्चों से भरी स्कूली बस के पलटने से तीन छात्राओं की मौत हो चकी है। प्रशासनिक अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों एवं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी तक ने समस्या के निस्तारण को एलिवेटर रोड बनवाने सहित अन्य सुरक्षात्मक उपायों के निर्देश दिए है। लेकिन पंजाब मोड में केवल साइड की दीवार तक ही कार्य सिमट कर रह गया है।

# बैठक में की वीर शिरोमणि राव कूंपाजी मूर्ति के अनावरण पर चर्चा

## तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** वीर शिरोमणि राव कूंपाजी की अश्वारूढ़ मूर्ति के राणावास में 31 जनवरी को अनावरण को लेकर आशापुरा माता मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में राव कूंपा जयंती महोत्सव समिति के अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह गुड़ा सुरसिंह एवं मंत्री भवरसिंह राठौड़ ने कार्य' म की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आयोजन में अधिकाधिक समाजबंधु भाग लें, इसके लिए कार्य व्यवस्था बनाकर क्षेत्रवार प्रभारी बना गांव-गांव जाकर आमंत्रण पत्र के साथ न्यौता दिया जाएगा। बैठक में अजयपालसिंह हेमावास राजपुत यूवा जिलाध्यक्ष, पूर्व प्रधान रानी, समंदरसिंह आकडावास, देसूरी प्रधान मानवेन्द्रसिंह पदमपुरा, प्रतापसिंह सरपंच सोनाई माझी, गोविंदसिंह ओडवाड़िया, वि' मसिंह गुड़ा



रामसिंह, छैलसिंह डुठारिया, रूपसिंह टेवाली, जन्मजयसिंह खारड़ा, जितेन्द्रसिंह मगरतलाव, जोरसिंह चौहान नाडोल, गोविंदसिंह पांचलवाड़ा, शक्तिसिंह श्रीसेला, महावीरसिंह , लक्ष्मणसिंह, सुरेन्द्रसिंह सहित कई समाजबंधु मौजूद थे।

## देवासी का मनाया जन्मदिन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** दूदापुरा ग्राम पंचायत के सरपंच दौलत देवासी का जन्मदिन केक काटकर व माला-साफा पहनाकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान के अध्यक्ष महेंद्र लोंगेशा, पूर्व कोषाध्यक्ष तुलसीराम बोस, अम्बेडकर परिसंघ के सुरेश भाटी सहित कई शुभचिंतमक व देवासी समाज के कई लोग मौजूद थे।

## कोहरे के आगौश में समाया रहा शहर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** समूचा शहर रविवार सुबह साढ़े 9 बजे तक कोहरे के आगौश में समाया रहा। विजिबिलिटी 10 मीटर से कम रही। ऐसे में वाहनों की लाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े। मौसम विभाग के अनुसार पाली का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री और अधिकतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। यहां 5 किमी प्रति घंटे की स्पीड से कोल्डवेव चली। लोगों ने अलाव तापकर और चाय की चुस्कियों के साथ सर्दी से राहत पाने का जतन किया। वॉकिंग पर निकने शहरवासी गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए।

# स्वामी विवेकानंद ने विश्व धर्म सम्मेलन में बजाया भारतीय सभ्यता संस्कृति का डंका : खर्रा

## प्रभारी मंत्री खर्रा ने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में सौंपे नियुक्ति पत्र

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय सभ्यता संस्कृति का विश्व धर्म सम्मेलन में डंका बजाया। स्वायत्त शासन मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह रविवार को जिला परिषद में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में आयोजित कार्य' म में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी जंयती को युवा महोत्सव के रूप में मनाते हुए युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर रही है। सरकार आमजन के कल्याण व युवाओं को रोजगार प्रदान की दिशा में प्रयास कर रही है। केन्द्र व राज्य सरकार संचालित विभिन्न कार्य योजनाओं के बारे में बताया और कहा कि हम सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह में मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी, सोजत विधायक शोभा चौहान भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य कार्य' म जयपुर से वर्चुअली दिखाया गया जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर से रोजगार उत्सव को सम्बोधित किया साथ विभिन्न योजनाओं व कार्यों का शिलान्यास और उदघाटन भी किया। जिला परिषद में आयोजित कार्य' म में नोडल अधिकारी कोषाधिकारी राकेशकुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में पुलिस विभाग के 112, चिकित्सा विभाग से 124, वित्त विभाग से 65 तथा शिक्षा विभाग से 6 कार्मिक सहित करीब ढाई सौ से अधिक नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नियुक्ति पत्र पाकर युवाओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर जिला कलक्टर एलएन मंत्री, जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलक्टर भवानीसिंह पंवार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मुकेश चौधरी, यूआइटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, कोषाधिकारी राकेशकुमार, सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल, सुनील भंडारी सहित कई जिला स्तरीय अधिकारी, कार्मिक व गणमान्य लोग मौजूद थे।

**नाडोल।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती को करियर डे के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में योगाचार्य भारती शर्मा, पूर्व राजस्थान किक्रेट रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी नियाज मोहम्मद जोधपुर, भामाशाह रमेश सुथार का आतिथ्य रहा एवं अध्यक्षता प्रधानाचार्य दलपतसिंह राजपुरोहित ने की। योगाचार्य शर्मा ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए तन व मन स्वस्थ रहना आवश्यक है। छात्र छात्राओं को योग, ध्यान, खेल के साथ आदर्श जीवन शैली व सकारात्मक सोच के साथ शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने छात्र छात्राओं को योग व ध्यान का अभ्यास करवाया। शिक्षक भरत शर्मा, सुजाराम चौधरी, राजेन्द्र वैष्णव



ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शो को जीवन में आत्मसात किए जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। प्रधानाचार्य राजपुरोहित ने अतिथियों का स्वागत किया। छात्राओं ने पोस्टर, भाषण व कविताओं के माध्यम से करियर व विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। विजेताओं को स्मृति चिन्ह व मैडल से सम्मानित किया गया। शिक्षक मुकेश गुर्जर ने कविता पाठ किया। समारोह में गुलाबराम, कैलाशसिंह राजपुरोहित, नेनाराम मौजूद थे। भामाशाह विजयराज परमार की ओर से विद्यालय परिवार सहित छात्र छात्राओं के लिए स्नेहभोज की व्यवस्था की गई।

**खिंवाड़ा।** कस्बे सहित आस-पास गांवों में रविवार को बाल सभा एवं विवेकानंद जयंती पर करियर डे का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी विद्यालय प्रांगण में संस्था प्रधान घीसाराम चौधरी के नेतृत्व में कक्षा प्री प्राइमरी से बारहवीं के विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन एवं रोजगारपरक शिक्षा का महत्व को बताया गया। वर्षा, खुशबू, कीर्ति आदि ने प्रस्तुति दी। छात्र धनराज की ओर से प्रस्तुत भारत म्हारों देश फुटरो, वेष धिन-धिन भारती गीत पर सभी झूम उठे। इस मौके पर विद्यालय की पूर्व छात्रा हेमलता वैष्णव के रग्बी खेल में नेशनल लेवल पर चयन होने पर खुशी जाहिर की गई। चंदनसिंह राजपुरोहित, कलावती, सुमन हरितवाल आदि उपस्थित थे।

# प्रनीती सिंह चौधरी करेंगी राजस्थान टीम का नेतृत्व

## उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों में करेंगी शिरकत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** उत्तराखंड में आगामी 29 जनवरी से 4 फरवरी तक भारत के खेलों का ओलिंपिक 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी राज्यों, केंद्र शासित राज्यों व सेना टीम, भारतीय पुलिस टीम व रेलवे टीमें भाग लेंगी। हिन्दुस्तान डिफेन्स एकेडमी के निदेशक व राष्ट्रीय खेल कोच भैराराम चौधरी ने बताया कि सुमेरपुर निवासी प्रनीति सिंह चौधरी राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रनीति सिंह राष्ट्रीय खेलों में लक्ष्य हासिल करने के लिए हिन्दुस्तान डिफेन्स एकेडमी में कठोर परिश्रम प्राप्त कर रही है। प्रनीति सिंह चौधरी तैराकी में 200 मीटर व 400 मीटर फ्रीस्टाइल इवेंट में भाग लेंगी। साथ ही 200 मीटर इंडिजुअल मिडले में भी अपना प्रदर्शन करेगी। राष्ट्रीय खेल प्रशिक्षक भैराराम चौधरी ने बताया कि प्रनीति सिंह चौधरी राजस्थान में पिछले 5 वर्षों से बेस्ट स्वीमर ऑफ राजस्थान का खिताब जीत चुकी है। साथ ही राष्ट्रीय स्कूल गेम्स व नेशनल फेडरेशन सीनियर तैराकी चैंपियनशिप में भी मेडल जीत चुकी हैं। प्रनीति सिंह चौधरी ने इस कामयामी का श्रैय अपनी माता सविता चौधरी व पिता ज्ञानेन्द्र सिंह चौधरी को दिया। हाल में विद्या आश्रम स्कूल जयपुर में शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। क्षेत्र



की राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान टीम में प्रनीति सिंह क चयन होने पर जिला एथलेटिक्स संघ सचिव हरदेव आर्य, तीरंदाजी संघ के सचिव अरुण आर्य, कुश्ती संघ के गंगाराम गोयल, योगासन संघ के अध्यक्ष रतनसिंह देवड़ा, मुक्केबाजी संघ के गोविंद सुआरा, सनातन धर्म समिति के प्रकाश कुमावत, अभिभावक संघ के सुमेरसिंह राजपुरोहित, निजी शिक्षण संस्थान के विष्णु परिहार, राजस्थानी कला आर्ट के कैलाश सोनी व अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

## शिविर में जांचा 465 मरीजों का स्वास्थ्य

### ऑपरेशन के लिए 65 लोग चिह्नित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** समीपवर्ती सरथूर गांव में ब्यूटीफुल ग्रुप मुंबई के सौजन्य से लायंस क्लब रानी व बडोद सरपंच गोविंदपुरी के तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रेमपुरी ने बताया कि शिविर में जनरल फिजिशियन, नाक कान गला विभाग, सर्जरी विभाग, चर्म रोग विभाग, शिशु रोग विभाग के डॉक्टरों द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में 465 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा गया एवं परामर्श दिया गया। 65 मरीजों को ऑपरेशन के लिए लायंस क्लब रानी ले जाया गया। शिविर में सरपंच गोविंदपुरी, समाजसेवी नरेंद्र नाथाराम चौधरी, प्रमोद सीरवी, प्रेमपुरी, डूंगाराम सीरवी भी मौजूद रहे।

## पुलिस ने वाहनों के काटे चालान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित मय जाब्ते ने हरीओम आश्रम स्थित सड़क मार्ग पर सड़क सुरक्षा सपताह को लेकर नाकाबंदी के दौरान कई वाहनों के चालान बनाए गए। इस दौरान आने जाने वाले समस्त वाहनों की गहनता से जांच की। बिना कागजात, बिना सीट बेल्ट व बगैर हेलमेट के वाहन संचालन करने एवं काले शीशे पाए जाने पर दो दर्जन के करीब वाहनों के चालान काटे गए। थानाधिकारी द्वारा वाहन चालकों को दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने एवं चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने के साथ यातायात नियमों की पालना की हिदायत दी। इस दौरान हेड कांस्टेबल मेघाराम चौधरी, आसूचना अधिकारी राकेशकुमार, रामचंद्र वर्मा, दिनेशकुमार, बंशीलाल जाखड़, लीलाधर भार्गव, चालक श्रवणकुमार, हिम्मत सोलंकी आदि मौजूद थे।



# वर्तमान व्यवस्था में भागीदारी बढ़ाने संविधान को समझना आवश्यक : पाटोदा

## क्षत्रिय युवक संघ के आनुषंगिक संगठन क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन का स्थापना दिवस मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** क्षत्रिय युवक संघ के आनुषंगिक संगठन क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन का सातवां स्थापना दिवस रविवार को सुमेरपुर स्थित मानसरोवर वाटिका में मनाया गया। कार्य' म में इस वर्ष क्षात्र धर्म और भारतीय संविधान विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्य' म का शुभारंभ संगठन के संस्थापक तनसिंह की तस्वीर के समक्ष पूजा अर्चना और मंगलाचरण से हुआ। दिग्विजय सिंह कोलीवाड़ा ने कार्य' म की भूमिका एवं फाउंडेशन का परिचय देते हुए कहा कि इस वर्ष संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में फाउंडेशन का सातवां स्थापना दिवस क्षात्र धर्म और भारतीय संविधान विषय पर विचार गोष्ठी के रूप में मनाया जा रहा है। संघ के जालोर संभाग प्रभारी अर्जुनसिंह देलदरी ने संघ की कार्यप्रणाली एवं संघ के संस्थापक तनसिंह के बारे में विस्तार से बताया। कार्य' म के प्रथम वक्त ा के रूप में परबतसिंह खिंदारा गांव ने भारत के संविधान की रूप रेखा को बताया एवं उसे सरल भाषा में समझाया। प्रकाशसिंह भदरू ने बल्लूजी चम्पावत के बलिदान को याद करते क्षात्र धर्म की पालना का आह्वान किया।



**यह भी रहे मौजूद**

*कार्य' म में कैप्टन सरदारसिंह बलावत, जितेंद्रसिंह गिलाकोर सीओ सुमेरपुर, प्रतापसिंह बिटिया, झरमलसिंह खिंवाड़ी, यशवंतसिंह जाखोड़ा, चंदनसिंह शेखावत, गजेन्द्रसिंह वरावल, हीरसिंह लोड़ता, मोहब्बतसिंह धींगाना, ईश्वरसिंह सरण का खेड़ा, सुमेरसिंह उथमण, अर्जुनसिंह बारेवड़ा, उम्मेदसिंह ऊण, इंदरसिंह नारवणा, चैनसिंह मालारी एवं फाउंडेशन के पाली जालोर सिरोही के सहयोगियों सहित समाजबंधु उपस्थित रहे।*

उन्होंने कहा व्यवस्था में भागीदारी के लिए संघर्ष जरूरी है। संघ के केंद्रीय कार्यकारी रेवंतसिंह पाटोदा ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम से लेकर भगवान कृष्ण, महात्मा बुद्ध, बप्पा रावल, महाराणा प्रताप, दुर्गादास राठौड़ एवं वर्तमान समय तक की परिस्थितियों में क्षत्रियों के संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था में किस तरह क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन कार्य कर समाज की व्यवस्था में हिस्सेदारी बढ़ाएं इसके लिए प्रयास कर रहा है, उस पर भी प्रकाश डाला। भारत के संविधान की प्रस्तावना के सभी बिंदुओं पर भी बात करते हुए उन्होंने पूर्वजों के जीवन मूल्यों से परिचय करवाते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था में भागीदारी बढ़ाने संविधान को समझना आवश्यक है।

# फीजियोथेरेपी एवं शुगर जांच शिविर में 88 मरीजों ने लिया लाभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट की प्रेरणा से री-एक्टिव फिजियोथेरेपी व रिहेब की ओर से रविवार को फिजियोथेरेपी एवं शुगर का निःशुल्क केम्प आयोजित किया गया। जिसमें 88 मरीजों ने लाभ लिया। ट्रस्ट सदस्य व शिविर संयोजक सुरजीत राठौड़ व नंदिनी शर्मा ने बताया कि कैम्प का शुभारंभ ट्रस्ट के संस्थापक व अध्यक्ष पंकजराज मेवाड़ा, डॉ. कमलेश, डॉ. अयोध्याप्रसाद वैष्णव, डॉ. विनोद सुथार व नेनमल सोनी द्वारा भगवान की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मेवाड़ा ने कहा कि आमजन में आधुनिक जीवन शैली और खान-पान की वजह से एवं विटामिन बी-12 व डी-3 की कमी के कारण घुटने, कमर, कोहनी दर्द व शरीर में जकड़न आदि रोग हो जाते हैं। आमजन को रोग मुक्त करने निःशुल्क शुगर, बीपी जांच व फिजियोथेरेपी केम्प का आयोजन किया गया है जो सवेरे 10 से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें 88 मरीजों ने लाभ लिया। इस मौके पर ट्रस्ट संरक्षक नेनमल सोनी, झूमरलाल गर्ग, डॉ. कमलेश, गजेश गर्ग, राजू प्रजापत, अंजली अग्रवाल, नंदनी शर्मा, जानम राजपुरोहित, सुरजीत राठौड़, पूनम भारद्वाज, राकेश भाटी, भूमिका राजपुरोहित सहित ट्रस्ट सदस्य व आमजन ने सहयोग किया।

## शिविर में 227 रोगियों का जांचा स्वास्थ्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती पिलोवनी पंचायत मुख्यालय पर रविवार को जन अस्पताल पाली व दिवंगत रामसिंह राजपुरोहित ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर कांग्रेस नेता शिशुपालसिंह राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य व पिलोवनी सरपंच किशोरसिंह राजपुरोहित के आतिथ्य में आयोजित किया गया। पूर्व आइएएस श्यामसिंह राजपुरोहित व युद्धिसिंह राजपुरोहित के अनुसार शिविर में 227 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें परमार्श के साथ निःशुल्क दवा वितरित की गई। इस अवसर पर पूर्व उप सरपंच योगेश राजपुरोहित, नवनीतसिंह, रामसिंह राजपुरोहित, चतुर्भुजसिंह राजपुरोहित, महिपालसिंह, नरपतसिंह, दिनेशसिंह आदि का सहयोग रहा।



## शिक्षक संघ का प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 17 से अजमेर में

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन एवं शिक्षिका सेना का दो दिवसीय संयुक्त प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 17 व 18 जनवरी को अजमेर में आयोजित किया जाएगा। संघ के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश मेवाड़ा मुंडारा एवं जिलाध्यक्ष रघुवीरसिंह मीणा ने बताया की प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन में न्यू एजुकेशन पॉलिसी के परिपेक्ष्य में मंथन किया जाएगा। सथ ही शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श के बाद प्रस्ताव पास कर प्रतिवेदन राज्य सरकार को भेजा जाएगा। जिला मंत्री शैतानसिंह सिसोदिया, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्रवण मालवीय, देसूरी ब्लॉक अध्यक्ष रमेश वछेटा, बाली ब्लॉक अध्यक्ष कलाराम सोलंकी, सुमेरपुर ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण मीणा, मारवाड़ जक्शन अध्यक्ष रमेश भाटी सहित अन्य पदाधिकारी तैयारियों में जुटे है।